जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, रविवार 8 दिसम्बर, 2024

सत्यमेव जयते

Government of Rajasthan

RISING™ RAJASTHAN

9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

REPLETE • RESPONSIBLE • READY



SHRI BHAJAN LAL SHARMA
Hon'ble Chief Minister, Rajasthan

SHRI NARENDRA MODI
Hon'ble Prime Minister

# RAJASTHAN IS READY

Replete, responsible and ready... Rajasthan welcomes eminent guests – hon'ble political leaders and ambassadors, business leaders, speakers, exhibitors, startups – from across the world to Rising Rajasthan Global Investment Summit.

The Summit is a milestone event in the State's new journey towards rapid economic progress and employment generation.

Let us get together and recommit ourselves to an enduring partnership for sustainable development and shared prosperity.

SHRI NARENDRA MODI
Hon'ble Prime Minister
will inaugurate the Summit

- 9 DEC — Inauguration & Opportunity Showcase
- 10 DEC — Pravasi Rajasthani Conclave
- 11 DEC — MSME Conclave
- All Days — Rajasthan Global Business Expo
- 32 — Partner & Participating Countries
- 21 — Thematic & Country Sessions

PARTNER COUNTRIES (17)

Argentina, Brazil, Costa Rica, Cuba, Denmark, Japan, Malaysia, Morocco, Nepal, Oman, Poland, Singapore, South Korea, Spain, Switzerland, Thailand, Venezuela

PARTICIPATING COUNTRIES (15)

Australia, Chad, Ecuador, Egypt, Finland, Germany, Ghana, Indonesia, Iraq, Madagascar, Paraguay, Russia, Seychelles, The UK, Zimbabwe

These flag graphics are representative only.

Rajasthan Samwad

rising.rajasthan.gov.in

Department of Industries & Commerce,
Government of Rajasthan

Summit Industry Partner

CII Confederation of Indian Industry

Nodal Offices

Bureau of Investment Promotion Rajasthan

RIICO Grow with Rajasthan

Rajasthan Foundation



## विचार बिन्दु

**दीपक सोने का हो या मिट्टी का मूल्य दीपक का नहीं उसकी लौ का होता है जिसे कोई अँधेरा नहीं बुझा सकता। –विष्णु प्रभाकर**

# महर्षि अग्निवेश के कल्याणकारी प्रश्न

प्रश्न पूछना और उनका उत्तर देना एक गंभीर कला है। इसमें पूर्व से उपलब्ध साहित्य, संहिताओं, वैज्ञानिक ज्ञान और अनुभवजन्य ज्ञान की समग्रता को समेटना पड़ता है। आज से कम से कम 5000 वर्ष पूर्व ऐसे ही कुछ कल्याणकारी प्रश्न आचार्य अग्निवेश ने अपने गुरु भगवान आत्रेय से पूछा था।

दरअसल, आयुर्वेद को पूर्ण विस्तार से समझाने–समझने के बाद आचार्य अग्निवेश को लगा कि आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन एवं औषधियों के संदर्भ में भगवान आत्रेय प्रत्येक विषय को सम्हालने के लिये अनेकानेक कारक स्पष्ट किये हैं। तो क्या इन तमाम कारकों में से कुछ ऐसे कारक नहीं हैं जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण हों? आचार्य अग्निवेश अपनी जिज्ञासा नहीं रोक पाये और अंत में गुरुदेव से पूछ ही लिया।

गुरुश्रेष्ठ! आपने आयुविज्ञान को बहुत विस्तारपूर्वक समझाया। जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित करने वाले अनेकानेक कारक बताये। परन्तु इन कारकों में कोई तो सबसे महत्वपूर्ण या श्रेष्ठतम होगा? क्या प्राणवर्धन करने वालों में एक, बलवर्धन करने वालों में एक, बृंहण या वृद्धि करने वालों में एक, नंदन या समृद्धि करने वाले कारकों में एक, मन को प्रसन्न करने वालों में एक, और मार्गों में एक सर्वश्रेष्ठ मार्ग है? ––आचार्य अग्निवेश ने पूछा।

आचार्य अग्निवेश के इन प्रश्नों को आप हल्के में नहीं ले सकते। क्यों? बात यह है कि प्राणवर्धन का सबसे महत्वपूर्ण कारक जान लेने से दीर्घायु या लंबी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण सूत्र तो मिल जायेगा किन्तु ऐसी लम्बी आयु किस काम की है जो बलवान या ऊर्जावान न हो, जो बृंहण या वृद्धि से समुचित भरपूर न हो, जिसमें समृद्धि और प्रसन्नता न हो, और अंततः जिसमें सद्गित या मोक्ष न मिले। इसलिये आचार्य अग्निवेश द्वारा पूछे गये प्रश्नों का यह समुच्चय बेहद रोचक, गूढ़ और कल्याणकारी है। दुर्भाग्यवश, चरकसंहिता के तमाम व्याख्याकार इन प्रश्नों की गहराई, गूढ़ता और निहितार्थ को कभी नाप नहीं पाये। इसलिये आज की चर्चा इन प्रश्नों पर है।

इस प्रश्नों पर भगवान आत्रेय द्वारा दिया गया उत्तर कई कारणों से महत्वपूर्ण हो जाता है। इनकी चर्चा हम करेंगे, पर पहले उत्तर देखिये।

आयुर्वेद को जानने वाले ऐसा मानते हैं कि प्राणियों के प्राण बढ़ाने वाले कारकों में सबसे श्रेष्ठ अहिंसा, बलवर्धन करने वालों में वीर्य (जोश, बहादुरी या वीर्य) बहादुरी, बृंहण या वृद्धि करने वालों कारकों में विद्या, समृद्धि करने वालों में इंद्रियों पर विजय, मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में तत्वज्ञान या सच्चाई का ज्ञान, और मार्गों में ब्रह्मचर्य सबसे उत्कृष्ट है। –आत्रेय का उत्तर था।

आत्रेय के उत्तरों की तीन विशिष्टतायें देखना आवश्यक है। पहली विशेषता यह है कि उत्तर में जिन एक–एक सर्वश्रेष्ठ कारकों को दर्शित किया गया है उनमें एक भी द्रव्य नहीं है बल्कि सभी अद्रव्य कारक हैं। जीवन में केवल द्रव्य ही महत्वपूर्ण नहीं हैं बल्कि अद्रव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हो सकते हैं। उदाहरण के लिये प्राणवर्धक तो आहार भी है किन्तु अहिंसा ही उत्कृष्ट है क्योंकि हिंसा प्राणघातक और अहिंसा प्राणवर्धक होती है। अद्रव्य होने से हम इनका सदैव और अनवरत उपयोग तो कर ही सकते हैं, साथ ही ये बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक लागत हमें सदैव उपलब्ध हैं। दूसरी विशेषता यह है कि आत्रेय ने यहाँ उत्तर केवल अपने ज्ञान को आधार मानकर नहीं दिया। यहाँ पर उन्होंने प्रश्नों का उत्तर देने के लिये उस वैज्ञानिक विधि का सहारा लिया है जिसे वर्तमान में एक्सपर्ट–जजमेंट के नाम से जाना जाता है। यही कारण है कि आत्रेय ने अपने उत्तर में इस स्पष्टीकरण का समावेश किया है कि आयुर्वेद को जानने वाले ऐसा मानते हैं। इसका अर्थ यह है कि तत्समय में आयुर्वेद के विद्वानों के मत का निचोड़ आत्रेय ने अग्निवेश को दर्शित किया है। आत्रेय के इन उत्तरों का स्पष्ट अभिप्राय यह भी है कि ऐसा केवल मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि मैंने आयुर्वेद के विद्वानों के मध्य उपलब्ध ज्ञान को एक्सपर्ट–जजमेंट के आधार पर प्राप्त कर, आज की भाषा में कहें तो प्रिंसिपल कॉम्पोनेंट एनलिसिस से ज्ञात हुआ सबसे महत्वपूर्ण कारक दर्शित किया है। यहाँ एक महत्वपूर्ण सन्देश यह भी है कि जब प्रश्न का उत्तर व्यापक प्रयोज्यता के लिये हो या अनेक कारकों में से एक प्रधान कारक की खोज पर चिंतन चल रहा हो तो अनेक विद्वानों के विचार को समाहित कर समग्र उत्तर देना उपयोगी है। तीसरी बात यह है चरकसंहिता में यह प्रसंग वस्तुतः हृदय रोगों से बचाव के वर्णन के तुरंत बाद निरंतरता में आया है। इस तथ्य के प्रकाश में देखने पर एक यह सन्देश भी स्पष्ट होता है कि अहिंसा, वीर्य, विद्या, इन्द्रियजय, तत्वबोध और ब्रह्मचर्य जैसे अद्रव्य, किन्तु सभी नागरिकों पूर्णतः क्रियान्वयन–योग्य, भावों की हृदय रोगों से बचाव में भी विशेष भूमिका है। यदि इस दिशा में ध्यान दिया जाये तो भारत को हृदयरोग सहित तमाम गैर–संचारी रोगों की वैश्विक राजधानी होने के कलंक से मुक्ति मिल सकती है।

> **आयुर्वेद का मत है कि मैथुन की अधिकता से अनेक रोग होते हैं किन्तु यदि सेक्स की इच्छा को दबाया जाता है या शुक्र-वेग धारण किया जाता है तो स्वास्थ्य-विषयक अनेक समस्यायें जैसे जननेंद्रिय, टेस्टिकल्स, शरीर और हृदय में दर्द, और मूत्र-विसर्जन में रुकावट और दर्द के लक्षण खड़े हो जाते हैं। मैथुन न करने से प्रमेह, मोटापा, तथा शारीरिक शिथिलता होती है।**

इस चर्चा का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? वस्तुतः इस बात को समझने के लिये उत्तरों के निहितार्थ समझना आवश्यक है। सबसे पहला सन्देश तो यह है कि केवल लंबी आयु किसी काम की नहीं है। बीमार शरीर में लम्बे समय तक प्राण तो अटके रह सकते हैं परन्तु ऐसी आयु सुखायु और हितायु की श्रेणी में नहीं गिनी जाती। आयु ऐसी हो जिसमें मानसिक और शारीरिक बल और वृद्धि हो, समृद्धि हो, आनंद हो और जो इन्द्रिय–संयम के मार्ग पर चले। इन प्रश्नों और उत्तरों में इस महत्वपूर्ण समुच्चय का पूरा पूरा ख्याल रखा गया है।

अहिंसा प्राणवर्धक कारकों में श्रेष्ठतम कैसे है? दरअसल, हिंसा के सभी प्रकार, डांट–डपट, चिल्लाना, मारपीट करना, प्रताड़ित करना आदि जीवित कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इन्फ्लेमेशन को बढ़ा देते हैं। ऐसी दशा में बुढ़ापा जल्दी आता है और समय–पूर्व मृत्यु की संभावना बढ़ती है। स्वाभाविक है कि अहिंसा प्राणवर्धन में सबसे श्रेष्ठ है।

इसी प्रकार बल को बढ़ाने वाले कारकों में वीर्य सबसे बेहतर है। वीर्य या जोश आत्मविश्वास को बढ़ाता है। व्यक्ति को बलशाली बनाने में जोश का अद्वितीय योगदान रहता है। इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा पड़ा है जब सेना–नायकों ने अपनी फौज में जोश दिलाकर हारे हुये युद्ध जीते हैं।

बृंहण या वृद्धि करने वाले कारकों में विद्या को सबसे उत्तम माना गया है। विद्या केवल मन और शरीर का बृंहण नहीं करती, बल्कि जीवन की समग्रता का बृंहण होता है। वस्तुतः शारीरिक और मानसिक विकास में विद्या, जिसमें ज्ञान और कौशल शामिल हैं, का बड़ा योगदान है। जानकारी,ज्ञान कौशल के बिना शरीर का पोषण या वृद्धि नहीं हो सकती। विद्या–विहीन व्यक्ति आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन और औषधियों के महत्त्व को कभी नहीं समझ सकता। और इन सबकी समझ और क्रियान्वयन के बिना समुचित मानसिक और शारीरिक पोषण, विकास या वृद्धि नहीं होती।

समृद्धि देने वाले कारकों में इंद्रियों पर विजय सबसे महत्वपूर्ण है। वास्तव में आंख, नाक, कान, जीभ व चमड़ी मन के नियंत्रण हों तो रोग नहीं होते। आरोग्य या रोगरहित हुये बिना समृद्धि नहीं प्राप्त हो सकती। असल में आरोग्य के बिना अर्थ, धर्म, काम या मोक्ष कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता। जीवन में खुशी चाहिये तो याद रखिये कि आरोग्य ही सुख है और विकार ही दुःख है। इसीलिये समृद्धि में इन्द्रिय–जय का अद्वितीय योगदान है।

प्रसन्नता देने वाले कारकों में तत्वबोध या सच्चाई का ज्ञान सबसे महत्वपूर्ण कारक है। यथार्थ ज्ञान के बिना व्यक्ति निरुद्देश्य भटकता रहता है। ऐसे व्यक्ति जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों को भी नहीं साध पाते। तत्वबोध मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में इसीलिये सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

अंततः, मार्गों में ब्रह्मचर्य सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। ब्रह्मचर्य का मूल दर्शन वस्तुतः मैथुन के पूर्ण प्रतिबन्ध पर नहीं बल्कि इन्द्रिय–संयम और आत्म–नियंत्रण पर केन्द्रित है। आयुर्वेद का मत है कि मैथुन की अधिकता से अनेक रोग होते हैं किन्तु यदि सेक्स की इच्छा को दबाया जाता है या शुक्र–वेग धारण किया जाता है तो स्वास्थ्य–विषयक अनेक समस्यायें जैसे जननेंद्रिय, टेस्टिकल्स, शरीर और हृदय में दर्द, और मूत्र–विसर्जन में रुकावट और दर्द के लक्षण खड़े हो जाते हैं। मैथुन न करने से प्रमेह, मोटापा, तथा शारीरिक शिथिलता होती है। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों में भी इन तथ्यों की पुष्टि होती है। इन समस्याओं से बचने के लिये पति–पत्नी के मध्य प्रगाढ़ शारीरिक रिश्ते क्लिनिकल दृष्टि से उचित और स्वास्थ्य के लिये हितकर हैं। चरकसंहिता में वाजीकर द्रव्यों और अद्रव्यों के माध्यम से चिकित्सा का विस्तृत वर्णन यह स्पष्ट रूप से सिद्ध करता है कि गृहस्थों के लिये सेक्स पूर्ण–त्याज्य कभी नहीं रहा। पर इस बात को ध्यान रखें कि इन्द्रियों के संयम के बिना मानव का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय अस्तित्व सदैव संकट में ही रहता है।

ध्यान दीजिये आचार्य अग्निवेश के प्रश्न और आत्रेय के उत्तर वस्तुतः जीवन की समग्रता और उसे सम्हालने वाले श्रेष्ठ कारकों को समेटे हुये हैं। यहाँ केवल प्राणवर्धन या दीर्घायु मात्र का सूत्र जानने की जिज्ञासा नहीं है बल्कि ऐसे सूत्र जानने की जिज्ञासा है जिसमें दीर्घायु, हितायु और सुखायु अपनी समग्रता में हो। ऐसी लम्बी उम्र किस काम की होगी जिसमें शरीर में बल न रहे। इसीलिये दूसरा प्रश्न बलवर्धन पर केन्द्रित है। इसी प्रकार, लम्बी आयु और बल के साथ–साथ वृद्धि, समृद्धि और हर्ष और अंततोगत्वा सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग को समझने का प्रयास किया गया है।

हितकारी और सुखकारी जीवन ही जीने योग्य जीवन है। आचार्य अग्निवेश के प्रश्नों और उनके महान गुरु आत्रेय द्वारा दिये गये उत्तरों के निहितार्थ समझिये। और उसी के अनुरूप अहिंसा, वीर्य, विद्या, इन्द्रियजय, तत्वबोध और ब्रह्मचर्य को सहेजिये। ये अद्रव्य कारक बिना किसी अतिरिक्त धन का निवेश किये आपके पास सदैव उपलब्ध हैं। आजीवन मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सुखी रहेंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# मनुष्य एवं पशु श्रेणी के हित में सरकार उन पर हिंसकता की पक्षधर क्यों?



**प्रो. वीर बहादुर सिंह**

यह लेख लिखने की मेरी मंशा बलवती इसलिए हुई कि विगत एक–डेढ़ दशक से प्रिंट मीडिया और टेलीविज़न पर ऐसी ख़बरों की भरमार है जैसी देश में पहले कभी न सुनी और न देखी। अब मारकाट, हिंसा, पशु वध, पशुओं विशेष रूप से सड़क के कुत्ते और सबसे ऊपर बालिका बलात्कार और फिर उसका वध। कुछ अवसरों पर पालतू कुत्ते भी अनायास ग्रुप में किसी पर भी आक्रमण कर घायल कर देते हैं। पालतू और जंगलों के हिंसक पशु अब आये दिन आबादी क्षेत्र में घुस कर सड़क के कुत्तों अथवा जो भी अकेला प्राणी चाहे आदमी हो या महिला, व्यस्क हो अथवा बालक, बूढ़ी औरत हो, आदि को अपना शिकार समझ अचानक हमला कर घायल कर देते हैं। शिकार वजन में हल्का हो तो उसे मुहं में दबा कर कही एकांत जगह पर उसे खा जाते हैं। अरब के कुछ देशों में जंगली हिंसक पशुओं को बादशाओं द्वारा पालने का चलन तो है अन्य कही नहीं। अब तो बघेरा, पैंथर, लकडभग्गे, सियार और कुछ घरों में रोटी पाने वाले तथाकथित अधकचरे पालतू कुत्ते भी हिंसक होकर सड़क चलते मनुष्यों, छोटे बच्चो, अकेली चारा लाती/काटती महिला आदि को अनेक स्तिथिओं में हमला कर घायल कर देते हैं या मार देते हैं।

शहरों में सम्बंधित विभाग के कर्मचारी शिकायत मिलने पर ऐसे कुत्तों को पकड़ने का नाटक तो प्रायः करते हैं परन्तु किसी दूसरी कॉलोनी/जगह पर उन्हें मुक्त कर देते हैं। किसी को क्या पड़ी है? उन कुत्तों को उनके रिहायसी क्षेत्र से विस्थपित करना। राजस्थान के कुछ जिलों में फिलहाल पैंथर की आवक काफी चर्चा में रही, कई स्थानों पर पिजरे लगाए गए लेकिन ख़ास मेहमान झांसे में नहीं आये और संभवतः अपने लिए खतरा भांप कर किसी दूसरे क्षेत्र में पलायन कर गए। ग्रामीण परिवेश के लोगों ने संतोष की सांस ली।

अभी राजस्थान के कुछ स्थानों पर पैंथर का बड़ा खौफ रहा। हर दिन एक न एक खबर पैंथर द्वारा हमले की पढ़ने को मिलती रही। मेरी रूचि केवल ऐसी खबर तक ही सीमित रही क्योंकि मैं देख रहा था कि आखिर सरकारी महकमे इस बावत क्या करते हैं? याद रहे सरकारी कर्मचारी जो ऐसे कामों में लगाए जाते हैं उनके भी परिवार होता है, बच्चे होते हैं, रात को घर पर सभी उनकी बाट जोहते हैं। परन्तु सरकारी तंत्र ऐसी स्थिति में भी निर्लिप्त बनी रहती है क्योंकि उनके किसी घर वाले की जान को जोखिम नहीं होता, बाकी मरते रहो। जंगली जानवरों से दो–चार होने पर यदि आदमी केवल लाठी–डंडे से हिंसक पशु पर काबिज होना चाहे तो असंभव है।

फायर आर्म अथवा बंदूकें तो पुलिस वालों से तो आज़ादी की उपरांत बहुत पहले ही मालखाने में जमा करवाली और एक तीन फ़ीट का बांस का डंडा या बेंत पकड़ा दिया। अब बेटा लोकतंत्र/प्रजातंत्र है हिंसक चाहे पशु हो अथवा मानव सभी अपने स्वभाव अनुरूप व्यवहार करने को स्वतंत्र हैं। पहले घटना को घट लेने दीजिये फिर पुलिस पशु/प्राणी की उपयोगिता समझ अनुकरणीय कार्यवाही शुरू करेगी। घटना घटी नहीं और हो–हल्ला मचाना शुरू करना अवांछनीय तो है ही लोक तंत्र में किसी एक के प्रति दुर्भावना और अवांछनीय कृत्य भी अपराध ही माना जायेगा।

इसलिए आज़ादी के बाद हमारी सरकार ने जो जो कदम सबकी आज़ादी के लिए उठाये वे सभी दृष्टिओं से कानूनन और सर्व ग्राही ही माने जाते हैं। ऐसी घटनाओं में यदि कोई मानव प्रजाति का मर जाता है तो सरकार बिना देर किये अपना अमला वहां भेज कर आर्थिक मदद/सहायता की घोषणा करवा देती है और इस प्रकार मामला निपट जाता है। ऐसे शिकार और शिकारी आये दिन कुछ न कुछ करते ही रहते हैं और गाँव/ढाणीओं में जीवन थोडे से ठहराव के बाद पुनः बहाल हो जाता है जैसे कुछ हुआ ही नहीं। अनेक स्थानों पर मेहमान को कैद करने के लिए पिंजडों को भी लगाया गया लेकिन मेहमान मानव के झांसे में नहीं फसे और किसी अन्य जिले की तरफ पलायन कर गए।

मैंनें काफी वर्ष पूर्व एक प्रसिद्ध आदमखोर टाइगर (दुगड्डा मैनेटर) का किस्सा सुना था, यह टाइगर आदमखोर हो चुकी थी और व्यस्क थी, दुगड्डा उत्तराखंड में स्थित है। उस आदमखोर टाइगर का कुछ समय के लिए बड़ा खौफ और आतंक था। उसे तब मारने के लिए भी कोई दुस्साहस नहीं कर सका था। फलस्वरूप मशहूर वन विशेषज्ञ, जिनके नाम से नैनीताल के पास उस सैंक्चुअरी का नाम रखा गया उन्हें विदेश से बुलाना पड़ा था। उनका नाम था जिम कॉर्बेट। उत्तराखंड के पुराने लोग अभी भी दुगड्डा आदमखोर टाइगर(बाघ) और जिम साहब को याद करते हैं। कोटद्वार से सड़क मार्ग से जब ऊपर लैंसडौन जो एक फौजी छावनी कैंप भी है, उस रुट पर लैंसडौन से लगभग पच्चीस किलोमीटर पहले एक क़स्बा जिसे दुगड्डा कहते हैं, स्थित है। अभी तक के मानव और हिंसक पशु कन्फ्लिक्ट में दुगड्डा आदमखोर सबसे मशहूर है। लैंसडौन से हिमालय की चीन की तरफ की बर्फीली पहाड़ी चोटियां वहां से दिखाई देती हैं।

आज़ादी के बाद चरागाह लुप्त, वन लुप्त, जंगली पेड़–पौधे नदारद और अन्तोगत्वा जंगली जीव जिसमें पक्षी भी शामिल हैं, सभी लुप्त, कहाँ गए ये सब? इतनी आज़ादी मिली कि हम सब मारकर खा गए और चरागाह पेड आदि काट कर ईधन अथवा अन्य किसी काम में ले लिए गए। कहने का तात्पर्य कि आज़ादी के बाद मानव की भूंख इतनी बढ़ी कि कुछ छोड़ा ही नहीं। मानव के एक खास वर्ग का पेट (तोंद) देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है कि तोंद के आकार और भण्डारण क्षमता में इतना विशाल परिवर्तन आखिर हुआ क्यों और कैसे?अब अगर हिंसक पशु जंगल में अपना आहार लेने में समर्थ नहीं हैं तो वे आबादी की तरफ ही अग्रसर होंगे और मनुष्य सहित सभी प्राणिओं को अपना शिकार बनायेगे इसमें कोई संशय नहीं। सरकार ने हिंसक वन्य जानवरों के लिए अब सैंक्चुअरी बना कर बंधक बनाया हुआ है। उनके आहार के लिए कटे हुए पालतू पशुओं का मांस भिजवाया जाता है। क्या इस प्रणाली से वन्य और हिंसक पशु सहज रह सकेंगे ?

जयपुर की ही एक घटना है वहां जो व्यक्ति बाघ के रहने की जगह सफाई करता था बाघ ने उसे उसके गहरे चैम्बर में जाते ही दबोच लिया और शरीर के चीथड़े कर दिए। सरकार को अपनी सोच बदलनी होगी कि ऐसे हिंसक जानवरों को कभी पालतू नहीं बनाया जा सकता। कुछ अरब देशों के बादशाहों की नक़ल करना सरकारें त्यागें, अन्यथा हिंसक पशुओं की देखरेख करने वाले लोग हिंसक पशुओं के शिकार ही बनेगे।

मैंने सुना है की राजस्थान और मध्यप्रदेश की सरकारें चीता अन्य देशों से मगाकर अपने प्रांतों में आज़ाद विचरण के लिए छोड़ना चाहती है। दोनों प्रांतो की सरकारों से वहां की जनता पूंछे कि ग्रामीण परिवेश में रहने वाली जनता के लिए ये खतरा क्यों बनाना चाहती है। जिस सरकार से अपनी आबादी ठीक से नहीं सभल पा रही, हिंसक पशुओं को संभालने के लिए उनके पूर्वज देव लोक से पृथ्वी पर उतरेंगे क्या? बेहूदा सोच, मानसिक दिवालियेपन का द्योतक और मानव हित के कार्यों से ध्यान भटकाने की मंशा।

अधिक और लिखने की मेरी मंशा नहीं, विवेकशील को इशारा काफी। अन्यथा मैं फिर अपनी बात दोहराऊंगा कि आज़ादी से पूर्व हम भले ही गुलाम रहे हों, वर्तमान से कहीं अधिक सुरक्षित और स्वतंत्र थे। अपनी प्राथमिकता मनुष्य पहले या हिंसक पशु पहले? यह हिंसकता मनुष्यों में अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध भी अब कुछ वर्षों से अधिकाधिक रूप से दृष्टिगोचर हो रही है।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**डेरी व् खाद्य विज्ञ, पूर्व कुलपति**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# शिक्षा विभाग में शिक्षकों के समायोजन का सिलसिला शुरु

**बीकानेर, (निस)।** शिक्षा विभाग ने राजस्थान के सात हजार टीचर्स का सही पद पर समायोजन करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी से माध्यमिक शिक्षा निदेशक तक से आदेश जारी होने शुरू हो गए हैं। प्रदेश के हिन्दी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में तब्दील करने के कारण करीब 35 हजार टीचर्स अधिशेष हो गए थे। इनमें कुछ को पूर्व विद्यालयों में ही समायोजित कर दिया गया था, जिसके बाद अधिशेष शिक्षकों की संख्या घटकर सात हजार हो गई। अब इन सात हजार का भी समायोजन किया जा रहा है।

दरअसल, कांग्रेस सरकार ने बड़ी संख्या में हिन्दी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में तब्दील कर दिया था। ऐसे में हिन्दी माध्यम स्कूल के टीचर जरूरत से ज्यादा हो गए, यानी अधिशेष हो गए। कुछ टीचर्स इसलिए अधिशेष हो गए, क्योंकि स्कूल को अपर प्राइमरी से सेकंडरी और सेकंडरी से सीनियर सैकंडरी कर दिया गया। ऐसे में जरूरत से ज्यादा टीचर्स की संख्या35 हजार तक पहुंच गई। पिछले कुछ महीनों में अलग–अलग आदेश जारी करके शिक्षा विभाग ने क्रमोन्नत स्कूल के टीचर्स को वहीं पर पदस्थापित कर दिया। अधिशेष मानने के बजाय उसका नियमित पदस्थापन हो गया। वहीं हिन्दी माध्यम से मुक्त हुए टीचर्स ही अधिशेष रह गए। अब तक इनका वेतन अलग–अलग स्कूलों से उठ रहा था, जबकि वो काम किसी अन्य स्कूल में कर रहे थे। ऐसे में अब हर जिले में अलग–अलग आदेश जारी करके समायोजन किया जा रहा है। अकेले बीकानेर जिले में 1900 टीचर्स को समायोजित किया जा रहा है। इनमें बड़ी संख्या में टीचर्स की स्कूल भी बदल रही है। समायोजन के लिए लेवल वन के टीचर्स को लेवल टू के पद पर भी समायोजित किया जा रहा है। वहीं माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने अलग अलग आदेश जारी करके प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और लेक्चरर का समायोजन नए स्कूल में किया हे। इसमें बड़ी संख्या में लेक्चरर व प्रिंसिपल–वाइस प्रिंसिपल ने सिफारिश के दम पर बेहतर स्कूल में समायोजन करवा लिया, जबकि कुछ को इच्छा के विपरीत घर से दूर के स्कूल मिले हैं।

# सांवलिया जी सेठ के दो माह का भंडार व भेंट कक्ष का चढ़ावा लगभग 35 करोड़ रुपए के पार

## साथ ही 186 किलो चांदी व 2 किलो 794 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ

**मंडफिया।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 30 नवंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती छह चरणों में संपन्न हुई। भंडार की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में हुई। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि छठे चरण में हुई भंडार गिनती में 13 लाख 93 हजार 81 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व पांच चरणों में हुई गिनती में 25 करोड़ 47 लाख 75 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए थे।

उन्होंने बताया कि छह चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 25 करोड़ 61 लाख 67 हजार 581 रुपए की नगद प्राप्त हुए। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 2 किलो 290 ठाम सोना व 58 किलो 900 ठाम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 504 ठाम 560 मिली ठाम सोना व 128 किलो 930 ठाम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके

**■ भंडार की गिनती छह चरणों में संपन्न हुई**

अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 09 करोड़ 30 लाख 27 हजार 427 रुपए भेंट जमा किए।

भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दो माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 34 करोड़ 91 लाख 95 हजार 08 रुपए का नगद चढ़ावा मिला। भंडार गिनती में भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी राघव शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, मनोहर लाल चौबीसा, दीपक तिवारी सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।



भंडार एवं भेंट कक्ष से प्राप्त सोने-चांदी का तोल करते मंदिर पदाधिकारी।

## राशिफल रविवार 8 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र सायं 4:03 तक, वज्र योग रात्रि 3:53 तक, वणिज करण प्रातः 9:45 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रातः 9:45 से रात्रि 8:54 तक रहेगी। आज पंचक, भानु सप्तमी है। आज नरसी मेहता जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:25 से 9:43 तक, लाभ–अमृत 9:43 से 12:19 तक, शुभ 1:36 से 2:54 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 5:29

### मेष




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### सिंह



परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं।

### धनु




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### वृष



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या



विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### मकर




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### मिथुन




परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### तुला



महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। परिवार में मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कुंभ




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं।

### कर्क



अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृश्चिक



घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन



घर–परिवार के खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 127 प्रभात जयपुर, रविवार 8 दिसम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



After He Died... "My feet are not on my soil. That is my obstacle. How shall I find another soil and when? I have to return to my mother's womb to seek the source of this archetypal idiom."- Ghatak

World Choral Day — Music helps people to bond in many different ways.

# 12 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट "प्लेसेज़ ऑफ वर्शिप एक्ट" को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई करेगा

## एक्ट में वर्णित प्रावधानों के अनुसार, 15 अगस्त 1947 को किसी भी धार्मिक स्थल की जो कानूनी जमीनी स्थिति विद्यमान थी, उसको बदलने के लिए किसी प्रकार का मुकदमा दायर नहीं किया जा सकता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, 12 दिसम्बर को, प्लेसेज़ ऑफ वर्शिप (स्पैशल प्रोविज़न्स) एक्ट, 1991 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई करेगा। ये प्रावधान, पूजास्थल को वापस लेने या 15 अगस्त 1947 को जिस प्रकार का उसका अस्तित्व था, उसे बदलने के लिए मुकदमे दायर करने पर रोक लगाते हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति पी.वी. संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की स्पैशल बैंच 12 दिसम्बर को 12:30 बजे केस की सुनवाई करेगी। इन याचिकाओं में प्लेसेज़ ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजास्थल अधिनियम) को चुनौती दी गई हैं, जिनमें कहा गया है कि यह अधिनियम आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए गए पूजास्थलों को फिर से प्राप्त करने के हिंदुओं, जैनों, बौद्धों तथा सिखों के अधिकारों को खत्म करता है।

- याचिकाओं में यह दलील दी गई है कि एक्ट के इस प्रावधान से हिन्दुओं, जैन, बौद्ध व सिखों का, अपने धार्मिक स्थलों का "रैस्टोरेशन" करने का (पुराने स्वरूप में लौटाने का) अधिकार छीन लिया गया है, जबकि, यह अधिकार मुसलमानों को वक्फ बोर्ड एक्ट की धारा 107 में प्रदत्त है।
- भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, काशी राजघराने की बेटी, पूर्व सांसद अनिल कबूतरा, स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती, आदि, कई हिन्दु नेताओं ने ये याचिकाएं दायर की थीं सुप्रीम कोर्ट में।
- दूसरी ओर, जमीअत उलेमा-ए-हिंद, इण्डियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, कमेटी ऑफ मैनेजमैंट अंजुमन इन्तजामिया मस्जिद, जो ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन देखती है, आदि ने इन याचिकाओं का विरोध किया है। इन संस्थाओं का तर्क है कि, अगर इन याचिकाओं को स्वीकार करने के बाद मुकदमे दायर किए जाने लगे, तो मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी, अनगिनत मस्जिदों के अस्तित्व के बारे में।

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, काशीराज परिवार की बेटी, महाराज कुमारी कृष्ण प्रिया, पूर्व सांसद चिंतामणि, रिटायर्ड सेना अधिकारी अनिल कबोत्रा, एडवोकेट चंद्र शेखर, रुद्र विक्रम सिंह, वाराणसी निवासी स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती, देवकीनंदन ठाकुर, मथुरा निवासी तथा दिल्ली के एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय तथा अन्य ने 1991 के अधिनियम के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। उक्त अधिनियम का 1991 प्रावधान किसी भी पूजास्थल के परिवर्तन को निषेध करता है तथा 15 अगस्त 1947 को पूजास्थलों का जो धार्मिक स्वरुप था, उसके रखरखाव की व्यवस्था करने की बात करता है।

याचिकाकर्ताओं का दावा है कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों तथा कानून का उल्लंघन करता है तथा अदालत में जाकर न्यायिक निवारण पाने के लोगों के अधिकार को खत्म करता है। इन लोगों को यह कानून, उनके पूजास्थलों के प्रबन्ध व देखरेख के अधिकारों से उन्हें वंचित करता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ग्रामीण विकास विभाग अपील अधिकरण का शीघ्र गठन करे

जयपुर, 7 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख ग्रामीण विकास सचिव को कहा है कि वे लोकपाल के आदेश के खिलाफ पेश होने वाली अपील की सुनवाई के लिए तीन सदस्यीय अपीलीय अधिकरण का गठन करें, ताकि हाईकोर्ट में अनचाही मुकदमेबाजी न हो। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख सचिव को कहा है कि वे दस दिन में शपथ पत्र पेश कर प्राधिकरण के गठन को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी दें। अदालत ने चेताया है कि यदि शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो प्रमुख सचिव हाजिर होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करें। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने ये आदेश मुकेश गुर्जर व अन्य की याचिका पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि साल 2023 की संशोधित गाइडलाइन के तहत प्राधिकरण के गठन में सुस्ती बरतने पर याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड रही है।

- हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव को दस दिन में शपथ पत्र पेश कर अब तक उठाये कदमों की जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान अदालत के पूछने पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अपीलीय अधिकरण के सदस्यों की नियुक्ति के लिए गत 28 जून को विज्ञापन जारी किया जा चुका है। याचिका में अधिवक्ता नीतू भंसाली ने बताया कि सवाई माधोपुर जिला परिषद के लोकपाल ने याचिकाकर्ता पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'इण्डिया गठबंधन ठीक नहीं चल रहा'

## यह कहकर ममता बनर्जी ने अपनी सेवाएं "ऑफर" कीं, इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व संभालने के लिए

- अंजन रॉय -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय भूमिका में आने के लिए एक बार फिर कोशिश की है। भारतीय राजनीति की यह "वन्डर वूमन" अपने प्रभाव को दृढ़तापूर्वक बढ़ाने के लिए एक बार फिर पर्दे के पीछे सक्रिय हो रही है।

- कांग्रेस तथा मार्क्सवादी पार्टी ने ममता बनर्जी के महत्वाकांक्षी तर्क का भारी विरोध किया, पर कुछ छोटी-मोटी पार्टियां जरुर ममता बनर्जी के इस तर्क से मोहित हुई हैं।
- ये वो पार्टियां हैं, जिनकी बंगाल में भविष्य में पैर जमाने की न कोई इच्छा है और न ही इनका बंगाल में कोई राजनैतिक अस्तित्व है।
- हालांकि, ममता बनर्जी का बंगाल के बाहर न तो कोई प्रभाव है और न ही कोई सांसद या विधायक। पर देश में कई ऐसे क्षेत्रीय नेता भी प्रधानमंत्री बने हैं, जिनका पूरे देश में प्रभाव नहीं था, जैसे देवेगौड़ा तथा इन्द्रकुमार गुजराल। अतः ममता जी की महत्वाकांक्षा जोर मार रही है, उनका भी "चांस" बन सकता है प्र.मंत्री बनने का।

देश के केवल एक हिस्से तक सीमित होने के बावजूद, पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शीर्ष पद के लिए अपना दावा प्रस्तुत करने की दिशा में एक बार फिर बड़ी चालाकी से अपनी चालें बड़ी से चल रही हैं। वे चाहती हैं कि जब अगले राष्ट्रीय चुनाव हों, तब वे या तो किंग-मेकर की भूमिका में हों, या फिर स्वयं महारानी हों।

एक टी. वी. इंटरव्यू के दौरान, ममता बनर्जी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेतृत्व के बारे टिप्पणियां कीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह काम उन्होंने स्वयं शुरू भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि 'इंडिया' का नेतृत्व ठीक तरह नहीं हो रहा है तथा वे स्वयं को विपक्ष के नेतृत्व के लिए प्रस्तुत कर रही हैं।

उनके इस बयान से, वे स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सीधे टकराव की स्थिति में आ जाती हैं। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ बने इस राष्ट्रीय गठबंधन के नेतृत्व के उनके दावे पर प्रतिकूल प्रतिक्रिया दी है। इस मामले में माकपा ने भी कांग्रेस का साथ दिया है क्योंकि बंगाल में उसके ममता बनर्जी को लेकर बड़े खराब अनुभव हैं।

लेकिन कई अन्य पार्टियां उनके प्रभाव में आ गई हैं। जिन पार्टियों की बंगाल में कोई रुचि नहीं है या जो बंगाल की चुनावी या राजनैतिक जमीन पर प्रतिस्पर्द्धा में आने की कोशिश में हैं, उन पार्टियों ने बड़े उत्साह के साथ ममता के दावे का समर्थन किया है। लेकिन जिन पार्टियों को तृणमूल कांग्रेस के साथ प्रतिस्पर्धा का अनुभव है, उनके विचार इससे सर्वथा भिन्न हैं।

ममता बनर्जी बंगाल में किसी भी प्रकार के विपक्ष के प्रति बहुत निष्ठुर हैं। वे अपने किसी भी प्रकार के विरोध को साफ कर देने के लिए डराने-धमकाने से लेकर, हिंसा के बुरे से बुरे रूप को अपनाने से भी परहेज नहीं करती।

बनर्जी मूल रूप से कांग्रेस का "बाई-प्रोडक्ट" हैं। राजीव गांधी उनके समर्थक थे तथा इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद के मानसिक आघात के दौर में, उन्होंने ही ममता को पहला ब्रेक दिया था। सबसे पहले, राजीव गांधी ने ही उन्हें विदेश-यात्रा पर भेजा था, ताकि, विदेशों में क्या हो रहा है, वे इससे परिचित हो जायें। ममता ने अपना अलग तथा विशिष्ट रास्ता बनाने के लिए,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हूडा के माथे पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है हरियाणा में कांग्रेस की हार का

## जाट-दलित साझेदारी, जिसके कारण लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी जीत मिली थी, इस बार छिन्न-भिन्न हो गई थी, विधानसभा चुनाव के समय

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिये कुमारी शैलजा से भी बहुत ज्यादा जिम्मेदार भूपिन्दर सिंह हूडा हैं। बताया जाता है कि उन्होंने विधानसभा की कुल 90 सीटों में 70 सीटों के टिकट स्वयं दिये थे। अपराजेय जाट-दलित गठबंधन, जिसने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में चमत्कारिक काम किया था, वह विधानसभा चुनावों में टूट गया था।

ओ.बी.सी. तथा दलितों के मन में जाटों के दबदबे वाली सरकार का डर बैठ गया था। हूडा ने आम आदमी पार्टी (आप) को एक भी सीट नहीं दी, जिसने छः सीटें चाही थीं। आप उम्मीदवार दावे कर रहे हैं कि कांग्रेस उनमें से तीन सीटें हारी थी तथा कांग्रेस के बागियों ने (भाजपा की मदद से) दस सीटों पर वोट काटे थे।

- हूडा के आलोचकों के अनुसार, उन्होंने 90 में से सत्तर टिकट जाटों को बांटे विधानसभा चुनाव में, इससे दलित व ओ.बी.सी. आशंकित हो गए, जाट बहुल सरकार की संभावना से।
- हूडा ने आप पार्टी को भी एक भी सीट नहीं दी, जबकि उनकी मांग छः सीटों के लिए थी। आप पार्टी के उम्मीदवारों के खड़े होने से कांग्रेस ने ये सीटें गंवाईं। तथा कांग्रेस का टिकट न मिलने से असंतुष्ट बने विद्रोही कांग्रेस उम्मीदवारों ने दस सीटों पर कांग्रेस के वोट काटे।

हो सकता है कि हूडा ने सोचा हो कि 15 साल पहले डी.एल.एफ. के के.पी. सिंह के जरिये रॉबर्ट वाड्रा की कम्पनी को जो अनुदान दिलाया था, वह घटना उनकी मदद करेगी। लेकिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 5 साल की पोती से दुष्कर्म, दादा को 20 साल की सजा

जयपुर, 7 दिसंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने पांच साल की पोती से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दादा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 48 वर्षीय इस अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड़ ने

- अदालत ने 48 वर्षीय आरोपी पर 20 हजार रु. का जुर्माना भी लगाया और कहा कि बालिका अपने घर में ही सुरक्षित नहीं थी, आरोपी पर नरमी नहीं बरती जा सकती।

अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पांच साल की पोती से निम्न कोटि और पतित अपराध किया है। पांच साल की अबोध लडकी अपने घर में ही सुरक्षित नहीं थी। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमें मुसलमानों के साथ खड़ा होना चाहिये वक्फ बोर्ड विधेयक के मसले पर'

## 20 क्रिश्चियन सांसदों ने, जो अधिकतर विपक्ष के सदस्य हैं, बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। विपक्षी दलों के लगभग 20 सांसदों ने भारत में संपन्न कैथलिक बिशप कॉन्फ्रैंस ऑफ इंडिया (सी. बी. सी. आई.) में कहा है कि ईसाई समुदाय को संसद में विचाराधीन वक्फ बिल पर मुस्लिम समुदाय का साथ देना चाहिए क्योंकि यह विधेयक संविधान में प्रस्तावित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को प्रभावित करता है।

सी. बी. सी. आई., जो भारत में कैथलिक समुदाय की सर्वोच्च संस्था है, ने 3 दिसंबर को सभी ईसाई सांसदों की मीटिंग बुलाई थी। मीटिंग में तकरीबन 20 सांसदों ने भाग लिया और अधिकांशतः सांसद विपक्षी दलों के थे। सी. बी. सी. आई. के अध्यक्ष आर्क बिशप एन्ड्रूज ने बैठक की अध्यक्षता को कई दशकों बाद पहली बार यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में शामिल सांसदों में तृणमूल कांग्रेस के डैरेक ओ ब्रायन, कांग्रेस के सांसद हीबी एडन, डीन कुरियाकोस, एटो एंटनी, और माकपा सांसद जॉन ब्रिटास प्रमुख थे। बाद में केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन भी बैठक में शामिल हुए।

- इन सांसदों ने इस बात पर भी जोर दिया बैठक में कि, अल्पसंख्यकों पर हमले व धमकियां लगातार बढ़ती जा रही हैं तथा विदेशों से देश में (भारत में) भेजे जा रहे "अनुदान" के कानून सख्त बनाकर ईसाई संस्थाओं को (एन.जी.ओ. को) परेशान करने का प्रयास किया गया है।

मीटिंग के एजेंडा में ईसाई सांसदों द्वारा ईसाई समुदाय व इसके अधिकारों को समर्थन और संरक्षण देना, अल्पसंख्यकों खासकर ईसाइयों पर बढ़ते हमले और ईसाई संस्थानों को निशाना बनाने के लिए विदेशी चंदा नियम अधिनियम का दुरुपयोग करने के मुद्दे शामिल थे। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष के एक वरिष्ठ सांसद ने सुझाव दिया कि ईसाई नेतृत्व को समुदाय के द्वारा आज के दौर में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के कुछ सकारात्मक बिंदु भी हाईलाइट करने चाहिए। सरकार व जनता को बताया जाए कि क्रिश्चियन स्कूलों में चार में तीन विद्यार्थी अन्य समुदायों के हैं।

बैठक में शामिल एक अन्य सांसद ने बताया कि अधिकांश विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के कई प्रावधानों पर आपत्ति जताई। यह बिल इस समय जे. पी. सी. के विचाराधीन है। बिल ने सैंट्रल वक्फ काउन्सिल और वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों का शामिल करने का प्रावधान कर इनका स्वरूप बदलने की कोशिश की गई है।

लोकसभा व दस राज्य विधानसभाओं में एंग्लो -इंडियन्स की सीटें खत्म करने के मुद्दा भी उठाया गया और कहा कि कई ईसाई चैरिटी संस्थाओं के लाइसैंस विदेशी चंदा नियमन अधिनियम के तहत कैंसिल किए गए हैं।

## संविदाकर्मी की नियुक्ति से नियमित शिक्षक सरप्लस नहीं हो सकता

जयपुर, 7 दिसंबर। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने महात्मा गांधी स्कूल में कार्यरत नियमित शिक्षक के स्थान पर संविदाकर्मी को नियुक्त कर, उसे सरप्लस घोषित करने को गलत माना है। इसके साथ ही,

- सिविल सेवा अपीलीय प्राधिकरण ने शिक्षा सचिव व माध्यमिक शिक्षा निर्देशक को नोटिस जारी किये।

अदालत ने अपीलार्थी नियमित शिक्षक को सरप्लस घोषित करने पर रोक लगा दी है। वहीं, उसका अन्य स्कूल में तबादला करने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई है। इसके अलावा, अधिकरण ने मामले में शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अधिकरण सदस्य चेतन देवड़ा और सदस्य लेखराज तोसावडा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक बार फिर पंजाब व हरियाणा की सीमा पर स्थित शम्भू बॉर्डर पर किसानों का जमावड़ा!

## इस बॉर्डर पर किसानों के मार्च (रैली) में पुलिस व किसानों की झड़पें हुईं, प्रशासन ने इस क्षेत्र में इन्टरनेट सेवाएं सस्पैंड कर दीं, तथा हरियाणा में स्कूलों की छुट्टी कर दी

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 दिसंबर। फसलों की एम. एस. पी. (मिनिमम सपोर्ट प्राईस) का मुद्दा फिर से गर्माने लगा है, क्योंकि किसान एक बार फिर दिल्ली मार्च कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उन्हें एम. एस. पी. की लीगल गारंटी दी जाए और इस बार भी लगता है कि, सरकार झुकने को तैयार नहीं है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उस समय सरकार के इरादों का संकेत दिया, जब उन्होंने संसद में कहा कि सरकार एम. एस. पी. से 50 प्रतिशत ज्यादा दर पर फसलें खरीदती आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि लागत पर 50 प्रतिशत प्रॉफिट जोड़ कर एम. एस. पी. की दर तय की जाएगी। कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश के सवाल के जवाब में चौहान ने बताया कि कृषि उत्पाद बढ़ाने की सरकार की दीर्घगामी योजना है। इसके तहत उत्पादन लागत में कमी और उचित मूल्य सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, फसल खराबे की स्थिति में सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को हर्जाना देने का निर्णय किया है। सरकार ने 23 आवश्यक फसलों की एम. एस. पी. तय कर दी है किसानों को फसल बेचने के तनाव से बचाने के लिए। पर सरकार सिर्फ चावल और गेहूं ही इस दर पर खरीदती है। किसान सभी आवश्यक फसलों की एम. एस. पी. तय करने की मांग कर रहे हैं।

- 2021 का किसान आंदोलन की पुनरावृति होने की आशंका है।
- किसान, पुनः सभी फसलों की एम.एस.पी. (न्युनतम समर्थन मूल्य) के लिये कानूनी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।
- पर, सरकार, किसानों के आंदोलन व प्रदर्शन के दबाव के आगे न झुकने का मन बना चुकी है जैसा, कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सांसद में दिये गये वक्तव्य से ज़ाहिर हुआ।

इधर, पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर किसान धरना दे रहे हैं। यहां से दिल्ली में घुसने के रास्ते सरकार ने बंद कर दिए हैं। यहां किसानों का पुलिस से टकराव हुआ। किसानों की मांग है कि एम. एस. पी. की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए। इसके लिए किसान फिर से उसी आंदोलन को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जो उन्होंने 2021 में कृषि कानून वापस लेने के लिए किया था। अंततः कृषि कानून वापस हो गए थे।

चौहान ने संसद को बताया कि सरकार सभी फसलें खरीदेगी और अपनी सभी गारंटी पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पार्टी ने एम.एस. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें ठुकरा दी थी, जिसमें किसानों को फसल लागत का 50 प्रतिशत प्रॉफिट दिए जाने की सिफारिश की गई थी।

ज्ञातव्य है कि 2004 में भारत सरकार ने जाने माने वैज्ञानिक मंत्री एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में नैशनल कमीशन फॉर फार्मर्स का गठन किया था। आयोग ने किसानों की समस्याएं समझीं तथा उनके समाधान हेतु सुझाव देने का काम किया था। आयोग के सुझावों में एक प्रमुख सुझाव था कि एम. एस. पी. फसल लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय की जाए, क्योंकि उस समय एम. एस. पी. पर फसलें बेचने से कई बार उत्पादन का खर्च भी नहीं निकल पाता था। आयोग ने देश भर में समान एम. एस. पी. की व्यवस्था लागू करने की सिफारिश भी की थी, साथ ही आयोग ने सभी फसलों की एम. एस. पी. तय करने का भी सुझाव दिया था। आयोग का सबसे महत्वपूर्ण सुझाव था एम. एस. पी. की कानूनी गारंटी, ताकि किसान एम. एस. पी. से ऊंची दर पर भी फसल बेच सकें।

कांग्रेस ने चौहान की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और सरकार को किसान विरोधी बताया और कहा कि पार्टी किसानों की चिंताओं का समाधान नहीं कर रही है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री को किसानों को बुलाकर बात करनी चाहिए।

## महिला सुपरवाइज़रों की भर्ती में अनियमितता क्यों?

जयपुर, 7 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला सुपरवाइजर भर्ती-2024 की चयन प्रक्रिया में अनियमितता बरतने पर कर्मचारी चयन बोर्ड और महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक से जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश शयादा खान व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने महिला एवं बाल विकास विभाग महिला सुपरवाइजर भर्ती के लिए गत 13 फरवरी को भर्ती विज्ञापन जारी किया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर दस साल का अनुभव होने की शर्त रखी गई। याचिका में कहा गया कि भर्ती का गत 20 सितंबर को परिणाम जारी किया

- हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड व महिला, बाल विकास विभाग से जवाब मांगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भजनलाल शर्मा ने ''राइजिंग राजस्थान'' की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिये

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार शाम जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) का दौरा कर 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024'' की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को समिट के आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने तथा अतिथियों के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान शर्मा ने समिट के मुख्य समारोह स्थल की बैठक व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच पर स्थापित अर्द्धवृत्ताकार एलईडी स्क्रीन पर विकसित राजस्थान से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन देखा। शर्मा ने प्रतिभागी देशों के विशेष पवेलियन तथा राजस्थान पवेलियन सहित वीआईपी लॉन्ज तथा विभिन्न सत्रों के लिए बनाए गए हॉल में भी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर वेदांता, अडाणी, महिन्द्रा, जेएसडब्ल्यू एनर्जी सहित विभिन्न औद्योगिक समूहों के



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जे.ई.सी.सी. का दौरा कर ''राइजिंग राजस्थान'' की तैयारियों का जायजा लिया

एग्जिबिटर्स बूथों, राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए बनाए गए स्पेशल जोन का भी निरीक्षण किया। शर्मा ने जेईसीसी परिसर का सघन निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार 9 से 11 दिसम्बर तक ''राइजिंग राजस्थान'' समिट का आयोजन कर रही है, जिसमें देश के जाने-माने उद्योगपति और निवेशक हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 दिसम्बर को इस समिट का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि समिट को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए संबंधित विभाग परस्पर समन्वय स्थापित कर बेहतरीन कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, आयुक्त रीको इंद्रजीत सिंह, अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी सौरभ स्वामी, जयपुर जिला कलक्टर जितेन्द्र सोनी, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी आज जयपुर आएंगे

- खेड़ापति बालाजी में ट्रेनिंग कैंप में जाएंगे
- राजस्थान के नेताओं को एंट्री नहीं

**जयपुर**, (का.प्र.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राजस्थान के एकदिवसीय दौरे पर रविवार को जयपुर आएंगे। यहां वे कांग्रेस के संगम ट्रेनिंग कैंप में रुकने के बाद शाम को वापस लौट जाएंगे।

राहुल गांधी सुबह 7 बजे इंडिगो की फ्लाइट से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर सीधे खेड़ापति बालाजी जाएंगे,जहां कांग्रेस का नेतृत्व संगम के नाम से ट्रेनिंग कैंप रखा गया है। इस ट्रेनिंग कैंप में 6 घंटे रहेंगे।

राहुल गांधी सुबह ट्रेनिंग में पहुंचेंगे और दोपहर 3 बजे वापस एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था। माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए थे। इस ट्रेनिंग कैंप में देशभर के चुनिंदा कांग्रेस नेता शामिल हो रहे हैं।

राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को ट्रेनिंग कैंप में जाने की अनुमति नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित वरिष्ठ नेता एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत करेंगे, लेकिन ट्रेनिंग सेशन में ये नेता साथ नहीं जा सकेंगे। कांग्रेस के इस कैंप में अलग-अलग राज्यों के डेलिगेट्स हिस्सा लेते हैं। कांग्रेस के इन ट्रेनिंग कैंपों में कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा के बारे में ट्रेनिंग दी जाती है। इन कैंपों में चरखा चलाने के साथ कई तरह की एक्टिविटी करवाई जाती है। मुख्य फोकस गांधीवाद और कांग्रेस की विचारधारा पर रहता है।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार जताया

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से राजस्थान में भी 9 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना होगी, जिससे प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे।शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह अभूतपूर्व निर्णय 'शिक्षित भारत, विकसित भारत' के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही, इससे भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार, शैक्षिक अवसंरचना के विकास एवं युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## 'प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे'

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नया संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शनिवार को दसवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के साथ ही रोजगार के अवसर भी सृजित किए जाएंगे।

# टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल के अकादमिक सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में टीबी मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय अभियान का शुभारम्भ किया। यह अभियान राज्य के

- प्रदेश के 5 जिलों में आयोजित होंगे निक्षय शिविर

5 जिलों बारां, कोटा, झालावाड़, हनुमानगढ़ और राजसन्द जिलों में संचालित किया जाएगा। इसके तहत 100 दिवस तक निक्षय शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान देश एवं प्रदेश को टीबी मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टीबी मुक्त राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगामी साढ़े तीन माह तक प्रदेशभर में सघन अभियान चलाकर राज्य में सर्वे से छूटे रोगियों को चिन्हित कर उपचारित किया जाएगा। साथ ही, 15 दिसम्बर से आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में भी टीबी मुक्त भारत से संबंधित



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को राज्य स्तरीय समारोह में नि-क्षय मित्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि टीबी मुक्ति के कार्यक्रम से संबंधित सभी अधिकारी-कार्मिक एवं निक्षय मित्र जनभागीदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। हमारे प्रयास हों कि राजस्थान टीबी मुक्त अभियान में सबसे आगे रहे। एनजीओ एवं स्वयं सेवी संगठनों की भी इस कार्य में अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि रोगियों को टीबी की दवा आपूर्ति में किसी तरह का अवरोध नहीं हो। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक भारती दीक्षित ने कहा कि हम सब एकजुट होकर प्रयास करेंगे तो टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल कर सकेंगे। नि-क्षय मित्रों द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

कार्यक्रम में क्षय उन्मूलन जागरूकता हेतु पोस्टर का विमोचन किया गया एवं नि-क्षय मित्रों द्वारा क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार वितरण किया गया। नि-क्षय मित्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## नेटथियेट पर गीत-ग़ज़ल

**जयपुर**। नेटथियेट कार्यक्रम की श्रृंखला में आज गीत-ग़ज़ल कार्यक्रम में उभरती ग़ज़ल सिंगर मधु नायर ने अपनी मखमली आवाज़ में सुप्रसिद्ध गीत-गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया।

नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कलाकार मधु नायर ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुप्रसिद्ध शायर नासिर काजमी की गजल ना मिला कर उदास लोगों से हुस्न तेरा बिखर न जाए कहीं तू भी दिल से उतर न जाए से की। इसके बाद उन्होंने शमीम जयपुरी की एक ग़ज़ल बेगुनाही का हर अहसास मिटा दे कोई, मुझको इस दौर में जीने की सजा दे कोई फिर तस्लीम फ़ाज़ली शायर की आपको भूल जाए हम इतने तो बेवफा नहीं आपसे क्या गिला करें, आपसे कुछ गिला नहीं और शायर आगा बिस्मिल की गज़ल महफिल में बार-बार किसी पर नजर गई हमने बचाई लाख मगर फिर उधर गई, को जब अपनी पुरकशिश आवाज में इन ग़ज़लों को सुनाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे।

शायर मसरुर अनवर मुझे तुम नजर से गिरा तो रही हो, मुझे तुम कभी भी भूला ना सकोगे और अंत मे प्याज हाशमी की सुप्रसिद्ध गज़ल आज जाने की जिद ना करो यूं ही पहलू मे बैठ रहो पेश कर अपनी गायिकी का परिचय दिया।

इनके साथ देश के जानेमाने तबला वादक परमेश्वर लाल कत्थक ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर गज़ल की इस महफिल को परवान चढाया। हारमोनियम पर राजेंद्र जडेजा और गिटार पर सुनील कुमार ने शानदार संगतकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी।

# 'फीडर इंचार्ज धरातल तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी'



डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती ने शनिवार को विद्युत भवन में जयपुर डिस्कॉम के सभी 20 सर्किलों से आए फीडर इंचार्जों के साथ संवाद किया।

**जयपुर**। डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने कहा है कि निचले स्तर तक गुणवत्ता के साथ बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक है कि फीडर इंचार्ज अपने फीडर की नियमित मेंटिनेंस सुनिश्चित करे। इसके साथ ही बिजली छीजत, ट्रिपिंग, समानान्तर सर्विस लाइन डालकर की जा रही विद्युत चोरी, रिकवरी आदि से संबंधित सूचनाएं बिजली प्रबंध मोबाइल एप पर आवश्यक रूप से दर्ज करे। इससे डिस्कॉम को धरातल पर बेहतर उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी।

डोगरा शनिवार को विद्युत भवन में जयपुर डिस्कॉम के सभी 20 सर्किलों से आए फीडर इंचार्जों के साथ संवाद कर रही थीं। करीब तीन घंटे तक उन्होंने फीडर इंचार्जों के साथ उनके फीडर की स्थिति तथा कार्य के दौरान आने वाली उनकी समस्याओं पर गहनता से संवाद किया।

डोगरा ने कहा कि फीडर इंचार्ज के पास प्रत्येक माह की दस तारीख तक घर-घर जाकर बिजली उपभोक्ताओं की रीडिंग दर्ज करने का महत्वपूर्ण जिम्मा है। इसके साथ ही यदि वे अपने फीडर में हो रही ट्रिपिंग के कारणों, वितरण की हानियों, बिल नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं से रिकवरी, बकाया एवं रेवेन्यू लॉस की स्थिति पर निगाह रखेंगे तो डिस्कॉम को लॉस कम करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, फीडर की बेहतर मेंटिनेंस भी होगी। जिसका लाभ बेहतर बिजली सेवाओं के रूप में उपभोक्ताओं को मिलेगा।

प्रत्येक सर्किल से आए तीन-तीन फीडर इंचार्जों ने अपने फीडर में उपभोक्ताओं से बिल की राशि की रिकवरी, मेंटिनेंस, छीजत सहित अन्य विषयों पर विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक एस एस नेहरा, मुख्य लेखा नियंत्रक एके जोशी एवं योगेन्द्र सिंह राठौड, जयपुर जोन के मुख्य अभियंता आरके जीनवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एम एंड पी एवं आईटी) बीएस मीणा, अति. मुख्य अभियंता (क्वालिटी चैकिंग एवं सेफटी) एके त्यागी भी उपस्थित रहे। भरतपुर एवं कोटा के जोनल मुख्य अभियंता वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े।

# जनहित याचिका खारिज करते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने रोजड़ा गांव के सरपंच व अन्य द्वारा जेडीए के जोन 12 ने खातेदारी जमीन को गैर खातेदारी जमीन की तरह विकसित किये जाने के खिलाफ जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव व न्यायाधीश उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं ने गुप्त व गलत उद्देश्यों से यह जनहित याचिका दायर की है और याचिकाकर्ताओं पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए याचिका खारिज की।

इस मामले में जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुड़ी पैरवी के लिये पेश हुए। उन्होंने अदालत को कहा कि याचिकाकर्ताओं ने कई तथ्यों को छुपाया है। जैसे कि उक्त जमीन पर पहले से ही कई तरह के अतिक्रमण चल रहे हैं और कई ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि उक्त 7.5 हैक्टेयर जमीन पर जेडीए की फार्म हाऊस स्कीम को 7 मार्च 2024 को मंजूरी दे दी गई थी। जिसके बाद भी याचिकाकर्ताओं ने जनहित याचिका दायर की। अदालत ने माना कि ग्राम सरपंच होने के बावजूद याचिकाकर्ताओ के उक्त जमीन पर अतिक्रमण की जानकारी नहीं थी और उसने स्वयं अतिक्रमण हटाने की कभी कोई कोशिश नहीं की बल्कि जेडीए के खिलाफ जनहित याचिका दायर की। सभी तथ्यों को मद्दे नजर रखते हुए अदालत ने जुर्माना लगाते हुए खारिज किया।

## ''अभ्युदयः द यूथ राइज़ेज़'' का आगाज

**जयपुर**। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय अंतरकॉलेजिएट युवा महोत्सव, ''अभ्युदयः द यूथ राइज़ेज़'' का आगाज हुआ। महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक देव नेगी का लाइव गिग रहा। शाम ग्लैमर से भरपूर रही जब प्रसिद्ध गायक देव नेगी ने अपने मधुर गीतों से यादगार बना दिया। उन्होंने हार्ट थ्रोब, नाच मेरी जान, स्वीटहार्ट और कई अन्य गानों पर उम्दा परफॉर्मेंस दी। मुख्य अतिथि राजकुमार देवायुष सिंह, युवराज, मनोहरपुर-शाहपुरा शाही परिवार और पूर्व राज्य मंत्री, बीजेवाईएम राजस्थान ने दीप प्रज्जवलन करके युवा महोत्सव का शुभारंभ किया।

# युवा नौकरियों के पीछे भागने की बजाय रोजगार देने वाले बने : बागड़े

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त युवा नौकरियों के पीछे भागने की बजाय रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान के केन्द्र होते हैं। इनमें विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन ही नही कराया जाए बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता कैसे बढ़े, उनमें उद्यमिता की प्रवृति का कैसे विकास हो, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

बागडे शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा सतत चलने वाली प्रक्रिया है। वह शिक्षा ही सार्थक है जो जीवन को बेहतर ढंग से जीने की राह दिखाए। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाज सेवा और स्त्री शिक्षा में दिए योगदान को याद करते हुए कहा कि वह युग पुरुष थे। ऐसे समय में जब नारी शिक्षा से समाज दूर था, उन्होंने कन्या विद्यालय खोला। अपनी पत्नी को पढ़ाया और उन्हें देश की पहली महिला शिक्षक बनाया। उन्होंने ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपनाते शिक्षा प्रसार के लिए कार्य करने का आव्हान किया। बागडे ने सरकार के साथ साथ निजी क्षेत्र को भी शिक्षा प्रसार में महती भूमिका निभाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नैतिकता और आदर्श जीवन मूल्य बहुत जरूरी है। महापुरूषों की जीवनियां हमें सदा प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र विकास के लिए किए जाने का आव्हान किया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह समाज के हर वर्ग को बगैर किसी भेदभाव के गुणवत्ता की वैश्विक स्तर की शिक्षा देने से जुड़ी है। उन्होंने ''राष्ट्र प्रथम है'' सोच के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने पर जोर दिया।

## रिफ की पहली सूची में चुनीं 28 फिल्में

**जयपुर**। 11वें राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का आगाज आगामी साल 1 से 5 फरवरी तक जोधपुर के पीवीआर, अंसल रॉयल प्लाजा और मेहरानगढ़ किले में होगा। इस साल का फेस्टिवल सिनेमास्थान - अ पैनोरमा ऑफ सिनेमा इन राजस्थान थीम पर होगा। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2025 की पहली सूची जारी की गई। इसमें कुल 28 फिल्में चुनीं गई हैं। इनमें 14 फीचर फिल्म और 14 नॉन-फीचर फिल्में शामिल हैं।

रिफ फिल्म क्लब के प्रबंध ट्रस्टी और रिफ के संस्थापक और फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि 2 से 5 फरवरी तक फिल्म स्क्रीनिंग, ओपन फोरम, कार्यशाला और टॉक शो एवं व्यइंग रूम, फिल्म मार्केट (ब्लैक बॉक्स ) का आयोजन भी आइनॉक्स - पीवीआर, अंसल रॉयल प्लाजा, ओल्ड हाई कोर्ट रोड, जोधपुर में होगा।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर ''विंटेज जीप रैली'' का आयोजन

**जयपुर**। सशस्त्र सेना झंडा दिवस-2024 के अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा राजस्थान जीप क्लब के सहयोग से शनिवार को जयपुर में ''विंटेज जीप रैली'' का आयोजन किया गया। राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार

- देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले रणबांकुरों एवं उनके परिवारों के कल्याणार्थ हरसंभव सहयोग करें : बाजौर

समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने अल्बर्ट हाल से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पूर्व बाजौर ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, बलिदान एवं जाबां सैनिकों के सम्मान का पर्व है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों को भी दांव पर लगा दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से देश की युवा पीढ़ी हमारे शूरवीरों के अदम्य साहस और सशस्त्र बलों के इतिहास से परिचित होती है।

सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने आमजन से आव्हान किया कि देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले इन



सशस्त्र सेना झंडा दिवस-2024 के अवसर पर ''विंटेज जीप रैली'' को राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने अल्बर्ट हाल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रणबांकुरों, पूर्व और सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याणार्थ हरसंभव सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जुड़कर प्रदेशवासी राष्ट्र के लिए समर्पित सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर सकते है।

सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि करीब 24 विंटेज जीपों में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, एनसीसी स्वयंसेवक व कार्मिक इस रैली में शामिल हुए।

समारोह में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के अध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर, राजस्थान स्टेट एक्स सर्विसेज लीग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा, सूबेदार अर्जुन सिंह ने भाग लिया।

# राजस्थान में निवेशकों का भारी उत्साह, प्रदेश के आर्थिक विकास को मिलेगी गति : मदन राठौड़

- 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में देखने को मिलेगी राजस्थान की कला, संस्कृति की झलक'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की सफलता को लेकर कहा कि राजस्थान की जनता के साथ उद्यिमयों में उत्साह देखने को मिल रहा है ऐसे में राइजिंग राजस्थान समिट शानदार और बेमिसाल होगा। भाजपा सरकार की ओर से राजस्थान के विकास के लिए किए जा रहे प्रयास सकारात्मक है, और इससे प्रदेश के सभी जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा। समिट को लेकर विदेशी निवेशकों के साथ प्रवासी निवेशक भी राजस्थान में निवेश के लिए उत्साहित है।

मदन राठौड़ ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में निवेशकों के उत्साह को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इससे प्रदेश की आर्थिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश के कुशल युवाओं को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। राइजिंग राजस्थान समिट से अक्षय और सौर ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास में सहयोगी साबित होगा।

राठौड़ ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में प्रदेश की परम्परागत हस्तशिल्प के साथ हमारी संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। इसके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक जिला, एक उत्पाद को महत्व देते हुए प्रदेश के सभी जिलों से विशेष उत्पाद को राइजिंग राजस्थान में आने वाले अतिथियों को उपहार स्वरूप प्रदान करेंगे। इस दौरान विदेशी और प्रवासी निवेशकों के समक्ष हमारे मिलेट्स फूड को नई पहचान दिलाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर स्टार्टअप्स, इन्वेस्टर्स की पहल से युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलेंगे और राजस्थान नवाचार के साथ उद्यिमयता के क्षेत्र में विकास के पथ पर अग्रसर होगा। राइजिंग राजस्थान हमारी कला, संस्कृति को वैश्विक पटल पर लोकप्रिय बनाने में कारगर साबित होगा।

# शिवदासपुरा में 4 बीघा कृषि भूमि पर बसा दी अवैध कॉलोनी "राधिका विहार"

## ग्राम पाचुंडा में बिना जेडीए की परमिशन और बिना भू रूपांतरण करवाए काटी गई है कॉलोनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में कृषि भूमि का आवासीय रूपांतरण करवाए बिना ही धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है। इन अवैध कॉलोनियां में बैकडेट में पट्टे जारी किए जाकर आमजन से करोड़ों रुपए की वसूली की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार को राजस्व के नाम पर इन कॉलोनियां से एक पैसा भी नहीं मिल रहा। अवैध कॉलोनियां बसाने का यह पूरा खेल काश्तकार, बिल्डर और गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी मिलकर खेल रही है, परन्तु जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

कृषि भूमि पर यह अवैध कॉलोनियां जयपुर नगर निगम से बाहर सटे गांवों में काटी जा रही है। इसके लिए ना तो जेडीए प्रशासन से कोई अनुमति-स्वीकृति ली जा रही है और ना ही भू रूपांतरण करवाकर राज्य सरकार को कोई राजस्व दिया जा रहा है।

ऐसा ही मामला शिवदासपुरा इलाके के ग्राम पाचुंडा में सामने आया है, जहां 4 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए से बिना अनुमति "राधिका विहार" के नाम से अवैध कॉलोनी काट दी गई। मंगलम ग्रुप की एयरपोर्ट सिटी के सामने यह कॉलोनी काटी गई है।



**जेडीए से बिना अनुमति "राधिका विहार" के नाम से अवैध कॉलोनी काट दी गई।**

काश्तकार ने कृषि भूमि का रूपांतरण नहीं कराया, इसके बाद गृह निर्माण सहकारी समिति से बैकडेट में पट्टे जारी कर दिए गए। आमजन से इस कॉलोनी में निवेश करवाने के लिए तमाम मूलभूत सुविधाएं विकसित कर दी गई, जो जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनी में होती है। जैसे डामर रोड, रोड लाइट और पेयजल।

- **सूत्रों की माने तो राजधानी जयपुर में कृषि भूमि का आवासीय रूपांतरण करवाए बिना ही धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां काटकर, उनमें बैकडेट में पट्टे जारी करने का खेल खेला जा रहा है। इसमें काश्तकार, बिल्डर और गृह निर्माण सहकारी सोसायटियां लिप्त है, लेकिन इसकी रोकथाम में जेडीए फेल साबित हो रहा है।**
- **इन कालोनियों में सस्ते भावों पर प्लॉट बेचने के नाम पर आमजन से करोड़ों रुपए की वसूली की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार को राजस्व के नाम पर इन कॉलोनियां से एक पैसा भी नहीं मिल रहा।**

परंतु कॉलोनी में न तो तय सुविधा क्षेत्र छोड़ा गया और ना ही राज्य सरकार को कोई राजस्व जमा करवाया गया। अब यहां बिल्डर्स के जरिए धड़ल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है, ताकि कॉलोनी में ज्यादा से ज्यादा मकान दिखे और यहां बसावट अधिक होने के कारण कॉलोनी वास्तव में पुरानी ही दिखे, जैसे कि बैकडेट में जारी हुए पट्टे में है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जेडीए के अफसरों को शिकायत दे दी, लेकिन कार्रवाई ही नहीं होती। जबकि इस क्षेत्र में आए दिए जेडीए की प्रवर्तन टीम कार्रवाई करने आती रहती है।

यह कोई पहला मामला नहीं है, जेडीए टीम आए दिन जितनी भी अवैध कालोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करता है, वहां सभी जगह ऐसी ही गड़बड़ी सामने आती है, लेकिन इन अवैध कालोनियों की बसावट रोकने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पा रही। भूमाफियों की इस जालसाजी का शिकार भोले भाले लोग हो रहे है, क्योंकि इन कालोनियों में सस्ते भावों पर जमीन और मकान बेचे जा रहे है, लेकिन बाद में जेडीए इन जगहों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई कर देता है।

# सीकर रोड ट्रांसपोर्ट नगर योजना का शीघ्र निस्तारण करने की मांग

## यूडीएच सचिव वैभव गालरिया से मिले प्रतिनिधि



**न्यू ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड योजना को लेकर जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यूडीएच सचिव वैभव गालरिया से मुलाकात की।**

**जयपुर।** न्यू ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड योजना को लेकर जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन व स्वागत समिति के अध्यक्ष कपिल अग्रवाल और राडा अध्यक्ष चानणमल अग्रवाल ने यूडीएच सचिव वैभव गालरिया से मुलाकात की। इन प्रतिनिधियों ने यूडीएच सचिव के साथ ही नगर नियोजन विभाग व जेडीए के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में कपिल अग्रवाल ने यूडीएच सचिव को बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना का प्रपोजल जेडीए ने यूडीएच को पहले ही भेजा जा चुका है। उन्होंने आग्रह किया कि सीकर रोड ट्रांसपोर्ट नगर योजना का निस्तारण शीघ्र किया जाए और वंचित ट्रांसपोर्टर्स को प्लॉट उपलब्ध कराए जाएं। करीब 20 मिनट तक चली इस बैठक में यूडीएच सचिवने आश्वासन दिया कि सीकर रोड ट्रांसपोर्ट नगर योजना का निस्तारण एक महीने के अंदर कर दिया जाएगा।

# अल्बर्ट हॉल पर 14 व 15 को आयोजित होगा "आवारा हूं" कार्यक्रम

**जयपुर।** जयपुर की गुलाबी सर्दी सुर-तरानों के साथ और यादगार बन जाएगी, मौका होगा रोटरी क्लब जयपुर क्राउन और रोटरी क्लब जयपुर उड़ान की ओर से संगीतमय सुरमला "आवारा हूं" कार्यक्रम के भव्य आयोजन का। बॉलीवुड के शो-मैन राज कपूर के 100 वें जन्मदिन पर उनको ट्रिब्यूट देते हुए उनके 425 से ज्यादा यादगार नग्मों को लगातार 30 घंटों तक सुरमला में पिरोया जाएगा। 14 और 15 दिसंबर को होने वाले इस आयोजन में गेस्ट सिंगर इंडियन आइडल फाइनलिस्ट पियूष पंवार के साथ ही जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, ग्वालियर और दिल्ली से लगभग 150 सिंगर्स अपनी आवाज़ का जादू बिखेरते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ और डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत के साथ ही रोटरी क्लब के डीजी राखी गुप्ता, पीडीजी अशोक गुप्ता, अजय काला, इवेंट चेयरमैन विशाल गुप्ता, डायरेक्टर विनोद गर्ग एवं अन्य लोग उद्घाटन सत्र में शिरकत करेंगे। इवेंट चेयरमैन रोटेरियन विशाल गुप्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का खास आयोजन लोगों को संगीत का आनंदमय अनुभव देने के लिए हो रहा है। जहां 14 दिसंबर को 12 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा और 15 दिसंबर की शाम 7 बजे से भव्य समापन होगा। इसी के साथ रोटरी क्लब 3056 डिस्ट्रिक्ट के 3000 से ज्यादा रोटेरियन सम्मिलित होंगे।

# सांगानेरी गेट पहले शिवपोल कहलाता था : लश्करी

- **अनुसार जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष में जैपुर री बात टॉक शो आयोजित**

**जयपुर।** विचारक समूह यू थिंक द्वारा हिंदू तिथि के अनुसार जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष में जैपुर री बात टॉक शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम किशनपोल बाजार के विरासत संग्रहालय में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि विशेषज्ञ के रूप में ब्लू पॉटरी के जाने माने हस्तशिल्प शिल्प गुरु गोपाल सैनी व इतिहासकार सियाशरण लश्करी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में यू थिंक के सदस्य शरद अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

टॉक शो के मॉडरेटर विनीश अग्रवाल रहें। कार्यक्रम की शुरुआत में गोपाल सैनी ने ब्लू पॉटरी पर बात करते हुए कहा कि मनुष्य ने सभ्यता की ओर जिस दिन कदम रखा तभी पॉटरी का विकास शुरू हों गया और आज दिखने वाली पॉटरी हजारों वर्षों का परिणाम हैं। ब्लू पॉटरी विश्व की चुनी हुई ऐसी पॉटरी कला है, जो सिलिका से बनती है। यह परसिया से आई। जयपुर राजघराना और यहां के लोग शुरू से कला प्रेमी रहे हैं। सवाई राम सिंह द्वितीय द्वारा इस कला को और अधिक प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कलाकारों कों व्यवस्थित बसाया, जैसे ठाठरो का रास्ता, मीनाकारों का रास्ता, मनियारों का रास्ता, शिकारीयों का मोहल्ला।

इतिहासकार व पुरातत्वविद् सियाशरण लश्करी ने बताया कि जयपुर की कल्पना 450 वर्षों पहले ही कर ली गई थी। जयपुर के राजा ने उज्जैन, दिल्ली, मथुरा और बनारस में जंतर मंतर बनाए। जयपुर की स्थापना पर अश्वमेध यज्ञ करवाया। जो पृथ्वी का आखिरी अश्वमेध यज्ञ था। जयपुर भक्ति की नगरी हैं। जयपुर के महाराजाओं ने मुगलों के आक्रमण के समय मथुरा वृंदावन से मूर्तियां सुरक्षित कि व यहां मंदिर बनवाए। शिक्षा के क्षेत्र में जयपुर शुरू से ही अव्वल रहा। इस दौरान इतिहासकार सियाशरण लशकरी ने कुछ रोचक किस्से भी साझा किए।

नागरिक कर्तव्य व प्रशासनिक कर्तव्यों की बात करते हुए उन्होंने बताया कि जयपुर में पेयजल के लिए द्रव्यवती व इससे निकलने वाली नहर पानी का मुख्य स्त्रोत थें। आज लापरवाही के कारण अमानी शाह के नाले में बदल गया। पुराने शहर में हर दो रास्ते छोड़कर पानी के लिए पोखर बने थे। किसी भी प्रकार से जल व्यर्थ करने पर कड़ी सजा का प्रावधान था। जयपुर परकोटे के चारों ओर बने हुए गेट भी कई ऐतिहासिक कहानी समेटे हुए। सांगानेरी गेट पहले शिवपोल कहलाता था। जयपुर के महाराजाओं ने धर्म की रक्षा के लिए मुग़लों से भी चतुराई से लोहा लिया। जयपुर जागीर की बात करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली, आगरा, मथुरा आसपास के सभी स्थान जयपुर की ही जागीरी में आते थें। आधुनिक समय की बात करते हुए बताया जौहरी बाजार सबसे बड़ी जेमस्टोन इंडस्ट्री,एमआई रोड सुनियोजित कॉमर्स इंडस्ट्री, जयपुर राजस्थान का आईटी हब कहलाता हैं।

कार्यक्रम के अंत में श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सियाशरण जी द्वारा सुरक्षित अभूतपूर्व एवं बहुमूल्य पुस्तकों, फोटो पोस्टर आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जहां रोशनी में लॉटरी टिकट, किस्मत का थैला, पाठ्य पुस्तक, हाथ से बना हुआ जयपुर राजघराने का स्मारक आदि शामिल थें।

# सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 9 को

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से 9 दिसंबर को विद्याधरनगर के भगवान परशुराम भवन में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसके लिए मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेशजी को न्यौता दिया गया। सामूहिक विवाह की संयोजक एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने बताया कि राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और विवाह के मुख्य जजमान पं. केसरी चंद शर्मा की अगुवाई में सवा पांच किलो लड्डू, सवा पांच किलो फल, चांदी की अंगूठी, जनेऊ , पाना और पुष्पहार अर्पित कर गणेश जी की पूजा-अर्चना की गई। गणेश निमंत्रण कार्यक्रम में संतोष शर्मा, सुशील शर्मा, संतोष मिश्रा, कमलेश शर्मा, पूनम शर्मा, कल्पना गौड़, संगीता पारीक, प्रियंका शर्मा,सुषमा शर्मा अनुराधा दीक्षित, अन्नू कौर, उषा शर्मा, निर्मला शर्मा, नीलम शर्मा, प्रतिभा, योगेश व्यास, लोकेंद्र शर्मा,गोपाल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गुलाबी नगरी की स्वच्छता और सुंदरता के लिए मिलकर प्रयास करें : बागड़े

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा जयपुर व्यापार महासंघ के सहयोग से आयोजित समारोह में दीपावली पर गुलाबी नगर की रोशनी और साज-सज्जा में विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बाजारों एवं प्रतिष्ठानों को पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि सबकी दीपावली में अपनी दीपावली मनाएं। जो असमर्थ हैं, उनके सहयोग के लिए कोई संगठन बने। गरीब और कमजोर कल्याण के साथ उनके यहां भी पर्व की रोशनी हो, ऐसी व्यवस्था सब मिलकर सुनिश्चित करें। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित हुए व्यावसायिक संस्थानों से प्रेरणा लेकर गुलाबी नगरी को स्वच्छ, सुंदर रखने के लिए सभी को कार्य करने का आव्हान किया।

बागडे ने कहा कि अपने लिए सभी कार्य करते हैं परन्तु जीवन की सार्थकता इसमें है कि हम दूसरों के सुख और संतोष के लिए भी कार्य करें। उन्होंने जयपुर को धर्म और अध्यात्म की छोटी काशी बताते हुए यहां सामूहिक रूप में उत्सवधर्मिता से त्योहार मनाने की परंपरा की सराहना भी की।

उन्होंने वैश्य समाज को भामाशाह परम्परा से जुड़ा समाज बताते हुए कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का महती कार्य इसी समुदाय द्वारा सर्वाधिक किया गया है। उन्होंने वैश्य समाज को व्यवसाय के साथ जनहित के अधिकाधिक कार्य करने का आव्हान किया।

आरम्भ में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल ने विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले संगठन के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# अदालत ने जयपुर डिस्कॉम पर 99 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश

- **करंट से 5 साल की बच्ची के दोनों हाथ गंवाने का मामला**

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला न्यायालय, जयपुर जिला ने 11 केवी बिजली के तार से करंट लगने के चलते अपने दोनों हाथ गंवाने वाली पांच साल की बच्ची को 99 लाख रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने जयपुर डिस्कॉम को मुआवजा राशि के अलावा मुकदमे में खर्च 2.2 लाख रुपए भी अदा करने को कहा है। अदालत ने यह आदेश पीडिता पायल के परिवाद पर दिए।

पीठासीन अधिकारी अजीत कुमार हिंगर ने अपने आदेश में कहा कि बेटियां घर की रौनक होती है। वो एक रंगीन किरण की तरह होती है जो पूरे घर को जगमग कर देती है। अदालत ने कहा कि परिवाद में मुआवजा राशि के तौर पर 50 लाख रुपए और ब्याज मांगा गया है, लेकिन केस करीब आठ साल पहले दायर किया गया था और इस अवधि में रुपए का अवमूल्यन भी हुआ है। इसके अलावा इलाज में खर्च, जीवन भर सहायक की जरूरत और भविष्य में होने वाले इलाज के खर्च को देखते हुए 99 लाख रुपए का मुआवजा उचित है। अदालत ने मुआवजा राशि पर केस दायर करने की तिथि से छह फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है।

परिवाद में अधिवक्ता बसंत सैनी ने अदालत को बताया कि अलवर के मुंडावर निवासी पांच साल की परिवादी 27 मार्च, 2015 को अपने घर के पीछे खेल रही थी। इस दौरान 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर उस पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। वहीं इलाज के दौरान उसका एक हाथ कंधे से और दूसरा हाथ कोनी से नीचे से काटना पडा। वहीं पूरे शरीर में जगह-जगह घाव हो गए। बिजली के पुराने तार नहीं बदलने और उनकी सार-संभाल नहीं होने से यह दुर्घटना हुई है। ऐसे में उसे घातक दुर्घटना अधिनियम, 1855 के तहत मुआवजा दिलाया जाए। जिसका विरोध करते हुए डिस्कॉम के वकील ने कहा कि घटना के दिन आंधी आने से पोल पर लगे डिस्क इंसुलेटर से निकलने के कारण तार खंभे से जमीन पर आ गए। तार के जमीन से स्पर्श नहीं करने से अर्थिंग नहीं बना, जिससे ब्रेकर ट्रिप नहीं हुआ। इसके अलावा पीडिता खेलते समय तारों को हाथों से उठाकर उसके नीचे से निकलने की कोशिश कर रही थी। वहीं दुर्घटना में मौत नहीं हुई है। ऐसे में घातक दुर्घटना अधिनियम के तहत केस नहीं चल सकता। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जयपुर डिस्कॉम पर हर्जाना लगाया है।

## सार-समाचार

### ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम का छठा दिन वाइल्ड लाइफ को समर्पित रहा



**जयपुर।** एम. जी. डी. गर्ल्स स्कूल में ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम लीड-आई का छठा दिन वाइल्डलाइफ को समर्पित रहा। टाइगर प्रिंसेस ऑफ इंडिया डॉ. लतिका नाथ ने छात्राओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिए स्वयं आगे बढ़ें, किसी का साथ मिले चाहे न मिले एक अकेला दृढ़ निश्चयी व्यक्ति भी बदलाव ला सकता है। अपने रोज़मर्रा के जीवन की वस्तुओं को इस्तेमाल करते हुए, यह विचार अवश्य करें कि इसके लिए किसी को नुकसान तो नहीं पहुँचाया गया है। पैसे कमाने की होड़ में अपने सपनों को ना भूलें। किसी की आलोचना से घबराएँ नहीं, लोग कहते थे कि मैं वाइल्डलाइफ रिसर्चर बनने के लायक नहीं हूँ, उन्होंने रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन संघर्षों के बावजूद मैं आगे बढ़ी। इलैक्ट्रिक गाड़ियाँ दोधारी तलवार हैं, लीथियम की माइनिंग भी पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती है और अगर बिजली कोयले से पैदा की जा रही है तो इसका कोई फायदा नहीं है। जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है संसाधन एक दिन समाप्त हो जाएँगे। इसके बाद एम. जी. डी की वरिष्ठ अध्यापिकाओं आशा लौंगानी, ममता खत्री, अंशु जैन एवं दिव्या सोनी की टीम ने छात्राओं को अपने सेशन बियॉन्ड द ब्लूप्रिंट में कला के तकनीकी पक्ष से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने हैरिटेज वॉक में जयपुर के बाज़ारों में खरीददारी का लुत्फ़ उठाया।

### श्याम रस गंगा का आयोजन

**जयपुर।** सदाशिव प्रदोष मंडल के तेरहवें वार्षिकोत्सव पर शनिवार को गलता गेट स्थित ऋषि गालव नगर पार्क में श्याम रस गंगा भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाकर श्याम प्रभु का गुणगान किया। विमल दीक्षित, आदित्य छीपा, दीपक, मनोज मस्ताना सुरभि चतुर्वेदी, अमित नामा सहित अनेक भजन गायकों ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। श्रीश्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार ट्रस्ट का श्याम अनमोल भाव प्रवाह भजन संध्या का आयोजन गलता गेट की रघुनाथ कॉलोनी के आर के मोदी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार कर अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। श्री गौ सेवा परिवार जयपुर की ओर से आरपीए रोड शास्त्रीनगर स्थित आनंदम् जनोपयोगी भवन में रविवार अपराह्न तीन बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार कर पावन अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। चंग-धमाल की विशेष प्रस्तुति होगी।

### गुलदाउदी प्रदर्शनी का शुभारम्भ



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय बहुप्रतीक्षित 38वीं गुलदाउदी प्रदर्शनी 2024 (7 से 9 दिसंबर) का उद्घाटन आज उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद वैरवा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मंजू शर्मा, सांसद (जयपुर शहर) एवं गोपाल शर्मा, विधायक व सिंडीकेट सदस्य एवं राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा उपस्थित रहे। गुलदाउदी प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ ही विश्वविद्यालय में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सौजन्य से मियावाकी फोरेस्ट थीम पर बनाए जाने वाले उद्यान के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम के बारे में डॉ. योगेश जोशी, प्रभारी विश्वविद्यालय उद्यान एवं नर्सरी ने बताया कि इस तीन दिवसीय गुलदाउदी प्रदर्शनी (7 से 9 दिसंबर) मे विभिन्न किस्मों की गुलदाउदी 7 व 8 दिसंबर को सभी आगुंतकों के लिए उपलब्ध रहेगी तथा गुलदाउदी का सार्वजनिक विक्रय 9 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 150 प्रति नग (गमले सहित) की दर से किया जाएगा।

### पल्स पोलियो अभियान आज

**जयपुर।** उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान रविवार 8 दिसंबर को प्रदेश के 39 जिलों में आयोजित किया जाएगा। निदेशक आरसीएच डॉ सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि इस अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के करीब 87.50 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के सफल आयोजन के लिए 46,887 पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं तथा 59,936 टीमे बनाई गई हैं। इनमें 5,396 ट्रांजिट टीम एवं 7,653 मोबाईल टीमें भी शामिल हैं। अभियान के प्रथम दिवस को बूथ पर जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी तथा छूटे हुए बच्चों को अगले 2 दिवस तथा जयपुर शहर में अगले 3 दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

# माइनर मिनरल की खानों में माइंस धारकों को एकबारीय समाधान योजना में बड़ी राहत

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और सरलीकरण

**जयपुर।** माइनिंग सेक्टर में आधुनिकतम तकनीक के उपयोग और पारदर्शी व्यवस्था के तहत 1 अप्रेल से सभी अप्रधान खनिज लीज धारकों को लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर तक के क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे कराकर क्षेत्र के खनि अभियंता या सहायक खनि अभियंता के कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। नई व्यवस्था के तहत ड्रोन/एरियल सर्वे में प्राप्त खनन रिपोर्ट और संबंधित लीजधारक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में अंतर आने की स्थिति में राहत देने के लिए राज्य सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। माइंस विभाग की एकमुश्त समाधान योजना 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेगी।

मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और गति दे रहे हैं। हाल ही में राज्य की नई खनिज और एम-सेण्ड नीति जारी की है। उससे पहले अप्रधान खनिज लीज धारकों की लीज अवधि बढ़ाने के अधिकार संबंधित खनिज अभियंता व सहायक अभियंता को दे दिए हैं। मुख्यमंत्री व खान मंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने एक ओर बड़ा निर्णय करते हुए एक हैक्टेयर से कम के प्लॉट की नीलामी की बिड राशि दस लाख से घटाकर दो लाख कर दी। इससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर और स्थानीय नागरिकों की खनिज क्षेत्र में भागीदारी बढ़ सकेगी। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में अधिकारों का विकेन्द्रीकरण, लीजधारकों को राहत व व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के निर्णय लिए जा रहे हैं।

- **एकमुश्त समाधान योजना में 10 से 25 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष राशि माफ**
- **माइनिंग सेक्टर में आएगी पारदर्शिता, विवादों का होगा निपटारा, राजस्व में होगी बढ़ोतरी**

प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परिवर्तित बजट घोषणा में प्रदेश में अप्रधान खनिजों के उत्पादन एवं निर्गमन में वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट की व्यवस्था करते हुए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि परिवर्तित बजट घोषणा की क्रियान्विति में वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट व्यवस्था लागू करने और इससे होने वाले प्रभाव से खनिज लीज व क्वारी लाइसेंसधारकों को एकबारीय राहत प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी है।

टी. रविकान्त ने बताया कि माइनर मिनरल खानों में वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट व्यवस्था लागू करने से खनन पट्टों के सर्वेक्षण एवं सीमांकन से सामने आने वाली विसंगतियों के कारण होने वाली शास्ति से एकबारीय समाधान के लिए राज्य सरकार ने लीजधारकों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना के अनुसार दस से 25 प्रतिशत राशि ही जमा कराने पर शेष राशि माफ कर दी जाएगी। इसके साथ ही भविष्य के लिए संबंधित लीज का मानक स्तर तय हो जाएगा जिससे विवाद की स्थिति नहीं रहेगी और व्यवस्था पारदर्शी व सरकार और लीजधारक दोनों के लिए लाभदायक हो जाएगी।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि संबंधित खनिज धारक द्वारा वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट ड्रोन या एरियल सर्वे द्वारा प्राप्त डेटा संबंधित खनिज कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिकएसेसमेंट से खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, खनन क्षेत्र में लीजधारक या अन्य द्वारा अवैध खनन व निर्गमन पर प्रभावी रोक लग सकेगी। इससे खनिज क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक के साथ ही राज्य सरकार के राजस्व में छीजत रुकेगी और एकबारीय समाधान योजना से लीजधारकों को भी राहत मिल सकेगी।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इससे हजारों की संख्या में माइनर मिनरल लीजधारक लाभान्वित हो सकेंगे।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
SUNDAY
08 December 2024
A-B



## Pretend To Be A Time Traveller Day

Being able to travel through time to a different age or era is the dream of many scientists, sci-fi enthusiasts, and even historians. Have you ever thought that one day, there will be people who will look back and wish they could travel to our times? If you've never thought about it that way, it's time that you do, as that attitude will allow you to see the world in a whole new light and enjoy *Pretend To Be A Time Traveller Day* to the fullest.

#TRENDS & GADGETS

# Nokia's classic Snake game is now a *Nothing*'s widget

*Nothing* is introducing a collection of widgets co-created by its community, starting with a Snake game.











Nothing has released a new Android app called *Nothing Community Widgets,* that will highlight home screen tools and games co-created by its users. The first widget it includes is a recreation of 'Snake,' which was the most memorable of the three games pre-installed on the Nokia 6110, when it was launched 26 years ago.

Although, the original game was played by pressing buttons as cellphones lacked touchscreens, the snake in Nothing's version is steered using directional screen swipes, while a double tap pauses the action. But the gameplay is the same, with players scoring points by eating red dots while trying to avoid colliding with themselves as the snake grows longer and longer. The inspiration for the new widget came from Rahul Janardhanan, an artist, who, earlier this year, designed and shared a collection of 10 concepts for potential Nothing OS widgets. Janardhanan's work caught the eye of the company and Nothing's software team worked with a community developer to create the widget.




The new 'Snake' game widget, and Nothing's new widgets app follow a similar initiative by Nothing, to work with its community of users. In October, the company announced its *Nothing Phone 2A Plus* Community Edition, featuring an updated glow-in-the-dark design, new wallpapers, and even packaging that was created by the company's 'most talented followers.'






"It (the Partition) does not affect me directly," said Ritwik once in an interview. "It does, in a broader sense, in an indirect way. Filmmaking is a question of your subconscious, your feeling of reality. I have tackled the refugee 'problem,' as you have used the term, not as a refugee problem. To me, it was a shocking splintering of culture. During the partition, I hated pretentious people who clamoured about our Independence, our freedom. I kept watching what was happening, how the behaviour pattern was changing due to this great betrayal of national liberation. And, probably, gave vent to what I felt. Today, I am not happy and whatever I have seen comes out, consciously or unconsciously, in my films. My films may have been ridden with expressive slogan mongering or they may be remote. But the cardinal point remains, that I am frustrated by what I see around me. I am tired of it."




# After He Died...

#RITWIK GHATAK



Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar journalist & author*




Born on November 5, 1925, Ghatak led a lively childhood in East Bengal, with its lush green carpet of enchantment, its turbulent rivers, its fish, its mango groves, its fine-grained rice devoured with pungent fish curry. Memories of this heavenly childhood haunted him all his life, wrote film historian, Bibekananda Ray. "My feet are not on my soil. That is my obstacle. How shall I find another soil and when? Because I have to return to my mother's womb to seek the source of this archetypal idiom," said Ghatak himself, trying to describe his restive mental state. Ghatak is the only illustration of an Indian filmmaker whose works began to get international notice only after he died. The cinemas of France, Italy and UK consider him one of the greatest of cinematic geniuses that graced world cinema.

Independence brought major changes in the social milieu, which brought corresponding changes in the notion of mass entertainment in general and cinema in particular. *Dharti Ke Lal*, a film on the Bengal Famine, scripted by K. A. Abbas, made in 1949, initiated a new cinema movement. Ghatak was among those who got involved in the movement. Others with him were Mrinal Sen, Hrishikesh Mukherjee and Utpal Dutt. When a Russian delegation of filmmakers, headed by Pudovkin and Cherkasov visited India in 1951-52, Ghatak met them and learnt a few things about cinema. The cinema of Eisenstein, Pudovkin, Siegfried Kracauer, the philsopher-writer, Paul Rotha and Roger Manville influenced him. The international film festival, held in Calcutta in 1952, opened Ghatak's eyes to the kind of films made across the world at that time.

The Telangana Uprising, along with the frustrations with IPTA, led Ghatak to make *Nagarik* in 1952. Its 'resurrection' long after its creator's death changed the history of Indian cinema forever. He followed this with a documentary on the *Oraon* (1955) tribe of Bihar, commissioned by the government of Bihar and produced by Aurora Film. The same year, he migrated to Mumbai and joined Filmistan as scriptwriter. He wrote two scripts, *Madhumati*, that was later made into a film by Bimal Roy, and *Musafir*, a three-story collage that became editor Hrishikesh Mukherjee's directorial debut film. Though *Madhumati* turned out to become the biggest commercial hit from a Bimal Roy banner, Ghatak returned to Calcutta to direct his own films. He had become an incurable alcoholic during this time and this led to his ultimate destruction.

> Was Ghatak, the Marxist, suggesting a Marxist solution to this gross inequality between man and man, family and family? Not really, because he did not bring any explicit points of comparison by counterpointing Ramu's or Uma's family with a rich family elsewhere in Calcutta. He uses Ramu's family as a point of comparison against itself.

For 25 long years after its completion, *Nagarik* (1952), lay in damp vaults, condemned to all appearances, to perpetual obscurity. A year after Ghatak's death in 1976, the print was restored at the initiative of the Left Front State government. When the film was screened, people realized that had it been screened at the time of its making, the history of Indian cinema would, perhaps, have been written differently because Ray's debut film, *Pather Panchali* came only in 1955. Ghatak himself claimed that Nagarik was a political statement, which analysed the agonies of a middle-class family in Calcutta, engaged in a grim struggle for survival against oppressive social forces.

It depicted the slow and tragic shift of a *Bengali* family with Ramu as the son looking desperately for a job, from middle to low-middle-class. It was a shift several rungs down the hierarchical ladder of socio-economic class structure which, though geographic on the surface, reaches deeper into the lives of family members, whose entire characters metamorphose into something quite different from what they were at the beginning of the film. Uma, the daughter of one family, turns into a commercial singer, forced to making compromises all the way. In the closing shot, strains of the Communist International fills the soundtrack. Was Ghatak, the Marxist, suggesting a Marxist solution to this gross inequality between man and man, family and family? Not really, because he did not bring any explicit points of comparison by counterpointing Ramu's or Uma's family with a rich family elsewhere in Calcutta. He uses Ramu's family as a point of comparison against itself, over a span of time.



JUKTI TOKKO AAR GOPPO.

He began as assistant director in *Tathapi* (1951). In his career spanning 21 years, Ghatak scripted 17 feature films, of which nine were released and eight were abandoned. He did minor roles in six feature films including three of his own, *Subarnarekha*, *Titash Ekti Nadir Naam* and *Jukti Takko Aar Gappo*. His first film was *Bedeni*. He had to abandon this. Other films that he had to abandon are *Kato Ajanarey* (1959), *Bagalaar Bangadarshan*, that stopped after a week's shooting (1964-65), and one on Indira Gandhi (1972).

"It (the Partition) does not affect me directly," said Ritwik, once in an interview. "It does, in a broader sense, in an indirect way. Filmmaking is a question of your subconscious, your feeling of reality. I have tackled the refugee 'problem,' as you have used the term, not as a refugee problem. To me, it was a shocking splintering of culture. During the partition, I hated pretentious people who clamoured about our Independence, our freedom. I kept watching what was happening, how the behaviour pattern was changing due to this great betrayal of national liberation. And, probably, gave vent to what I felt. Today, I am not happy, and whatever I have seen, comes out, consciously or unconsciously, in my films. My films may have been ridden with expressive slogan mongering or they may be remote. But the cardinal point remains, that I am frustrated by what I see around me. I am tired of it."

"A revolution in the arts does not erupt out of the blue. It is through a different chemistry altogether that one genre of class art grows out of another genre of class art. One can find a consummation only by studying the past, absorbing its best elements into one's heritage, and then bringing one's vision to bear upon it. There is no other way to reach consummation. All other ways I find puerile, stupid and sick. There was a time when people forgot this, and from out of such an attitude, they proclaimed that Rabindranath Tagore was a poet of feudalism, of semi-colonial, religious mysticism, and hence, of no account," Ghatak commented about cinema as a form of revolutionary art.

Ghatak was born a rebel. He questioned the ideas and attitudes towards culture and art prevalent at the time. When he was forced to appear before a one-man commission, so-called progressive thinkers branded him a Trotskyite. He criticized commercial cinema, which he felt left no scope for creativity and research. Ghatak put things on screen that worried him, made him happy or sad. He was basically an aesthetic artist and was personal in his films. Films that failed to highlight Indian culture were meaningless so far as he was concerned.

Though, a tragic victim of the 1947 Partition, Ghatak brought a positive and celebratory insight into both the personal and national dimensions of homelessness as reiterated constantly in his cinema. "Exile and homelessness can teach us the joy of living internally as well as externally without boundaries and without borders," said Ghatak. The reason for the growing posthumous critical acclaim and recognition for Ghatak is the courage, power and anger with which Ghatak dramatizes the urgent modern questions of 'nationality,' 'borders' and 'exile.'

Ritwik's women are eternal, infinite, because they are drawn from mythology, interwoven with Marxist ideology, imbued with a Marxist critique of the materialist, immoral petty bourgeoisie that defined Calcutta when he stepped into it from Bangladesh, where his roots went too deep. In this sense, his female characters are unique and Indian and also, have within them, the grains of the *Universal Woman* by virtue of the fact that they are eternal.

Ghatak's women are violent and fiery in different ways. They concur with the savage brutality. Ghatak had converted them into an idiom. They form the essence of his oeuvre. This feminine sensibility coming from a man as eccentric as he was a genius, stuns us forever when we, women distanced from his women by a generation or two, sit back to watch his films again and again, or, even for the first time.

> "I am not afraid of using any amount of coincidences in my fictional films, and melodrama is a birthright, a form in itself." His strange passion for rivers, Padma, Ganga, Subarnarekha and Titash are metaphorical reflections of his own life, which, like a river, flows on, beyond arguments and stories. Beyond Death!

"My joining films, has nothing to do with making money," he explained. "Rather, it is out of a volition for expressing my pains and agonies for my suffering people. I do not believe in 'entertainment' or in 'slogan-mongering.' Rather, I believe in thinking deeply of the Universe, the world at large, of the international situation, my country, and finally, my own people. I make films for them. In case of cinema, when the audience starts seeing a film, it (the film) also creates, a filmmaker throws up certain ideas, it is the audience which fulfils it. Only then it becomes a complete whole. Film watching is a kind of ritual. When the lights go out, the screen takes over, and then, the audience increasingly becomes one. It is a community feeling. One can compare it with going to a church, or a mosque, or a temple." At the same time, he was also convinced of cinema being a medium of entertainment and education, and so, dotted his narratives with coincidences, mythical metaphors and melodrama. "I am not afraid of using any amount of coincidences in my fictional films, and melodrama is a birthright, a form in itself." His strange passion for rivers, Padma, Ganga, Subarnarekha and Titash are metaphorical reflections of his own life, which, like a river, flows on, beyond arguments and stories. Beyond Death!

rajeshsharma1049@gmail.com



MEGHE DHAKA TARA.

#MUSIC WORLD

# World Choral Day

Music helps people to bond in many different ways, from making friends at different musical concerts to allowing adults and children to dance and have fun together in their own homes.

If there is one thing that has the ability to unify the world, it is music. Throughout the centuries, music has had the power to bring people together from many different cultural backgrounds and geographies, all over the world, enhancing peace and social togetherness with the strum of a chord or hum of a note.

Music helps people to bond in many different ways, from making friends at different musical concerts to allowing adults and children to dance and have fun together in their own homes.

If there is an aspect of talent that can be said to be universally wonderful, it must be *to be musically inclined*. There are no words that can describe how powerful music can really be when shared in the cause of peace and togetherness. *World Choral Day* is dedicated to those very principles, a world-wide goal to bring peace and harmony through the musical arts. Get ready to share, enjoy and celebrate World Choral Day!



## History

World Choral Day was established in Helsinki in 1990 by Alberto Grau, a composer, a teacher, and a choral director from Venezuela. The day was created within the framework of the 2nd World Symposium on Choral Music.

Alberto Grau is also the founder of the Director Schola Cantorum de Caracas, a Venezuelan choral group, with which he has achieved quite a few major victories.

In fact, this choral group was the basis for the creation of numerous development projects of musical art such as, among others, the Schola Cantorum Foundation of Caracas and Foundation Coral Cantemos movement.

Now, a few decades later, World Choral Day has become a global phenomenon and helps bring people together in peace and harmony through music.

Because of this, World Choral Day has brought peace to many places through the music that they sing, and the lessons that they teach.

Since the day's creation, thousands of choirs have joined in from at least 50 countries all over the world to participate in this unique opportunity. This day overcomes differences based on politics, religion, background, race, ideology and anything else that could separate and divide humans and, instead, brings everyone together to sing with one voice. Through music, it is possible to break down barriers between genders and cultures, and help to bring people together in social harmony.

Everyone can celebrate this day and can give joy to the world with the sound of a world of seven billion voices gathered together in rapturous song!



### Join in with a Choral Group

Choral groups from around the world raise their voices in united song, and World Choral Day is the opportunity to join voices with them. Events, festivals, sing-alongs, seminars, Days of Friendship and many other events have been organized over the past few years to help people get connected for World Choral Day. Whether simply attending an event sponsored by this holiday, or organizing one of your own in the community, music is a great way to celebrate the unity of mankind through the common tongue, that is singing!



## How to Celebrate


Celebrating World Choral Day with the rest of the world can be something very simple or a bit more involved. Whatever the way, getting involved is the most important part. Try out some of these interesting ideas for observing World Choral Day with other people who love to sing!

## Listen to Choral Music

Of course, the best way to get connected is head over to a concert and listen to some choral music. However, if that's not possible, don't despair. Choral music can always be listened to from recordings. So, cue up Spotify or another music platform and get to listening to some Choral music on this day. Start with some of these.

- **Transcendental Voices: The Most Beautiful Choral Music Ever** (2020)
  This compilation album brings the best of a variety of choral music.
- **Mormon Tabernacle Choir: Then Sings My Soul** (2006)
  For more than 150 years, this choir has been delighting audiences with its choral sounds.
- **Straight No Chaser: Under the Influence** (2013)
  A fresh take on choral music, this acapella group formed at Indiana University, Bloomington and performs covers.
- **Choir of the New College, Oxford: Eight Part-songs, Op. 119: The Bluebird** (2000)
  These inspiring voices are led by Edward Higginbotham.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह की तैयारियां पूर्ण

## अतिथियों व मेहमानों का आगमन प्रारम्भ

**अजमेर** (निस)। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था, श्री अमरापुर सेवा घर, सिंधी समाज महासमिति और सांई बाबा मंदिर, अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में अप्रवासी भारतीय सुरेश रामनानी एवं अजमेर वासी रामचन्द गुलाबानी, महेश तेजवानी व अन्य भामाशाहों के सहयोग से श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह रविवार 8 दिसम्बर को आयोजन किया जा रहा है।

समारोह को सफल बनाने के लिये आयोजन समितियों के सभी कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल व आवास स्थलों पर तैयारियां पूर्ण कर दी। बारात के मार्ग पर अलग अलग सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों से सम्पर्क किया गया जो पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार करेगें। बारात में सम्मिलित होने के लिये अतिथिगण व मेहमान भी आ रहे हैं।

समारोह संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह रविवार 8 दिसम्बर 2024 को सांई बाबा मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 युवक-युवती विवाह सूत्र में बंध रहे हैं। पंडितों के देखरेख में दूल्हों के डिख का आयोजन प्रातः 10.30 बजे दूल्हों को साई बाबा मंदिर के कम्युनिटी हॉल में होगा। बारात की निकासी प्रातः 11.30 बजे बैंड-बाजा-शहनाई-ढोल के साथ होगी, जो गूजर वाड़ा, अजय नगर के मुख्य बाजार से 2 किलोमीटर घूम कर वापस साई बाबा मंदिर पहुंचेगी। बारात मार्ग में क्षेत्रिय समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। बारात का भव्य स्वागत दोपहर 1 बजे मंदिर के मध्यम द्वार पर समाज व कन्या पक्ष द्वारा किया जाएगा। सामाजिक रस्मों के बाद मुख्य मंदिर के हॉल में विधि-विधान मंत्रोच्चार के साथ 1.45 से फेरे प्रारंभ होंगे। फेरों के उपरांत आशीर्वाद समारोह अपरान्ह 4.30 मंदिर स्थित गार्डन में संत महात्माओं, भामाशाहों और परिवार जन के साथ होगा। विदाई समारोह 5.30 बजे होगा।35 संस्थाओं के 200 से अधिक पदाधिकारी व सदस्य देगें अपना योगदान अजमेर की 35 पंचायते, सामाजिक संस्थाऐं के पदाधिकारी व सदस्य एक जुट होकर कन्यादान समारोह में विभिन्न समितियों के माध्यम से सेवाऐं देगें।

तैयारी बैठक में महेश तेजवानी, रामचन्द्र गुलाबानी, कवंलप्रकाश किशनानी, हरी चंदनानी, शंकर बदलानी, दिशा प्रकाश किशनानी, ओम प्रकाश हीरानंदानी, कुसुम आर्य, हेमा भूराणी, प्रेम केवलरमानी, रमेश मेंघाणी, राजू जयसिंघाणी, भीष्म मोदियाणी, हरकिशन टेकचंदाणी, लाल नाथाणी, रमेश टिलवानी, गुल छताणी, मोहन परियाणी, राजू किशनानी, उतम गुरबक्षाणी, महेश बदलानी सहित अलग अलग समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भामाशाहों के सहयोग से श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह रविवार को आयोजन किया।

■ **रविवार को सांई बाबा मन्दिर परिसर में होगा विशाल समारोह**

# लौंगेवाला युद्ध स्थल पर 108 फीट ऊंचे मस्तूल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों की असाधारण बहादुरी और पराक्रम को श्रद्धांजलि देने के लिए 7 दिसंबर को लौंगेवाला युद्ध स्थल पर 108 फीट ऊंचे मस्तूल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वज की स्थापना भारतीय सेना और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई।

इस कार्यक्रम में 23 पंजाब के युद्ध के दिग्गज नायक जगदेव सिंह और हवलदार मुख्तियार सिंह शामिल हुए, जिन्होंने 53 साल पहले इस महाकाव्य युद्ध में भाग लिया था। उनके साथ जैसलमेर जिले के 1971 के युद्ध के आठ अन्य दिग्गज भी शामिल हुए। समारोह में भारतीय वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, नागरिक प्रशासन, प्रमुख हस्तियां और स्थानीय समुदाय के सदस्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था, जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए। इन प्रदर्शनों ने इस अवसर को और भी जीवंत बना दिया और हमारे वीरों के साहस को सम्मानित किया।

दिसंबर 1971 में लड़ी गई लौंगेवाला की लड़ाई हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान का एक प्रमाण है। लौंगेवाला की पवित्र भूमि हमें 5 से 7 दिसंबर 1971 तक यहां लड़ी गई भीषण लड़ाई की याद दिलाती है, जहां कुछ लोगों के साहस ने कई लोगों की ताकत पर विजय प्राप्त की थी। लौंगेवाला के वास्तविक युद्ध स्थल पर एक युद्ध स्मारक एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है, जो हमारे सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए लाखों आगंतुकों को आकर्षित करता है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 14 नवंबर 2020 को अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रीय गौरव के स्थल के रूप में इसके विकास को बढ़ावा देते हुए इस विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया था। तब से, भारतीय सेना के ठोस प्रयासों के तहत, लौंगेवाला युद्ध स्थल ने व्यापक परिवर्तन देखा है। इस परिवर्तन के हिस्से के रूप में, अब 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया है जो इस ऐतिहासिक स्थल को स्मरण और गौरव के स्थान के रूप में और भी मजबूत करता है।

ध्वज की स्थापना से लौंगेवाला आने वाले सभी लोगों को राष्ट्र की वीरता और देशभक्ति की समृद्ध विरासत के बारे में प्रेरणा मिलेगी। यह ऊंचा ध्वज भारतीय सेना की अदम्य भावना और राष्ट्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की एक शक्तिशाली याद के रूप में खड़ा होगा।



लौंगेवाला युद्ध स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

# गृह मंत्री अमित शाह आज जोधपुर में

**जोधपुर,** (कासं) । केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को बीएसएफ स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। साथ ही सर्किट हाउस के समीप सरदार वल्लभ भाई पटेल की 11 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। अमित शाह रविवार 8 दिसम्बर को सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर बीएसएफ के एसटीसी सेंटर पर परेड स्थल पर पहुंचेंगे। बीएसएफ के स्थापना दिवस परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम में शिरकत के बाद बीएसएफ कैंप में लंच करेंगे। 2 बजे बीएसएफ कैंप से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

अखण्ड भारत के निर्माता लौहा पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जोधपुर शहर में सर्किट हाऊस परिसर के समीप 11 फुट ऊंचाई की मूर्ति का अनावरण केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा। इधर भाजपा केन्द्रीय मंत्री शाह के स्वागत की तैयारी की तैयारियों में जुटी हुई है। इसको लेकर सरदारपुरा स्थित भाजपा प्रधान कार्यालय में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा के अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, मण्डल व मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत को लेकर रूपरेखा बनायी गई।

स्वागत को लेकर भाजपा जोधपुर शहर की ओर से सर्किट हाउस मार्ग पर पार्टी के झण्डे व होर्डिग लगाए जाएंगे। भाजपा संभाग मीडिया संयोजक जगदीश धाणदिया ने बताया किं इस अवसर पर जिला महामंत्री डा. करणीसिंह खींची, मनीष पुरोहित, शशिप्रकाश प्रजापत, गीता भाटी, अल्का थामेत, सीमा माथुर, संजय चंदीरमानी, हंसराज प्रजापत, गोविन्द गहलोत, जनक सोनी, आदित्य गहलोत, रेखा नाहर, महेश व्यास, मण्डल अध्यक्ष मनीष परिहार, हेमंत जानयानी, सुरेश भाटी, रफीक लौहार, अब्दुल नईम सिलावट, जुगल सांखला, फतेहराज मांकड, दीपक माथुर, हेमेन्द्र गौड़, नवांशु दवे, राजदीप परिहार, दीपक राजोरिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ **बीएसएफ स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे**

# मरवा पेट्रोल पम्प से डीजल चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस थाना नरैना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार कर चुराए गए डीजल को भी बरामद कर लिया है। इस मामले में 3 दिसंबर को को दिनेश सिंह खंगारोत पुत्र लक्ष्मण सिंह खंगारोत निवासी मरवा थाना नरैना जिला जयपुर ने एक रिपोर्ट इस आशय से पेश की थी, कि मेरे पेट्रोल पम्प शाकम्भरी किसान सेवा केन्द्र ग्राम मरवा पर रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डीजल चोरी करके ले गये है।

ईलाका थाना नरैना मे उपरोक्त घटना घटित होने पर आनंद शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम व बरामदगी एवं अपराधियों की धरपकड हेतु दिशा-निर्देश पर रजनीश पूनियां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), अनुपम मिश्रा वृताधिकारी वृत सांभरलेक के सुपरविजन में दिलीप सिंह थानाधिकारी नरैना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा अज्ञात मुल्जिमानो की शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया व घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये।

अज्ञात मुल्जिमानो की पहचान हेतु आसूचना संकलन कर, तकनीकी सहायता तथा अथक प्रयास किये गये। अज्ञात मुल्जिमानो की पहचान हेतु 300 किमी तक हर संभावित जगह पर 400 से 500 सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। तरीका वारदातः मुल्जिमानो द्वारा ट्रक मे महाराष्ट्र से राजस्थान में ट्रांसपोर्ट का सामान लोड करके लाते है तथा रास्ते मे जब ट्रक की टंकी में डीजल की मात्रा कम हो जाती है तो मौका मिलते ही रात्रि को ट्रक को हाईवे पर न चलाकर लोकल रोड पर सुनसान जगह के पेट्रोल पम्प को निशाना बनाकर पेट्रोल पम्प के पास उतर जाते है और ट्रक को मौका स्थिति के अनुसार आस- पास की होटल पर ले जाकर खडा कर देते है या पेट्रोल पम्प के आस-पास खडा करके खाना बनाने लग जाते है ताकि कोई उन पर शक ना कर सके।

फिर ये मुल्जिमान पेट्रोल पम्प के पीछे से टैंक मे पाईप डालकर 200 से 300 मीटर तक मौका स्थिति के अनुसार साईड मे ले जाकर छोटे-छोटे हैडपम्पो की मदद से डीजल के जरीकन भर लेते है। जब अभियुक्त महाराष्ट्र से ट्रासपोर्ट का सामान लोड करके लाते है तो टंकी 30-40 लीटर डीजल लाते है तथा वापस महाराष्ट्र जाते है तो ट्रक की दोनो टंकियां तथा जरीकन भरकर ले जाते है और घर पर खेती आदि के लिए ट्रेक्टरो मे डाल लेते है। गिरफ्तार किए गए आरोपी लाला काले, भीमा काले, गणेश पवार व रामा पवार पुत्र पन्या पवार जाति हिन्दू पारधी उम्र 40 साल निवासी पारधी बस्ती तेरखेडा थाना येरमला तहसील वासी जिला धाराशिव (उस्मानाबाद) महाराष्ट्र के हैं। आरोपियों ने पूछताछ पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व राजस्थान के अन्य थाना ईलाको में डीजल चोरी करना कबूल किया है।

# देशी कट्टा व 5 कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने लोकल, स्पेशल एंव माईनर एक्ट की कार्यवाही के लिए अपराधियों की धरपकड अभियान को लेकर एक पिस्टल नुमा देशी कट्टा मय मैग्जिन व 5 कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करके एक बोलेरो कार को भी जब्त किया है।

थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार क्षेत्र में लोकल, स्पेशल एंव माईनर एक्ट की कार्यवाही हेतु अपराधियों की धरपकड अभियान को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी, डीवाएसपी अरविंद कुमार के सुपरविजन मे पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव जेबाडिया में दो व्यक्ति बोलेरो कार से जा रहे है। जिनके पास अवैध हथियार व कारतूस हैं। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम में में शामिल पुलिस सहायक उपनिरिक्षक सीताराम, हैड कानि. गजेन्द्रसिंह व शंकरलाल, कानि. जीतराम, कानि. रामप्रसाद, कानि. रामराज, कानि. रामेश्वर, कानि. मीठालाल व कानि. रमेश मौके पर पहुंचे और कार को बोरखंडी पुलिया के पास रोकने का प्रयास किया।

पुलिस को देखकर आरोपी कार को कच्चे रास्ते की और भगाने लगे। पुलिस ने कार का पीछा कर कार को रोक लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक पिस्टल नुमा देशी कटटा मय मैग्जिन व 5 कारतूस मिले। जिनको जब्त करके आरोपी आशाराम पुत्र जवाहर गुर्जर निवासी डारडा तुर्का व धनराज पुत्र रमेश गुर्जर निवासी रहीमपुरा उर्फ धोलाभाटा थाना बरोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने आम्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरोपी को उम्रकैद की सजा

**अजमेर,** (कासं)। नाबालिग का रेप कर उसकी फल काटने वाले चाकू से रेत हत्या करने के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अजमेर की पॉक्सो कोर्ट ने इसे जघन्य अपराध माना। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर मेंटल बॉय के नाम से आईडी बनाई थी और खुद को हिंदू बता कर दोस्ती की थी। नाबालिग को सच पता चला और उसने आपत्ति की तो युवक ने उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। अपर लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि पीसांगन थाना पुलिस में 22 मार्च 2022 नाबालिग के चचेरे भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पीसांगन पुलिस ने आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी अरशद को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। वह नाबालिग से मिलने यूपी से अजमेर आया था और सुनसान जगह ले जाकर पहले उसका रेप किया। इसके बाद वायर से गला घोंटा और फल काटने वाले चाकू से उसका गला रेत दिया।

# साइबर ठगी की 18 हजार की राशि पीड़ित के खाते में रिफंड

## परिचित बनकर पीड़ित को झांसा देकर की थी ठगी

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा इलाके मे महिला के पिता का परिचित बनकर युवक के खाते से साईबर ठगो द्वारा ठगी गई 18 हजार की राशि को बोरखेड़ा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वापस पीड़ित के खाते में रिफंड करवाया। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि साइबर शिकायत को साईबर पोर्टल पर दर्ज करने व पीड़ितों की राशि को रिकवर को करने के हरसंभव प्रयास किया जाता है शहर एसपी ने बताया कि बोरखेडा थाने क्षेत्र में साईबर ठगी की दर्ज शिकायत में पीडित युवक से साईबर ठगों द्वारा कुल ठगी गई 18 हजार की राशि को पुलिस टीम ने संबंधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर राशि को पीडित के खाते में रिफंड करवाया गया।

यह था मामला-बोरखेडा थानाधिकारी रामलक्ष्मण ने बताया की साईबर पोर्टल पर बजरंग नगर निवासी राजकुमार ने उसके खाते से 18 हजार रूपये की ठगी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा कि 11 नवंबर को उसकी पत्नी के फोन पर अंजान नम्बर से फोन आया ओर ठग ने खुद को उसकी पत्नी के पिता का परिचित बताकर कहा कि आपके पिता ने आपके खाते में 12 हजार रूपये जमा कराने का आपके पिता ने बोला है। पूर्व में भी उसके ससुर पत्नी के खाते में पैसा कराते हुऐ आये है। जिस पर उसकी पत्नी ने ठग की बातों पर विश्वास कर लिया ओर ठग द्वारा इनके मोबाईल पर 10 हजार रूपये जमा का फर्जी मैसेज भेजा और ठग ने दूसरी बार 20 हजार जमा का फर्जी मैसेज भेजा ओर उनसे कहा कि गलती से 2 हजार की जगह 20 हजार जमा हो गये है।

जिस पर 18 हजार रूपये वापस भेजने को कहा। पीडित युवक को ठग ने झांसे में लेकर 18 हजार रूपये की ठगी कर ली जिसके बाद पीडित द्वारा खाते को चैक करने पर उसे ठगी का अहसास हुआ। पीडित की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये बोरखेडा साईबर हेल्प डेस्क के कॉन्स्टेबल प्रदीप सिंह व मुरारीलाल ने पीडित के खाते से ठगी गई राशि को होल्ड कराने के लिये जिस खाते में राशि ट्रांसफर हुई थी उनके अधिकारियों से संपर्क कर समन्वय स्थापित किया और 18 हजार की राशि को होल्ड करवाकर पीड़ित की खाते में रिफंड की कार्यवाही की।

■ **बोरखेडा पुलिस ने की कार्रवाई**

# रुपये हड़पने के दो आरोपी पकड़े

**करौली** (नि.स.)। सूरौठ थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आपराधिक षडयंत्र कर 3लाख रुपये कि राशि को हड़पने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। सूरौठ थाना अधिकारी ने बताया कि महा निरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश एवं करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं घरपकड अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए आपराधिक षडयंत्र कर 3लाख रुपये कि राशि को हड़पने के मामले में दो आरोपियों रामकेश उर्फ राकेश पुत्र सुगन लाल बर्गी 40 निवासी ते'गाव थाना नादौती को उसके गांव से एवं आरोपी गौरीशंकर मीना उर्फ बंटी पुत्र रेवडमल मीणा 29 निवासी झर थाना बस्ती जिला जयपुर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपियो से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# चैन स्नेचिंग गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने बडी सफलता हासिल करते हुए चैन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का राजफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह का सरगना समेत चार लोग अभी फरार है। जिनकी तलाश में टीमें लगी हुई है।

मामले का खुलासा करते हुए सिटी डीएसपी वीरेंद्र शर्मा व शहर कोतवाल पवन चौबे ने बताया कि करीब चार महीने पहले चार अगस्त को शहर की कामिनी गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह शाम को मंड्रेला रोड से अपनी बेटी को लेकर स्कूटी से आ रही थी तो गाडिया भवन के पास दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उसके गले की चैन तोड ली। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों के पीछे लगी हुई थी। इसी दरमियान आरोपियों ने गाडिया भवन के पास ही एक मकान में घुसकर बुजूर्ग महिला की चैन तोडी और इसी के पास एक गली में एक अन्य महिला की चैन भी तोड ली। लगातार हो रही वारदातों के बाद कोतवाली पुलिस ने लगातार आरोपियों का पीछा किया। जिसके बाद पुलिस ने अलवर से शातिर चैन स्नेचर विक्रम बावरिया गैंग के तारिया उर्फ दारासिंह पुत्र भोपाल बावरिया निवासी शिरावास पुलिस थाना अकबरपुर जिला अलवर तथा विक्रम सिंह पुत्र रामपत बावरिया निवासी टापरी पुलिस थाना कोटपुतली को गिरफ्तार कर लिया।

अभी तक गैंग का मुख्य सरगना विक्रम बावरिया फरार चल रहा है। बताया जाता है कि विक्रम बावरिया शातिर चैन स्नेचर है। जिस पर चैन स्नेचिंग समेत अन्य वारदातों के 4० से अधिक मामले दर्ज है। इस गैंग ने ना केवल झुंझुनूं शहर की तीन वारदातों, बल्कि सीकर, नीम का थाना, पिलानी, जयपुर, चिडावा व राजगढ में भी चैन स्नेचिंग की वारदातें कबूली है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पूरे गैंग के साथ वारदात करते थे। जिनमें दो आरोपी बाइक पर और शेष सभी आरोपी एक पिकअप में होते थे। दो आरोपी चैन स्नेचिंग करते। इसके बाद आगे चलकर पिकअप गाडी में बाइक को डालकर सभी फरार हो जाते। पकडे जाने की स्थिति में भी पिकअप से मौके से भागने का प्लान पहले से तैयार रहता। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# 'मोदी सरकार किसानों के कर्जे माफ क्यों नहीं करती'

## पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मोदी सरकार पर बोला बड़ा हमला और उठाए सवाल

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने किसानों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने की घटना को लेकर आज केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला और मोदी सरकार को किसान विरोधी करार दिया। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आज एक फिर केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है।

शंभपुरा बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे किसानों के आगे पुलिस ने सरिए लगा दिए, उन पर लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, ये केंद्र की मोदी सरकार का घिनौना चेहरा देखने को मिला। उन्होंने मोदी सरकार से सवाल किया कि, मोदी ये आप से मांग क्या रहे है, एमएसपी और कर्ज माफी, जब मोदी आपकी सरकार बड़े उद्योग पतियों दोस्तों के कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं हो सकते, उन्होंने कहा कि जब केंद्र में यूपीए की मनमोहन सरकार और राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार थी, तब किसानों के हित कई फैसले किए और लाखों करोड़ों के कर्ज माफ किए। इतना ही नहीं, किसानों के लिए अलग बजट भी जारी किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों पर प्रहार करते कहा कि केंद्र के कृषि मंत्री शिवराज सिंह और कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी किसानों की समस्या और उनकी मांगों के संबंध में कुछ नहीं बोल रहे है। जबकि इनको किसानों केलिए आगे आना चाहिए।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ खुद कह रहे किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है, वें सरकार को फटकार भी रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और नेताओं को सिर्फ सत्ता हथियाने का तरीका आता है, देश की जनता और किसानों से उनका कोई सरोकार नहीं है। हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे किसानों के हित की बात कह रहे है और महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। इससे साफ जाहिर कांग्रेस पार्टी ही सच्चे तौर पर किसानों की पैरवी करने वाली पार्टी है।

# युवक की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## घटना के काम में ली गई बोलेरो कैंपर को किया जप्त

**सादुलपुर।** बोलोरो कैंपर की टक्कर मारकर युवक की हत्या मामले में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना के काम में ली गई बोलेरो कैंपर को भी जप्त कर लिया गया।

देर शाम 7.45 बजे जारी प्रेस नोट में हमीरवास थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में टीम का गठन किया तथा आरोपियों की तलाश शुरू की तथा आरोपियों की तलाश के दौरान शनिवार को मामले में आरोपी सोनू शर्मा पुत्र कृष्ण कुमार ब्राह्मण उम्र 26 साल तथा ईश्वर पुत्र कृष्ण कुमार ब्राह्मण उम्र 24 साल निवासी गांव ब्राह्मणों का बास पुलिस थाना हमीरवास तहसील राजगढ जिला चूरू को गिरफ्तार कर घटना के काम में ली गई बोलेरो कैंपर गाडी को जप्त करने की कार्रवाई की गई है।

थाना अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान में सामने आया कि मृतक पक्ष व आरोपी पक्ष के बीच करीब पांच माह पूर्व झगडा हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष जो मृतक पक्ष से रंजिश रखता था तथा दिनांक ०5 दिसंबर 2०24 को जयवीर पुत्र सत्यवीर जाट निवासी ब्राह्मणों का बास की बोलेरो कैंपर गाडी से टक्कर मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि ०6 दिसम्बर 2०24 को वीरपाल पुत्र जागेराम जाट उम्र 27 वर्ष निवासी ब्राहमणों का बास पुलिस थाना हमीरवास तहसील राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि दिनांक ०5 दिसम्बर 2०24 को समय करीब सांय 7.3०-7.45 बजे लगभग वह तथा जयवीर उम्र 33 साल दोनों अपने गांव की सार्वजनिक धर्मशाला के आगे सीमेंट की बैंच पर बैठे बातें कर रहे थे। तभी तभी गांव जसवंतपुरा की तरफ से एक बोलेरो कैम्पर गाडी आई, जिसको सोनू पुत्र कृष्ण कुमार ब्राहमण चला रहा था एवं उसके साथ उसका सगा भाई ईश्वर,अंकित उर्फ पिन्टू पुत्र विद्याधर जाट निवासी नन्दा का बास भी गाडी में बैठा था।

आरोप लगाया कि आरोपियों ने जयवीर को गाडी के पिछले हिस्से ड्राईवर साईड से जान से मारने के नियत से 3-4 बार टक्कर मारी। जिसके कारण जयवीर को गंभीर चोटें लगी। गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपीगण गाडी लेकर मौके से भाग गये। घटना के बाद गंभीर हालत में जयवीर को पिलानी के अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमीरवास थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



पुलिस ने हत्या के दो आरोपी पकड़े।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज मालासेरी डूंगरी में

## भगवान देवनारायण की आरती एवं परिक्रमा से शुरू होगा महाभक्ति कार्यक्रम

■ जिला कलेक्टर और एसपी ने मालासेरी में तैयारियों का जायजा लिया

**आसीन्द** (निसं)। आसींद मालासेरी में रविवार को 8 व 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले महाभक्ति कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला हेलीकॉप्टर के माध्यम से मालासेरी पहुंचेंगे।

वही कार्यक्रम में दक्षिण दिल्ली सांसद रामवीर सिंह विधूड़ी, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, राजस्थान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, जम्मू कश्मीर से नक्शबंदी गद्दीनशीं दरबार ए यूनिसिया कुपवाड़ा से पीर मोहम्मद मकबूल, अधिवक्ता शौकत हुसैन व पीर सजाद खालिद सहित कई मंत्री व विधायक क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला, दीप्ति माहेश्वरी विधायक राजसमंद, सुरेंद्रसिंह राठौड़ पूर्व मंत्री विधायक कुंभलगढ़ आमेट , हरि सिंह रावत विधायक भीम, उदयलाल भडाना विधायक मांडल, अशोक कोठारी विधायक भीलवाड़ा, लादू लाल पितलिया विधायक रायपुर सहाड़ा मालासेरी डूंगरी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



आसींद मालासेरी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरना के आने की सूचना पर मौका स्थल का जायजा लिया।

कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर अंतिम रूप दिया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता और जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मालासेरी पहुंचकर व्यवस्थाओं व तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा मालासेरी मंदिर पुजारी हेमराज पोसवाल से कार्यक्रम व तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधिकारी ने हेलीपेड, यज्ञ स्थल तथा मुख्य मंदिर पर पहुंचने वाले रास्ते सहित कई स्थानों का गहनता से अवलोकन किया।

तैयारियों की जानकारी देते हुए पुजारी हेमराज पोसवाल ने 8 और 9 दिसंबर को होने वाले समारोह की जानकारी दी । 8 दिसंबर को ध्वजारोहण, पूजा अर्चना से समारोह का शुभारंभ होगा फिर पवित्र मालासेरी डूंगरी के परिक्रमा और सांय मुख्य समारोह होगा। 9 दिसंबर को एक शाम श्री जालवाला नाथ के नाम महाभक्ति कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें 500ड्रोन शो द्वारा भगवान देवनारायण जी की स्तुति को आसमान में प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन अयोध्या की तरह लाइट एंड साउंड से भव्य बनाया जा जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में लगे पूर्व एडीजे किशनलाल गुर्जर, ऐडवोकेट अतरसिंह , नीरज सिंह, मनसुखसिंह, प्रहलाद सिंह सहित आसींद क्षेत्र के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में परिक्रमा पथ की साज सज्जा और मार्ग का प्रशासनिक अधिकारियों को अवलोकन करवाया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जयदेव चाड़ , उपाध्यक्ष शंभूराम , सचिव घासीराम गुर्जर , आंजना देव प्रतिष्ठान के धर्मीचंद गुर्जर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों की अगवानी पूर्व विधायक लक्ष्मीलाल गुर्जर और रामलाल गुर्जर सहित आसींद के वरिष्ठ नागरिक करेंगे। इसी तरह भीलवाड़ा के युवा लाल पगड़ी में और महिलाएं ठाामीण वेशभूषा में आएंगी। मालासेरी डूंगरी में दो दिवसीय देव भक्ति समारोह को लेकर उत्साह बना हुआ हैं।

# जैन साध्वी की प्रतिमा खंडित करने का प्रयास, आरोपी हिरासत में

**भीलवाड़ा।** भीमगंज थाना क्षेत्र के भीलवाड़ा-कोटा मार्ग पर स्थित अंहिसा सर्किल के समीप श्री यश कंवर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित जैन श्वेताम्बर श्रमण संघ की प्रमुख साध्वी श्रीयश कंवर जी म.सा. की प्रतिमा को अज्ञात शरारती तत्व द्वारा खंडित करने की कोशिश की गई।

■ अज्ञात शरारती तत्वों ने प्रतिमा के बाहर लगे कांच को फोड़ दिया

शरारती तत्व द्वारा प्रतिमा के बाहर लगे कांच को फोड़ दिया गया। इसी बीच ट्रस्ट के पदाधिकारियों को जानकारी मिलने पर उन्होने पुलिस के आलाधिकारियो को सूचना दी। मौके पर पहुंची भीमगंज थाना पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया। भीमगंज थाना प्रभारी दिनेश कुमार का कहना है कि आरोपी विक्षिप्त है। इस बात की जानकारी ट्रस्ट के पदाधिकारियों को भी है। प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की खबर से जैन समाज मे आक्रोश व्याप्त हो गया। विदित रहे कि अहिंसा सर्किल चौराहे पर प्रमुख साध्वी श्री यश कंवर जी म.सा. की प्रतिमा लगाये जाने और उसके अनावरण कार्यक्रम का उसी दौरान जैन समाज के प्रमुख लोगो ने काफी विरोध किया था। मगर कुछ लोगो ने प्रतिमा को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर कार्यक्रम को आयोजित किया।



साध्वी श्रीयश कंवर की प्रतिमा को खंडित करने का प्रयास किया।

# लेकसिटी में पौने तीन डिग्री पारा, सर्दी तेज होगी

■ झीलों के शहर में दिन का तापमान 26 डिग्री के आसपास रहता है

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में दिन के तापमान में स्थिरता के साथ ही न्यूनतम तापमान पूरे सप्ताह 10 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड होने के बाद एक बार फिर रात के तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में एक ही दिन में पौने तीन डिग्री की गिरावट हुई है। वहीं इस सप्ताह सर्दी तेज रहने की संभावना है और तापमान में 6 से 7 डिग्री की और गिरावट होगी।

झीलों के शहर में दिन का तापमान 26 डिग्री के इर्द-गिर्द घूम रहा है वहीं न्यूनतम तापमान भी दो अंकों में रिकॉर्ड किया जा रहा था लेकिन शनिवार को तापमान में एक बार फिर गिरावट हुई है। दिन के तापमान में लगातार बढोतरी से अब लगातार धूप सेवन भी चुभन देने लगा है लेकिन यह सप्ताह कड़ाके की सर्दी का रहेगा। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 26.8 डिठाी व न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। शुक्रवार को यह तापमान क्रमशः 26 डिठाी व 12.6 डिग्री था। एक ही दिन में न्यूनतम तापमान में 2.7 डिग्री की गिरावट हुई है। इधर, मौसम विज्ञानियों की माने तो सर्द हवाओं के झोर पकड़ने के साथ ही शहर में सर्दी बढेगी और आगामी दिनों में तापमान में छह से सात डिग्री की गिरावट हो सकती है।

इधर, इस बार नवम्बर में जैसी सर्दी पड़नी थी वैसा टॉर्चर अब तक दिखाई नहीं दिया है हालांकि नवम्बर की शुरूआत में तेज ठंड का असर देखा गया था लेकिन तापमान में लगातार वृद्धि ने यकायक सर्दी को स्थिर कर दिया है। वहीं इस बार शीत लहर ही सर्दी को बढ़ाएगी ऐसे में जब तक हवाएं चलेगी ठंड अपना रोद्र रूप दिखाएगी बाकि दिनों में ठंड सामान्य सी बनी रहेगी।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर

**डूंगरपुर,** (निसं)। कुआं थाना क्षेत्र के सेंडोला गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने गांव पीठ से कुआ शादी में जा रहा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुआं थाने के हैड कॉनि.ने बताया की पीठ निवासी जयंतीलाल लोहार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार शाम को उसका बेटा मनोज लोहार घर से बाइक लेकर कुआं शादी में जाने के लिए निकला था। इस दौरान सेंडोला गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मनोज को सिर व हाथ.पैर में गंभीर चोंट आई। जिस पर उसे गंभीर अवस्था में चिखली सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सागवाडा के लिए रेफर किया गया। जहां सागवाडा में एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान मनोज की मौत हो गई।

## बेटरी व इन्वर्टर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। दुकान एवं गोदाम से इन्वर्टर व बेटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 43 बेटरी व 39 इन्वर्टर बरामद किए है।

प्रकरण के अनुसार भूपेन्द्र कुमार जैन पुत्र कांतीलाल जैन निवासी दुकान नं. 2 तोरण बावड़ी ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिलापुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं पीडित से की गई पूछताछ के आधार पर मामले का खुलासा करते हुए दुकान पर काम करने वाले नोकर शाहरूख खान पुत्र मजूर खां निवासी दीवानशाह कॉलोनी एवं समीर पुत्र मो. इश्तियाक खान निवासी दिवानशाह कॉलोनी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने दुकान व गोदाम की नकली चाबी बना बेटरी व इन्वर्टर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही से 39 इन्वर्टर व 43 बैटरी बरामद की।

# आग से कच्चा घर जलकर राख हुआ

■ परिवार के लोगों ने बाहर निकलकर बचाई जान

■ सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में हुआ हादसा

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में एक केलूपोश कच्चें घर में आग लग गई। आग से कच्चा घर जलकर राख हो गया।

घर में सो रहे परिवार ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाडी ने घण्टे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर जलकर राख हो गया था। सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में नंदलाल पुत्र गैना खराडी के कच्चे केलूपोश घर में शुक्रवार रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। घर से आग की लपटें और धुंआ उठने लगा। आग लगते ही नंदलाल और उसके परिवार के लोग उठ गए और दौडकर घर से बाहर निकल गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौडकर पहुंचे।

लोगों ने बर्तनों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। हादसे की सूचना पर डूंगरपुर नगर परिषद से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर की टीम शंकर कटारा, अशोक ननोमा, मुकेश सुथार ने करीब घण्टे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कच्चा केलूपोश घर जलकर राख हो गया था। घर में रखा अनाज, कपडे, खाने पीने का सामान ओर अन्य चीजें जल गई। इससे परिवार को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## जान से मारने की धमकी दी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षैत्र में स्थित फेक्ट्री में घुस आरोपियों ने कब्जा करने की नियत से मैनेजर को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लोयरा बडगांव स्थित श्रुति सिंथेटिक्स फेक्ट्री के मैनेजर बाबुलाल जांगिड ने भरत मालानी, नरेन्द्र व साथी के खिलाफ कब्जा करने की नियत से जबरन फेक्ट्री में घुस जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज करवाया।

## बीमार महिला की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। एमबी चिकित्सालय में उपचाररत महिला की मौत हो गई। अन्यत्र जहरीले जानवर के काटने से अचेत महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र पुरोतिों की मादड़ी निवासी संतोष (48) पत्नी हिम्मत सिंह राठौड़ की अचानक तबीयत खराब होने पर 5 दिसंबर को परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल उम्मेदाराम ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह गत दिनों हिरणमगरी थाना क्षेत्र की लेमडी बाई (31)पत्नी रोशनलाल मीणा निवासी उन्दरा खेत आम्बूआ उमरड़ा को विषाक्त जानवर के काटने पर परिजनों ने गत दिनों उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई जीवननाथ ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। खेत पर काम करते समय बाये पांव में जहरीले जानवर ने काट खाया था।

## वाहन चोरी

**उदयपुर।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र से अज्ञात बदमाश पीकअप वाहन चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित धाभाईजी की हवेली के सामने देवाली निवासी लाभचन्द्र पुत्र धर्मनारायण गुर्जर ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 1 दिसंबर रात मैं मैने मेरें भाई का पीकअप वाहन श्रीनाथ होटल के सामने गली में खड़ा किया था। जो दूसरे दिन मौके पर नहीं था।

# एक करोड़ की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** टिब्बी थाना पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से 251 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। वहीं, मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करने पर एसपी ने बशीर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सुखपाल सिंह और बीट कॉन्स्टेबल राहुल मीणा को सस्पेंड किया गया है।

एसपी अरशद अली के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों, जुआ, सट्टा, क्रिकेट बुक्की, अवैध फायर, आर्म्स व अवैध धंधों की रोकथाम और नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए जीरो टोलरेंस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की पालना सभी थाना, चौकी प्रभारी व बीट कॉन्स्टेबल को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सख्ती से करवाए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद नशा तस्करी से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। एसपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि टिब्बी पुलिस थाना क्षेत्र के गांव गुडिया में कुछ युवक बड़े स्तर पर चिट्टा (हेरोइन) की खरीद-फरोख्त का कारोबार कर रहे हैं। वे अपने घरों में आसपास के नौजवान युवकों को चिट्टे का नशा करवाते हैं।

इस पर उन्होंने आरोपियों की ओर से किए जा रहे नशा खरीद-फरोख्त कारोबार का वीडियो मुखबिर के जरिए बनवाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए। जिला विशेष टीम के माध्यम से लगातार निगरानी रखवाकर आवश्यक आसूचना का संकलन करवाया गया। प्राप्त आसूचना को सत्यापित करवाया गया। इसी क्रम में जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की सूचना पर टिब्बी थाना पुलिस ने देर रात्रि को गांव गुडिया में सिकन्दर खान के मकान के बाहर गली आम में कार्रवाई करते हुए 251 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर कार सवार सिकन्दर खान (22) पुत्र अबूब शाह उर्फ भूप खान निवासी वार्ड पांच, गांव गुडिया को गिरफ्तार किया, जबकि अहमद नवाज उर्फ चिड़िया खान नाम का शख्स भागने में कामयाब रहा।

पुलिस ने मौके से कार जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। अनुसंधान संगरिया पुलिस थाना प्रभारी एसआई तेजवंत सिंह की ओर से जारी है। इस कार्रवाई में डीएसटी सेक्टर हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही। एसपी के अनुसार जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। एसपी अरशद अली ने बताया कि नशा एवं मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देशों की पालना नहीं करने पर बशीर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सुखपाल सिंह और बीट कॉन्स्टेबल राहुल मीणा को सस्पेंड किया गया है। टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह की भूमिका की भी जांच करवाई जा रही है। एसपी ने बताया कि मौके से फरार आरोपी अहमद नवाज उर्फ चिडिया (52) पुत्र जान मोहम्मद निवासी गुडिया के खिलाफ पूर्व में विभिन्न थानों मे मारपीट, आर्म्स, एनडीपीएस एक्ट के 35 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी अहमद नवाज उर्फ चिडिया टिब्बी पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

# विपक्ष का चेहरा कुछ और, चरित्र कुछ और : शेखावत

## चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने साधा निशाना

■ अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में विपक्षी दलों के लिए कहा कि जिनको लोकतंत्र की इस व्यवस्था में जनता ने नकार दिया है, वो सारे लोग अब पराजय को इस तरह से अपनी खींझ के रूप में अभिव्यक्त कर रहे हैं

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे विपक्ष दलों पर एकबार फिर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विपक्ष का चेहरा कुछ और है और चरित्र कुछ और। यह एक बार फिर देश की जनता के सामने प्रकट हो रहा है।

शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में विपक्षी दलों के लिए कहा कि जिनको लोकतंत्र की इस व्यवस्था में जनता ने नकार दिया है, वो सारे लोग अब पराजय को इस तरह से अपनी खींझ के रूप में अभिव्यक्त कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता इनके चाल, चरित्र और चेहरे को पहचान चुकी है। आज भारत का लोकतंत्र 75 साल से ज्यादा का हो गया है। जिस संविधान को लेकर वो जगह-जगह अपना प्रदर्शन करते हैं या जिस संविधान को बचाने का संकल्प लेते दिखाई देते हैं, उस संविधान में जो प्रोसीजर (प्रक्रिया) लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने के लिए बनाए गए हैं, उन प्रोसीजर्स को ही वो ठुकराते और झुठलाते हुए दिखाई देते हैं।

सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य का विषय है कि गृहमंत्री जी स्वयं सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में यहां पधार रहे हैं। पहले यह कार्यक्रम सिर्फ दिल्ली में हुआ करते थे, लेकिन मोदी जी की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यह तय किया गया कि इन कार्यक्रमों को हम अलग-अलग जगह पर करें। शेखावत ने कहा कि यह कार्यक्रम दो साल पहले जैसलमेर में आयोजित हुआ। इस बार जोधपुर में आयोजित हो रहा है। यह जोधपुर और मारवाडवासियों के लिए अत्यंत प्रसन्नता का अवसर है।

**संविधान एक लिविंग डॉक्यूमेंट :-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शेयर किए लेख को लेकर पूछे सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का संविधान एक लिविंग डॉक्यूमेंट होने के साथ-साथ हम भारत के लोगों के लिए एक पुस्तक से कहीं अधिक है। संविधान की मूल प्रति में जिस तरह से भारत की भावनाओं को, भारत के लोगों के विचार को, भारत के लोगों की आस्था को, भारत के सिद्धांत को, भारत के जीवन को जिस तरह से विभिन्न चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया गया, यह केवल पुस्तक नहीं है, हमारे जीवन पद्धित के एक दर्पण के रूप में है। जिसके आधार पर काम करते हुए आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने उसे जरूर पढ़ें, ऐसा लिखकर ट्वीट किया है। मैं हृदयपूर्वक प्रधानमंत्री का अभिनंदन करता हूं।

# गोदारा कॉलेज में कबाड़ हो रहीं 168 स्कूटी

**श्रीगंगानगर** (निस)। श्रीगंगानगर में पूर्व कांग्रेस सरकार के समय की सत्र 2022-23 की 168 बालिकाओं को स्कूटी वितरण का इंतजार अभी तक जारी है। इन बालिकाओं को स्कूटी वितरण की घोषणा पूर्व सरकार ने की थी, लेकिन अभी तक यह वितरण नहीं हो पाया है। इस बीच, भाजपा सरकार ने प्रदेशभर के कॉलेजों में सत्र 2023-24 की 3,695 स्कूटी के वितरण समारोह की तारीख घोषित कर दी है। इससे 2022-23 के सत्र की बालिकाओं में निराशा है।

वे अपने हक की स्कूटी का इंतजार कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। 2023-24 सत्र की श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले की 370 छात्राओं को 14 दिसंबर को स्कूटी प्रदान की जानी है। हैरानी की बात है कि 2024 खत्म होने को है और गोदारा कॉलेज के हॉल में दोनों जिलों की 168 स्कूटियां कबाड़ हो रही हैं। नोडल अधिकारी मनोज बजाज के अनुसार 2023-24 सत्र की 370 स्कूटियों के वितरण के बाद 168 स्कूटियों के बांटने का काम शुरू हो सकता है। सत्र 2023-24 की ये स्कूटियां जल्द ही कॉलेजों में पहुंच जाएंगी। जिला स्तरीय प्रोग्राम अलग से आयोजित किए जाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में पहली बार यह आयोजन हो रहा है। इसे देखते हुए आयुक्तालय की ओर से काफी सतर्कता बरती जा रही है। आयोजन की तैयारी को लेकर गुरुवार को आयुक्त ओपी बैरवा ने प्रदेशभर के कॉलेजों के नोडल अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। विभागीय सूत्रों के मुताबिक स्कूटियां दो बड़ी नामी कंपनियों की हैं। ये संबंधित जिलों में डीलरों के पास पहुंच गई हैं। अब यहां से कॉलेजों द्वारा बताए जाने वाले स्थानों पर भेजी जाएंगी। जानकारी के अनुसार सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री द्वारा राज्यस्तरीय कार्यक्रम के जरिए वर्ष 2023-24 की स्कूटियों का वितरण किया जाना है।

कॉलेज में सभाहाल में स्कूटियां खड़ी करवाई गईं हैं। इसके चलते कॉलेज में होने वाले रूटीन के कार्यक्रम भी प्रभावित हो रहे हैं। फर्स्ट इ्यर में आवेदन करने के बाद फाइनल में पहुंची 2021-22 व 2022-23 में आवेदन करने वाली 358 बालिकाओं में से अब तक 190 बालिकाओं को स्कूटी का आवंटन हो चुका है जबकि 168 बेटियां आज भी स्कूटियों का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। लेकिन अब कई बालिकाएं फाइनल इ्यर पास कर चुकी हैं तो कई फाइनल इ्यर में हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि सरकार की ओर से कॉलेज आने-जाने के लिए स्कूटी का वितरण किया जाता है। लेकिन फर्स्ट इ्यर में आवेदन करने के बाद बालिकाओं को अपने स्तर से ही कॉलेज आना-जाना पड़ता है।

# नई कॉलोनीयों में पाइप लाइन बिछाकर पानी उपलब्ध कराया जाये : केंद्रीय मंत्री चौधरी

■ केंद्रीय मंत्री चौधरी ने समस्या के समाधान के लिये जलदाय विभाग को निर्देश दिया

**मदनगंज-किशनगढ,** (निस)। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा की घर घर पानी योजना के अंतर्गत शीघ्र ही शहरी क्षेत्र की नई कॉलोनियों में पानी उपलब्ध कराया जायेगा। भाजपा युवा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमण्डल ने केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात कर विकट समस्या के संदर्भ में ज्ञापन सौपा।

इनका कहना था की खोडा गणेश रोड स्थित नई कॉलोनियों में पानी के लिये परेशान होना पड रहा है, जलदाय विभाग को कई मर्तबा शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसके चलते क्षेत्रीय वाशिंदों को टेंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा है। क्षेत्र में उच्च जलाशय बनाने के साथ नई पाइप लाईन डालने से लोगो को राहत मिल सकेगी। भाजपा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि खोडा गणेश रोड़ स्थित राधा माधव रेजीडेंसी, सिद्धि विनायक कॉलोनी, बीएलजी नगर, रिद्धि सिद्धि विहार व आशियाना सहित अन्य कॉलोनियों में पीने के पानी की विकट समस्या है। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने जायज समस्या के समाधान के लिये जलदाय विभाग को निर्देश दिया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घर घर जल योजना को धरातल पर उतारा जा चुका है, इसलिये नई कॉलोनियों में जल्द पानी उपलब्ध कराया जाये। शिष्टमंडल मेंशिव सेना जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, खेमचंद कुमावत, अभिजीत, गणेश शर्मा, आरव, मयंक शर्मा, लक्षित शर्मा, प्रदीप जैन, विष्णु सैन, जीतू जोशी आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त

### शर्मा बने सांस्कृतिक सचिव

मनोहरपुर,(निसं)। कस्बा निवासी मुकेश कुमार शर्मा दी बार एसोसिएशन शाहपुरा के वार्षिक चुनाव 2024 के लिए नामांकन वापस लेने के बाद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। शर्मा पूर्व में भी शाहपुरा बार में उपाध्यक्ष पद पर 2 वोट से विजय हुए थे। शर्मा को निर्वाचित होने पर एडवोकेट अशोक कुमार व्यास, उपेंद्र आत्रेय, रसीद मोहम्मद, परवेज खान, प्रेम प्रकाश, कृष्ण कुमार वर्मा, लालराम, राजेश बुनकर, सुलतान सिंह ने साफा और माला पहनाकर स्वागत किया।

### 8वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

**अलवर।** सहकर भारती संस्था का जिला महामंत्री हेमंत कुमार सैन बताया कि अलवर जिले से जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंघल ,महामंत्री हेमंत कुमार सेन ,संगठन प्रमुख प्रेम नारायण शर्मा ,विनोद जी शर्मा, संरक्षक जगदीश जी मीणा भी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले व पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया संबोधित करेंगे। एवं 8 दिसंबर को सायं 4:00 बजे होने वाले समापन समारोह में सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी संबोधित करेंगे इस सम्मेलन में देश भर के 2500 दायित्ववान कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। यह सम्मेलन हर 3 वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**निवाई,( निसं)।** अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज छात्रावास में रविवार को ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया व समिति के अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण बालिका छात्रावास में बैठक आयोजित होगी। जिसमें छात्रावास समिति के अध्यक्ष के चुनाव की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जाएगा एवं चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्ष से प्राप्त प्रस्ताव व सुझावों पर चर्चा करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### रैगर महासभा टोंक की बैठक आज

**निवाइ,(निसं)।** अखिल भारतीय रैगर हासभा टोंक की बैठक रविवार को सुबह 11 बजे अन्नपूर्णा बम्बोर रोड जिला छात्रावास भवन टोंक में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह देवली के लिए समस्त तहसील अध्यक्षों द्वारा एकत्रित की गई राशि प्राप्त कर जमा किया जाएगा। साथ ही छात्रावास निर्माण की समीक्षा एवं महासभा आपके द्वार कार्यक्रम सहित संगठन को मजबूत करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। जिला अध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### वितरित किए जर्सी एवं कैप

**निवाई,( निसं )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा में भामाशाह राजस्थान उच्च न्यायलय जयपुर के एडवोकेट आशीष चौहान ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए जर्सी एवं कैप वितरित की। जर्सी प्राप्त कर सभी विद्यार्थियो के चहरे खिल उठे। भामाशाह चौहान का शाला प्रबंधन समिति ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पंचायत प्रा. शिक्षा अधिकारी अनुराधा वर्मा, शाला प्रबन्धन समिति सदस्य छोटूलाल गुर्जर, राधाकिशन गुर्जर, हनुमान गुर्जर, अध्यापक दिनेश विजय, रूमाली मीणा, अनिता जैन, पूजा वर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। 08 निवाई- राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा में जर्सी एवं कैप वितरित करते हुए भामाशाह।

### वितरित किया घरेलू सामान

**निवाई,( निसं ) ।** चावंड माता मानव सेवा संस्थान धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को जरूरत मंद लोगों को घरेलू सामान वितरित किया है। इस दौरान केआर शर्मा, सुनीता शर्मा, रमेशचन्द शर्मा, बाबूलाल बापलावत, रामबाबू बापलावत, शंकर कोठोत्या, कैलाश कोठोत्या व सूरज जैनावत ने निवाई सहित कई शिवदासपुरा, चाकसू, कोथून कस्बों में निशक्तजन, बेसहारा व जरूरत मंद लोगों को कंबल, दाल, चावल व कपड़े वितरित करके मानव सेवा का नेक व सराहनीय कार्य किया है।

# ट्रांसफार्मर की हो रही है लगातार चोरी

**आमेर, (निसं)।** आमेर क्षेत्र के कई इलाकों में गत रात क्षेत्र में बिजली उपकरणों की चोरी की घटनाओं में भारी वृद्धि देखी गई। लबाना फीडर के अंतर्गत आने वाली आशा काली की ढाणी में एक तीन-फेज ट्रांसफार्मर की चोरी की घटना सामने आई। इसके अलावा, भानपुर फर्स्ट फीडर में भी एक ट्रांसफार्मर और कूकस क्षेत्र में तीन-फेज ट्रांसफार्मर की चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन घटनाओं से न केवल स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि बिजली विभाग के अधिकारी भी चिंता में हैं। बताया जा रहा है कि यह चोरी रात के समय हुई, जब लोग गहरी नींद में थे। चोर बड़ी ही चालाकी से ट्रांसफार्मर को खोलकर अपने साथ ले गए। इन ट्रांसफार्मरों की चोरी के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। लबाना फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों में लोगों को पानी की कमी और अन्य दैनिक कार्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भानपुर फर्स्ट फीडर की घटना में भी चोरों ने बड़ी सावधानी से ट्रांसफार्मर को हटाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी करने वाले शायद पहले से ही इलाके की जानकारी जुटा चुके थे।



काली की ढाणी में एक तीन-फेज ट्रांसफार्मर की चोरी ।

- भानपुर फर्स्ट फीडर में भी एक ट्रांसफार्मर और कूकस क्षेत्र में तीन-फेज ट्रांसफार्मर की चोरी की रिपोर्ट दर्ज

इसी तरह, कूकस क्षेत्र में भी एक थ्री-फेज ट्रांसफार्मर चोरी होने से पूरा इलाका अंधकार में डूब गया है। इन घटनाओं का सबसे अधिक प्रभाव स्थानीय निवासियों पर पड़ा है। बिजली आपूर्ति बंद होने से घरेलू और व्यावसायिक कार्यों में रुकावट आ रही है। किसानों को फसल की सिंचाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन ट्रांसफार्मरों के माध्यम से पंपिंग सेट संचालित होते थे। इसके अलावा, क्षेत्र में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

बिजली विभाग को इन घटनाओं के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ट्रांसफार्मरों की कीमत और उनकी मरम्मत की लागत काफी अधिक होती है। इन घटनाओं के बाद विभाग ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने और निगरानी के लिए कदम उठाने की बात कही है। पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई चोरी की घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। प्राथमिक जांच में चोरों द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों और घटनास्थल पर छोड़े गए सबूतों का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने बताया कि यह संगठित गिरोह की कारस्तानी हो सकती है, जो पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और ऐसे उपकरणों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाने की मांग की है। वहीं, बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर चोरी के मामलों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को कड़ा करने की योजना बनाई है।

लबाना फीडर, भानपुर फर्स्ट फीडर, और कूकस क्षेत्र में हुई ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाएं स्थानीय निवासियों और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। इस तरह की घटनाओं से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि लोगों के दैनिक जीवन पर भी गहरा असर पड़ता है।

## किसान महापंचायत की हुई बैठक

**निवाई,(निसं)।** कृषि उपज मंडी में शनिवार को किसान महापंचायत की बैठक आयोजित हुई जिसमें ईसरदा बांध का पानी निवाई क्षेत्र को और किसान दिवस को मनाने पर चर्चा की गई। किसान महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि बैठक में किसान दिवस को मनाने की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि निवाई क्षेत्र से लगभग 1 हजार किसान ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य साधनों से किसान दिवस पर टोंक कूच करेंगे। जिसमें निवाई क्षेत्र की मुख्य मांगे ईसरदा बांध का पानी सिंचाई के लिए निवाई क्षेत्र को नहरों द्वारा चाहिए और सुअरों द्वारा फसलों के नुकसान को रोका जाए व प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खरीद केंद्र खोला जाए आदि मुद्दों पर मांग की जाएगी। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला अध्यक्ष गोपी जाट, सीताराम, शंकरलाल मीणा, जिला मंत्री मोहनलाल चौधरी, बाबूलाल मीणा, मुकेश डोई, लक्ष्मण मीणा, राधाकिशन मीणा, गोविंद चौधरी, कमलेश चौधरी, तुलसीराम , रामअवतार चौधरी, मधु लाल, रामस्वरूप व मुकेश कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# गोविंदगढ़ ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

**गोविंदगढ़ /अलवर ,( निसं )।** गोविंदगढ़ के नजदीकी गांव रामबास के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय मैं 7 दिसंबर शनिवार को युवा महोत्सव 24-25 ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव रामबास राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में हुआ सर्वप्रथम सरस्वती मंदिर में दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना छात्राओं ने की और स्वागत गीत गाये उसके बाद कार्यक्रम संचालित रहा ब्लॉक गोविंदगढ़ (अलवर )आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा विधायक सुखवंत सिंह का भव्य स्वागत किया गया ।

जन-जन के लाडले हमारे चहते विधायक सुखवंत सिंह भावुक हो गए उन्होंने कहा आज मैं जो कुछ भी हूं आप सभी के प्यार और सहयोग से हूं यह मेरा गांव है मैं इसमें ज्यादा क्या कहूं बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी रुचि बढ़ाएं देश परिवार का गांव का नाम रोशन करें इस मौके पर तहसीलदार गोविन्दगढ़ राजेंद्र यादव ,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी



युवा महोत्सव 24-25 ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव रामबास राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में हुआ ।

विश्वजीत सिंह, राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज बाली ,रामबास ग्राम पंचायत सरपंच भोती देवी ,राजेंद्र कुमार शर्मा , शक्तिधर भारद्वाज पूर्व सरपंच, गंगा सिंह यादव पूर्व सरपंच, श्योसिंह सैनी पूर्व सरपंच एवं मीडिया कुर्मी उपस्थित रहे ,रवि सनातनी मंडल अध्यक्ष गोविंदगढ़ ,मोहित बटाना प्रधान प्रतिनिधि गोपाल सिंह, कालू पेंटर डायरेक्टर रामबास रविंद्र शर्मा रत्नाकर शर्मा सभी का माला एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह द्वारा की गई और उन्होंने बताया गया कि यह

- 695 प्रतियोगिता में ऑन लाइन आवेदन हुए

कार्यक्रम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया है जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रूचि दिखाएं यह कार्यक्रम राजस्थान सरकार की ओर से कराया गया जिसका पूरा खर्चा राजस्थान सरकार वहन करेगी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया 35बाई33 पुस्तकालय मय बरामदा बनेगा 10लाख राशि स्वीकृत हुए सांसद कोटे से हो गई है खेल मैदान 4 बीघा की बाउंड्रीवाल करावे करने के लिए विधायक रामगढ़ सुखवंत सिंह से आग्रह किया । 695प्रतियोगिता में ऑन लाइन आवेदन हुए है। जेपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नए-नए उपकरण बनाए और उनका प्रदर्शन किया जिन्हें विधायक सुखवंत सिंह ने भी देखा और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## सार-समाचार

### गोवंश को खिलाया हरा चारा व दलिया

**मनोहरपुर,(निसं)।** राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को माली सैनी महासभा पंचायत संस्था जयपुर जिला देहात के जिला अध्यक्ष श्री गुड्डू सैनी के नेतृत्व में अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से 101 लोगों को भोजन कराया, एवं खोरी स्थित परमानंद गौशाला में गौ वंशों को हरा चारा ,दलिया व गुड खिलाया। इस अवसर पर सैनी समाज शहर अध्यक्ष मन्ना लाल सैनी, संस्था के जिला उपाध्यक्ष गजानंद सैनी, फल सब्जी मंडी समिति अध्यक्ष मालीराम सैनी, सैनी समाज जिला मंत्री सुरेश सैनी, सैनी समाज तहसील अध्यक्ष गंगाराम सैनी,जिला सह मीडिया प्रभारी रवि सैनी , समाज सेवी अक्षय शर्मा , पूर्व जिला पार्षद फूलचंद बड़बड़वाल, गोरक्षक टीम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### महाविद्यालय ने निकाला जुलुस

**नारायणपुर,।** राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में श्रीमती हेमलता मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने 19 मेडल जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम करने में कामयाब रही। संस्था निदेशक शिशुपाल यादव ने बताया कि कॉलेज की 9 छात्राओं ने अलग-अलग खेलों में 15 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज व क्षेत्र का मान बढाया है। इस अवसर पर शनिवार को महाविद्यालय परिवार की ओर से मेडल जीतने वाली बालिकाओं को खुले वाहन में बैठाकर डीजे के साथ कस्बे के मुख्य बाजार से जुलुस निकाला। इस दौरान दुकानदारों ने बालिकाओं का जगह-जगह साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। एथलेटिक्स में जिया जाट व पूजा देवी का आल इण्डिया टीम में चयन हुआ हैं। वही गुड्डी यादव, टीना यादव, मनीषा सिरोहिवाल, मोनिका गुर्जर का आल इंडिया नेटबाल व निशा जाट, सुनीता गुर्जर का बेस्ट जॉन खो-खो में चयन हुआ हैं। संस्था निदेशक शिशुपाल यादव ने मेडल जीतने वाली प्रतिभागी जिया, पूजा देवी, कविता मीणा, पलक, सोनिया, रीतू, महिमा जाट, निकिता कंवर, महिमा चौधरी आदि को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अनिल स्वामी, प्रहलाद सैनी, राकेश चौधरी, उमेश लाटा, सुनीता यादव, रिंकू स्वामी, संदीप स्वामी, नीतू यादव, सुनील शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

**सिकराय , ( निसं)** उपखंड के सीकरी गांव में उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीना ने अपनी मां लाड़ देवी की इच्छा व स्व. किशन लाल वर्मा पूर्व विधायक की पुण्य स्मृति में अपने गांव सीकरी में शिवालय का निर्माण कराके शिव पंचायत की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा करवाई है। शिव पंचायत की प्राण-प्रतिष्ठा पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों की स्थापना की गई। कार्यक्रम में शिव पंचायत की फूलबंगला झांकी सजाई गई। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ललित कुमार आरएसीएस, राजेन्द्र आईआरएस, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीना, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुड़ला, गजराज खटाणा, पीपलकी सरपंच बत्तूराम मीना, बनवारी लाल मीना चांदेरा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिवराम मीना, गिर्राज मीना डोलिका,मानसिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में वीआईपी लोग मौजूद रहे।

### भगवान की शोभायात्रा निकाली

श्रीमाधोपुर । कस्बे के आराध्य देव श्री गोपीनाथ मंदिर में पांच दिवसीय श्रीजी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया । बारात मंदिर में स्थित मंडप में पहुंची, जहां राधारमण दास महाराज के सानिध्य में पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। पालकी में सवार होकर भगवान श्रीराम की बारात मंदिर परिसर में निकली तो श्रद्धालु विवाह भजनों पर नाचने लगे। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ रहीइसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए। श्रद्धालु बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते शोभायात्रा में शामिल हुए। मंदिर महंत डॉ. मनोहरशरण ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन से दोपहर 12.30 बजे भगवान की शोभायात्रा कस्बे के मुख्य बाजारों गोपीनाथ जी मंदिर से रवाना होकर चौपड़ बाजार सुरानी बाजार करोड़ बाजार अस्पताल चौराहा राजपथ बाजार से वापस मंदिर पहुंची।

# मंदिरों में चोरी से लोग आक्रोशित, बाजार बंद किए

**चौरु/उनियारा।** उनियारा शहर में चोरियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। चोरों ने शुक्रवार रात श्री चारभुजानाथ मंदिर समेत तीन मंदिरों मंदिरों के ताले तोड डाले। इनमें से दो मंदिरों में चोरी की। मंदिर से चांदी का छत्र, बांसुरी आदि आभूषण चुरा ले गए। मंदिर में आलमारी भी रखी हुई थी,उसका ताला टूट जाता तो लाखों रुपये के आभूषण भी चोरी हो जाते। चारभुजा जी मंदिरों में हुई चोरी के संदिग्थ चोर तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा दो अन्य मंदिरों में भी चोरों ने थोड़ा सामान चुराकर ले गए।

उधर, इसका पता शनिवार सुबह 7 बजे लगा तो लोगों में आक्रोश फैल गया। व्यापारी समेत अन्य लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते बाजार बंद कर दिया और जुलुस के रूप में सुबह उनियारा थाने के बाहर पहुंचे। जहां पुलिस मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। लोग थाने के बाहर धरने पर बैठ

- जुलूस निकालकर उनियारा थाने पर प्रदर्शन किया,
- एएसपी ने इन चोरियों के खुलासे के लिए 6 दिन का समय मांगा। लोग इससे सहमत दिखे और तीन घंटे बाद धरना, प्रदर्शन खत्म कर दिया

गए। लोगों का कहना है कि चुनावों के समय भी लाखों रुपयों की चोरी हुई थी। उसका भी पता नहीं नहीं लगा है।अब एक ही रात में तीन मंदिरों के ताले टूटना पुलिस की लापरवाही है। इसका पता लगने के बाद एएसपी बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश कर धरने से उठने के लिए समझाया,लेकिन लोगों ने कहा कि पहले हुई चोरियों का अभी तक सुराग नहीं लगा है। आखिरकार एएसपी ने इन चोरियों के खुलासे के लिए 6 दिन का समय मांगा। लोग इससे सहमत दिखे और तीन घंटे बाद धरना, प्रदर्शन खत्म कर दिया। एएसपी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य स्त्रोतों से चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। उनियारा कस्बे में हुई चोरी के बाद उनियारा थाना प्रभारी सूर्यभान सिंह मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द चोरों का पता लगा लिया जाएगा। कुछ दिनों पहले भी उनियारा में व्यापारी के गोदाम से लाखों रुपयों के सामान बदमाश चुराकर ले गए थे। वहीं ककोड़ में भी गोदाम से 80 गेहू के कट्टे चोरी हुए थे। इसके अलावा भी कई जगह चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस हर बार जल्द चोरों को पकड़ने का आश्वासन देकर बच जाती है


# जनसुनवाई में समस्या के तत्काल निराकरण के लिए दिए निर्देश

**पावटा।** विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए। जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे।

इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे

- समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनता के सुझाव भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, तभी होगा क्षेत्र का विकास : धनकड

प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुडे हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुडने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उमीद के साथ आते हैं और उनकी इन उमीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुडे हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुडने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं।





रोहित शर्मा को छठे नंबर पर बल्लेबाज करना बिल्कुल सही था। ये फैसला टीम के बैलेंस को देखते हुए एकदम सही रहा।
- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** राहुल द्रविड़



कुछ दिनों पहले पूर्व क्रिकेट विनोद कांबली और सचिन तेंदुलकर का एक वीडियो काफी वायरल हुआ। वहीं पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने ईमानदारी से कमेंट किया था। उन्होंने बताया था कि महान अनिल कुंबले को पहली ही गेंद पर छक्का जड़ने वाले विनोद कांबली और सचिन तेंदुलकर में क्या अंतर है। राहुल द्रविड़ कहते हैं कि मुझे लगता है कि सचिन तेंदुलकर के बचपन के दोस्त कांबली जब क्रिकेट मैदान में आए तो वह सबसे चर्चित क्रिकेटरों में से एक थे, लेकिन वह अपना कद बरकरार रखने में असफल रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेबू ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टैस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## नौवीं बार 'एशिया' फतह करने के इरादे से उतरेगी भारत की यूथ ब्रिगेड

दुबई, 7 दिसंबर। मोहम्मद अमान के नेतृत्व वाली भारतीय टीम रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप अंडर 19 के खिताब के साथ साथ टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में सेमीफाइनल में पड़ोसी देश से मिली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और बांग्लादेश 2024 सेमीफाइनल के दोबारा मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह गत चैंपियन और सबसे अधिक आठ बार एसीसी अंडर एशिया कप ट्रॉफी वाले देश के बीच मुकाबला होगा। मैच रविवार को सुबह सवा दस बजे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरु होगा जिसका सजीव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जायेगा। मौजूदा प्रतियोगिता में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में मिली हार को छोड़ दें तो भारत ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ कल का सेमीफाइनल मैच भी शामिल है, जहां उन्होंने 28 ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से आसानी से जीत हासिल की।

## नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंम्पियनशिप आज

लखनऊ, 7 दिसंबर। द्वितीय नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप-2024 का आयोजन आठ दिसंबर को लखनऊ में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में किया जाएगा। कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर, कैडेट और सीनियर श्रेणी में स्पर्धाएं होंगी। कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव शोभित पाण्डेय के अनुसार चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, ओडिशा, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की टीमों से 350 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ी 120 वर्गो की स्पर्धाओं में दांव पर लगे 120 स्वर्ण, 120 रजत व 240 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।


## राष्ट्रीय अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी : राजस्थान मजबूत स्थिति में

जयपुर, 7 दिसंबर। विजयवाड़ा में बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रिय अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में दूसरे दिन का स्कोर, राजस्थान पहली पारी 632/4 घोषित। टीम के लिए रजत बघेल 307, यथार्थ भारद्वाज 209, आराध्य अग्रवाल 36, शिफॉन खान नाबाद 32, राहुल 21 रनो का योगदान दिया। आज मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड पहली पारी 229/1

**राजस्थान-आसाम अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच, दूसरे दिन कार्तिक शर्मा, मो. अनस के शतक**

जयपुर में के एल सैनी स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - आसाम अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन राजस्थान के कप्तान कार्तिक शर्मा व मोह अनस के शतक की सहायता से मैच के दुसरे दिन राजस्थान ने पहली में विशाल स्कोर बनाते हुए मैच में टीम को मजबूत किया। राजस्थान पहली पारी 547/9 घोषित। आज मैच के दुसरे दिन राजस्थान टीम के कप्तान कार्तिक शर्मा ने सीनियर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अपने जबरदस्त प्रदर्शन को जारी रखते हुए शानदार आतिशी शतकीय पारी खेलते हुए व मोह अनस ने शतकीय पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। टीम के लिए पार्थ यादव 110, कार्तिक शर्मा 113, मो. अनस 149, अनितराज मंडिया 72 व जतिन 52 रनो का योगदान दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आसाम ने अपनी पहली पारी 93/4, राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह, निर्मल बिश्नोई, जतिन व आभास प्रत्येक 1-1 विकेट।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


// एडिलेड में भारत का टॉप ऑर्डर फेल //

# हैड के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हार के संकट में ढकेला



एडिलेड, 7 दिसंबर। ट्रैविस हेड (140) के शानदार शतक के बाद गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत को हार के संकट में ढकेल दिया है। भारत की पहली पारी के 180 रनों के जवाब में आस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बना कर भारत के खिलाफ 157 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल की। दिन के खेल के अंतिम सत्र में अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरे भारतीय दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद के प्रहार को झेलने में असफल रहे और अपने पांच विकेट महज 128 रन पर गंवा बैठे। भारत अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 29 रन दूर है।

स्टंप के समय ऋषभ पंत 28 और नीतिश कुमार रेड्डी 15 रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं। अपना बल्लेबाजी क्रम में बदलने वाले कप्तान रोहित शर्मा (6) का बल्ला दूसरी पारी में भी नहीं चला वहीं पहले टेस्ट में शतक लगा कर भारत की जीत आसान करने वाले विराट कोहली (11) भी नहीं चले। केएल राहुल महज सात रन पर चलते बने जबकि पहली पारी में खाता खोलने में विफल रहे यशस्वी जायसवाल 24 रन के निजी स्कोर पर बोलैंड का शिकार बने। आज गिरने वाले पांच विकेटों में दो दो विकेट पैट कमिंस और स्कोट बोलैंड ने बराबर बराबर बांटे वहीं मिचेल स्टार्क के हाथ शुभमन गिल (28) का विकेट लगा।

इससे पहले आस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 80 रन से आगे खेलना शुरु किया। अपने होम ग्राउंड पर ट्रैविस हेड का बल्ला आज भारतीय गेंदबाजों के सिर चढ़ कर बोली। अपने 31वें जन्मदिन से महज 21 दिन दूर हेड के आक्रामक अंदाज के मेजबान ही नहीं बल्कि भारतीय दर्शक भी कायल हो गये।

एक छोर को अंगद के पांव की तरह क्रीज को पकड़े हेड ने लगभग 100 के स्ट्राईक रेट से बेखौफ बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और अपने करियर का सांतवा शतक पूरा किया। मो सिराज की गेंद पर क्लीन बोल्ड आउट होने से पहले उन्होने 17 चौके और चार गगनचुंबी छक्के लगाये। आस्ट्रेलिया की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह और सिराज दोनों ने चार-चार विकेट लिए जबकि नीतिश कुमार रेड्डी और रविचंद्रन अश्विन को एक एक विकेट मिला।

## पिंक-बॉल टेस्ट के शीर्ष बल्लेबाजों के क्लब में शामिल हुये हेड

एडिलेड, 7 दिसंबर। ट्रैविस हेड ने शनिवार को यहां एडिलेड में शानदार पारी खेल कर दिन-रात्रि टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष रन बनाने वाले बल्लेबाजों में अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने इस प्रारूप में अपना तीसरा शतक जमाया है।

रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर मिड-विकेट पर फ्लिक मारकर हेड ने यह उपलब्धि हासिल की। इस मौके पर उनकी पत्नी और छोटा बच्चा हजारों दर्शकों के साथ स्टैंड से उनका अभिवादन कर रहे थे। शतक के बाद, हेड ने अपने बल्ले का हैंडल अपने हेलमेट पर रखा, जो उनका एक प्रतिष्ठित इशारा था।

एडिलेड में हेड के शतक ने ऑस्ट्रेलिया को पलटवार करने और मेहमान टीम को दवाब में रखने का बेहतरीन मौका दिया है। हेड ने इससे पहले भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किये हैं , जिसमें 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में उनका महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है।

एडिलेड ओवल में उनका रिकॉर्ड हमेशा मजबूत रहा है, और आज का शतक इस मैदान पर उनकी शानदार उपलब्धियों में इजाफा करता है। दिन-रात टेस्ट में, हेड का शतक उन्हें शीर्ष बल्लेबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखता है। इस समूह में सबसे आगे ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी मार्नस लाबुस्चगने हैं, जिन्होंने चार शतक बनाए हैं, जबकि हेड का नाम अब असद शफीक और दिमुथ करुणारत्ने के साथ जुड़ गया है, जिन्होंने दिन-रात टेस्ट में दो-दो शतक लगाए हैं।

# बुमराह ने एडिलेड में मचाया तूफान

## तोड़ा मोहम्मद शमी और जहीर खान का रिकॉर्ड



एडिलेड, 7 दिसम्बर। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में भी गर्दा उड़ाया है। पर्थ टेस्ट में 8 विकेट झटकने के बाद बुमराह ने एडिलेड में खेले जा रहे दूसरे मैच की पहली पारी में चार विकेट चटकाए। उन्होंने डे-नाइट टेस्ट में ओपनर उस्मान ख्वाजा (13), मैकस्वीनी (39), स्टीव स्मिथ (2) और पैट कमिंस को अपना शिकार बनाया। इस दौरान उन्होंने शमी और जहीर खान का खास रिकॉर्ड भी तोड़ा है। सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जसप्रीत बुमराह एशियाई गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह सेना यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया में 53 पारियों में 125 शिकार कर चुके हैं। भारत के धाकड़ पेसर शमी ने 123 विकेट लिए हैं। जिन्होंने 63 पारियों में ऐसा किया है।

बुमराह से आगे ईशांत शर्मा 130 विकेट के साथ हैं। भारत के पूर्व दिग्गज अनिल कुंबले 141 विकेट के साथ दूसरे और पाकिस्तान के पूर्व पेसर वसीम अकरम 146 विकेट के साथ टॉप पर काबिज हैं। वहीं बुमराह ने एक साल में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में जहीर खान को पछाड़ा है। बुमराह साल 2024 में अभी तक 53 विकेट ले चुके हैं। जहीर ने 2022 में 51 शिकार किए थे। इस फेहरिस्त में टॉप पर पूर्व कप्तान कपिल देव हैं। जिन्होंने 1983 में 75 और 1979 में 74 टेस्ट विकेट अपने नाम किए हैं।

# भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत के शॉट देखकर हर कोई हैरान



नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपनी शानदार विकेटकीपिंग के साथ-साथ दमदार बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं। पंत पर फॉर्मेट का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऋषभ पंत ने एडिलेड टेस्ट में आईपीएल वाला अंदाज दिखाया। भारत ने दूसरी पारी में 5 विकेट के नुकसान के साथ 128 रन बनाए।ऋषभ पंत कई बार अटपटे शॉट खेलते हैं। वे भारत की दूसरी पारी के दौरान नंबर पांच पर बैटिंग करने आए। पंत ने इस दौरान दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद 28 रन बनाए।

पंत ने 25 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके लगाए। उन्होंने इस पारी के दौरान ऐसा शॉट खेला कि नीचे की काफी ज्यादा बैंड हो गए। पंत की इस तस्वीर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने एक्स पर भी शेयर किया है। पंत इस तरह के शॉट खेलते हुए कई बार गिर भी चुके हैं। टीम इंडिया पहली पारी में महज 180 रन ही बना पाई थी और ऑलआउट हो गई थी। इस दौरान ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए थे। नीतिश रेड्डी ने 43 रन जरूर बनाए। जबकि जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 337 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया दूसरी पारी में 5 विकेट गंवा चुकी है। उसने 128 रन बनाए हैं।

## सऊदी अरब के रियाद में दिव्यकृति ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रेसाज प्रतियोगिता में भारत के लिये जीते रजत और कांस्य पदक



जयपुर, 7 दिसंबर। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन अवॉर्डी, जयपुर की दिव्यकृति सिंह, ने सऊदी अरब के रियाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ड्रेसाज प्रतियोगिता (सीडीआई) में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अन्य ओलंपिक राइडर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए दिव्यकृति सिंह ने भारत के लिए सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक जीते। ड्रेसाज में दो प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईः प्रिक्स सेंट जॉर्ज और इंटर 1 फ्रीस्टाइल टू म्यूज़िक। दिव्यकृति ने इंटर 1 फ्रीस्टाइल टू म्यूज़िक इवेंट में व्यक्तिगत रूप से सिल्वर पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले एक यूरोपीय राइडर को हराया। इसके बाद, उन्होंने प्रिक्स सेंट जॉर्ज टेस्ट में भारत के लिए ब्रॉन्ज पदक जीता। गौरतलब है कि दिव्यकृति ने दोनों प्रतियोगिताओं में करियर के सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किए। उन्होंने फ्री स्टाईल में 71 अंक और प्रिक्स सेंट जॉर्ज में 69.8 अंक प्राप्त किए। प्रिक्स सेंट जॉर्ज में उन्हें सिल्वर पदक से केवल 0.05 अंक से चूक गईं।

रियाद में आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल एक्वेस्ट्रियन (एफईआई) द्वारा किया गया था, और इसमें विश्व भर के शीर्ष इक्कीस राइडरों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता सऊदी अरब के सम्राट, हिज रॉयल हाईनेस किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद के संरक्षण में आयोजित की गई थी।

## लोकेश और रक्षित सिंह ने रचा इतिहास



जयपुर, 7 दिसम्बर। राजस्थान के लोकेश गुर्जर और रक्षित सिंह मेहरा ने महाराष्ट्र के ठाणे में चल रही मिनी अंडर-11 नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का युगल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। राजस्थान की जोड़ी ने पहली बार यह सफलता हासिल की हैं। टीम के कोच एवं मैनेजर अखिल माथुर ने बताया कि लोकेश गुर्जर और रक्षित सिंह मेहरा ने फाइनल में उत्तराखण्ड के सार्थक जोशी और पूरब कार्का को सीधे गेमों में हराया। लोकेश और रक्षित ने 21-18, 21-16 से खिताबी मुकाबला जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। झुंझुनू बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष दिलीप मोदी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वेलिंगटन में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड की हालत पतली



वेलिंगटन, 7 दिसंबर। धारदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दूसरे दिन शनिवार को अपना शिकंजा कस लिया है।

गस ऐटकिंसन (31 रन पर चार विकेट) और ब्राइडन कार्स (46 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने मेजबान टीम को 125 रनों पर समेट दिया। बाद में बेन डकेट (92),जेकब बेथेल (96),जो रुट (73 नाबाद) और हैरी ब्रूक (55) की शानदार पारी की मदद से पांच विकेट पर 378 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। इंग्लैंड ने पहली पारी के 280 रन बनाये थे। इस तरह इंग्लैंड की कुल बढ़त 533 रन की हो चुकी है। अनुभवी केन विलियम्सन (37) ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक स्कोर बनाया। कीवी टीम के चार सदस्य शून्य के स्कोर पर आउट हुये वहीं रचिन रविंद्र (3) और डैरिल मिचेल छह रन बना कर आउट हुये।

## एशिया कप से जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और उसकी निगाहें अपना खिताब बचाने के साथ अगले साल के जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की होगी। सात से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट चिली में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। कोच तुषार खांडेकर के मार्गदर्शन में भारत की अगुआई ज्योति सिंह करेंगी जबकि साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था।

# 125 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, यूएस महिला खिलाड़ी बैथ गर्ली भी टूर्नामेंट की हिस्सा होगी

## रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट 2024 का 10 से 15 तक आयोजन



जयपुर, 7 दिसंबर। रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट 2024, एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टेनिस आयोजन, 10 से 15 दिसंबर तक जयपुर क्लब में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष के टूर्नामेंट में भारत और विदेशों से 125 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें प्रसिद्ध आईटीएफ रैंकिंग वाले कई खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु समूहों में मुकाबले होंगे, जिसमें 110 पुरुष खिलाड़ी से 75 तक की श्रेणियों में और 15 महिला खिलाड़ी 35 और 45 की श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह जानकारी रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन और आयोजन समिति के सदस्य श्री सुरेंद्र गोलछा ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

इस अवसर पर रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी, सुधीर माथुर ने कहा कि यह टूर्नामेंट स्वर्गीय रघु सिन्हा की लिगेसी के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है, जो एक प्रतिष्ठित समाजसेवी, आध्यात्मिक विचारक और टेनिस खेल के प्रति गहरी श्रद्धा रखने वाले व्यक्ति थे। जयपुर में इस खेल को बढ़ावा देने के उनके अटूट प्रयासों, जिसमें चार दशकों पहले बिरला हाउस में टेनिस कोर्ट्स का निर्माण भी शामिल है, ने शहर की खेल संस्कृति पर एक अमिट और स्थायी प्रभाव छोड़ा है। इस टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 2 लाख रुपये रखी गई है, साथ ही एकल और युगल श्रेणियों में विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफियां भी दी जाएंगी।

पुरुष एकल के विजेताओं को 8,000 रुपये, जबकि उप विजेताओं को 5,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे, वहीं महिला एकल विजेताओं और उप विजेताओं को क्रमशः 5,000 रुपये और 3,000 रुपये दिए जाएंगे। युगल श्रेणियों के लिए भी पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिसमें पुरुष युगल विजेताओं को 4,000 रुपये और उप विजेताओं को 2,500 रुपये मिलेंगे, जबकि महिला युगल विजेताओं और उप विजेताओं को क्रमशः 2,500 रुपये और 1,500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर टूर्नामेंट का पोस्टर सुरेंद्र गोलछा, सुधीर माथुर, प्रदीप जैन और ललित सिंह द्वारा लॉन्च किया गया।


**आम सूचना**-- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्री बालाजी नगर हरसोली के प्लॉट न. 27, 37, 41, 47, 49 अनिल कुमार पुत्र श्री कमल सिंह के नाम से आवंटित हैं, व प्लॉट न. 28, 29, 31, 34, 35, 38, 39, 40 कमल सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह के नाम से आवंटित हैं, व 32, 33 विनोद कुमारी W/O सुमेर सिंह नाम से आवंटित हैं। अन्य कॉलोनी जानकी विहार रामगढ़ा में प्लॉट न. 25 व A-44 अनिल कुमार पुत्र श्री कमल सिंह के नाम से आवंटित हैं। उपर्युक्त भूखंडों के सभी आवंटन पत्र गुम होना बताया गया हैं। और समिति में डुप्लीकेट आवंटन पत्रों के लिए आवंटन किया हैं। किसी व्यक्ति या संस्था (रहन, विक्रय, बख्शिस) को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो, 15 दिवस में समिति कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। अन्यथा आवेदकों के पक्ष में डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिए जायेंगे व इसके बाद कोई आपत्ति करेगा, तो वह अमान्य होगी व पूर्व में जारी आवंटन पत्र स्वतः ही निरस्त माने जाएंगे।
सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लि.

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त- तृतीय, राजस्थान आवासन मंडल, जवाहर सर्किल जयपुर**
जे.एल.एन मार्ग, जवाहर सर्किल के पास जयपुर 0141-4901853
क्रमांक: 4874 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 06.12.2024
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-1/1317 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री कैलाश चन्द्र चौपड़ा पुत्र श्री रोशन लाल चौपड़ा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9662 दिनांक 12.02.1982 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 03/07/1993 को करवाया गया। श्री कैलाश चन्द्र चौपड़ा की मृत्यु दिनांक 17/05/2020 को जाने के कारण श्री गौरव चौपड़ा पुत्र स्व.श्री कैलाश चन्द चौपड़ा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री गौरव चौपड़ा पुत्र स्व. श्री कैलाश चन्द चौपड़ा के नाम से उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
संपदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मंडल, वृत- तृतीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण व हर-खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण नन्द किशोर शर्मा पुत्र श्रीनारायण शर्मा एवं श्रीमति विजय लक्ष्मीं शर्मा धर्मपत्नि श्री नन्द किशोर शर्मा जाति-ब्राह्मण, निवासी-वार्ड नं0 5, मकान संख्या 5, गगन सिनेमा के पीछे, पुराना फुलेरा, तहसील-फुलेरा, जिला-जयपुर ग्रामीण प्रांत राजस्थान के पुत्र सुनील शर्मा एवं उसकी पत्नि श्रीमति दमयन्ति उर्फ आशा दोनों हमेशा मेरे अभिभाष्यगण से लड़ाई झगड़ा गाली गलौच करते रहते है, इनसे विपरीत दोनों नें अपनी मर्जी से विवाह किया था, इसलिये ये दोनों इन दोनों के आचरण और गलत आदतों से दुःखी होकर इनको समस्त चल अचल संपत्तियों जायदाद मकान व अपनी असल जिन्दगी से सर्वथा अलग करते है, भविष्य में अभिभाष्यगण का इन दोनों से आज के बाद कोई लेन देन या व्यवहार नहीं रहेगा, कानूनी कार्यवाही से अलग से कर रहे है, जो कोई व्यक्ति या संस्था इनसे संव्यवहार करती है वो स्वयं ही दोषी होगी। सूचित रहें।
निशान्त शर्मा, एडवोकेट, मो.9828154331

**शिक्षक की आवश्यकता है:**
केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षा की केंद्रीय योजना के अन्तर्गत विद्यालय में आधुनिक विषय शिक्षक की आवश्यकता है।
पद-01, मानदेय-20000/- प्रतिमाह, योग्यता- राज्य सरकार/ यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित को वरियता, अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र मय सम्पूर्ण शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ दिनाँक18.12.2024 तक विद्यालय समय में 3.00 बजे तक व्यक्तिगत/ डाक द्वारा प्रस्तुत/ प्रेषित कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।
सचिव,
मानव भारती प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय
सी.टी.एस.बस स्टैंड के पास सांगानेर, जयपुर राजस्थान- 302029

**खोया पाया**

मेरे फ्लैट संख्या 117/20 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा एवं डिक्लरेशन पत्र कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9414312138

मेरा आबादी प्लाट ग्राम कुन्दनपुरा उर्फ जयपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर का पंचायत पट्टा कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। मो.नं.9309357093

मेरी व्यवसायिक शॉप नंबर-5 इंडिया गेट टोंक रोड जयपुर सुखपुरिया गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना सुखपुरिया का जेडीए पट्टा ,स्टांप पेपर और साइट प्लान सांगानेर जयपुर में कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें- अनीता गुर्जर मोबाइल नंबर - 6367287627

मेरे फ्लैट संख्या 117/19 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा एवं डिक्लरेशन पत्र कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9414312138

**नाम परिवर्तन**

मैं डागुर यश पाल सिंह पुत्र श्री किशन सिंह पता-फ्लैट नंबर 4134-ए, रंगोली गार्डन वैशाली नगर, पांच्यावाला जयपुर राजस्थान 302034, मैंने अपना नाम डागुर यश पाल सिंह से बदलकर यश पाल सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

मैं जतन कुमारी राठौर पत्नी श्री दिग्विजय सिंह 108 जगदंबा कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर 302021, मैंने अपना नाम जतन कुमारी राठौर से बदलकर जतन कुमारी रख लिया है। भविष्य में मुझे जतन कुमारी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

मैं, डागुर सरोज पत्नी श्री यश पाल सिंह पता-फ्लैट नंबर 4134-ए, रंगोली गार्डन वैशाली नगर, पांच्यावाला जयपुर राजस्थान 302034, मैंने अपना नाम डागुर सरोज से बदलकर सरोज सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

मैं आर्मी नं. 3017741W L/NK VIKRAM SINGH KHATANA OF UNIT 2 RAJPUT (10 RR RAJPUT) मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरी माता का नाम SHUKANTALA DEVI एवं DOB 15/05/1973 है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही नाम SAKUNTLA DEVI DOB एवं 01/07/1971 है।

**Rajasthan Grameen Aajeevika Vikas Parishad (Rajeevika)**
**District Project Management Unit (DPMU)**
**Choupal Grameen Prashikshan Sansthan, Badodiya**
**Basti Near Railway Station, Jaipur**
**Phone No .- 0141-2209370**

**No. DPMU/Acct./Raj Sakhi Mela/2024/670 Date: 07-12-2024**
**Notice Inviting E-Bid**
DPMU Rajeevika, Jaipur invites online E-Bids from eligible bidders for Artisans Stay and Other Arrangement for RASTRIYA RAJ SAKHI MELA-2024. For details please visit website http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in and Pre bid conference shall be held on 09.12.2024 (11.00AM) in the office of DPMU, Rajeevika, choupal Bhawan, Jaipur. Last date for submission of e-bids is 10.12.2024 upto 11:00 AM. E-Bid Approx Value is 30.00 Lacs.
**UBN No.: RGA2425SLOB00167**
**District Project Manager**
**Rajeevika, Jaipur**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, देशी विदेशी मेहमानों तथा गणमान्य अतिथियों की अगुवाई के लिए सजे संवरे जयपुर की खूबसूरत छटा देखते ही बनती है। 9 दिसंबर से शुरू होने वाले राइज़िग राजस्थान समिट 2024 के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है।

# प्रधानमंत्री के उद्घाटन से कल शुरू होगा राइज़िंग राजस्थान समिट

## मुख्यमंत्री भजनलाल के आमंत्रण पर उद्योगपति, प्रवासी राजस्थानी, विदेशी प्रतिनिधि व निवेशक बड़ी संख्या में आयेंगे

- उद्घाटन सत्र में कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल, गौतम अडानी, आनन्द महिन्द्रा, संजीव पुरी, अजय श्रीराम आदि प्रमुख उद्योगपति भाग लेंगे।
- तीन दिवसीय समिट में 32 देशों के प्रतिनिधि, 5000 से अधिक निवेशक, व्यापार जगत के अधिकारी व डैलिगेट्स शामिल होंगे।

जयपुर, 7 दिसंबर। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयपुर में "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024" का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इन्वेस्टमेंट समिट के मुख्य अतिथि हैं और उद्घाटन के बाद वे कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, 5000 से अधिक निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के अधिकारी, डेलीगेट्स और अन्य प्रतिभागी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत भाषण से होगी, जिसमें वे राज्य के विकास के लिए किए जा रहे कामों, राज्य सरकार का एजेंडा और अगले 5 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में चर्चा कर सकते हैं।

उद्घाटन सत्र में कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल, गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा, संजीव पुरी, अजय एस. श्रीराम जैसे शीर्ष उद्योगपति और जापान के राजदूत केइची ओएनओ सहित, कई व्यापारिक समूहों के शीर्ष अधिकारी और राजनयिक भी शामिल होने जा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में कुछ प्रतिष्ठित उद्योगपति अपने विचार साझा करेंगे। समिट में 32 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जिनमें 17 देशों की भागीदारी "पार्टनर कंट्री" के रूप में होने जा रही है। तीन दिवसीय इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान प्रतिभागी देशों और राजस्थान के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कुल 8 देशों के लिए कंट्री सैशन्स और राउंडटेबल का आयोजन भी किया जा रहा है। भाग लेने वाले 34 देशों में, 17 देश इन्वेस्टमेंट समिट के 'पार्टनर कंट्री' हैं, जिनमें डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, स्पेन, क्यूबा, वेनेजुएला, मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका, नेपाल, ओमान, पोलैंड और थाईलैंड शामिल हैं। बाकी देश, जो विभिन्न क्षमताओं में इस इन्वेस्टमेंट समिट में भाग ले रहे हैं, उनमें अमेरिका, यू.के., जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मिस्त्र, फिनलैंड, रूस, सेशेल्स, चाड, इक्वाडोर, घाना, इराक, मेडागास्कर, पैराग्वे और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

इन्वेस्टमेंट समिट के मुख्य आकर्षणों में, उद्घाटन और "कंट्री सेशन्स" के अलावा, प्रवासी राजस्थानी कॉनक्लेव, एम.एस.एम.ई. कॉन्क्लेव और 12 क्षेत्रों के लिए थीमैटिक सत्र शामिल हैं। राजस्थानी कॉन्क्लेव का उद्देश्य दुनिया भर में फैले हुए प्रवासी राजस्थानी को एक मंच पर लाना और उनके बीच आपसी सहयोग और राजस्थानी होने की भावना को बढ़ावा देना है। एम.एस.एम.ई. कॉन्क्लेव में एम.एस.एम.ई. उद्यमी, निवेशक, दुनिया के कई विशेषज्ञ, उद्योग और व्यापार जगत के शीर्ष अधिकारी, केंद्र और राजस्थान सरकार के अधिकारी वगैरह शामिल होंगे।

## हूडा के माथे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनका सोचना गलत था। इस बीच, के.पी. सिंह, जो हरियाणा के सबसे बड़े जमींदार हैं, अब भाजपा के साथ हो गये हैं, क्योंकि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिये भाजपा के प्रति काफी उदार रख अपना लिया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण कारक, जिसने हरियाणा में सत्तासीन पार्टी की मदद की थी, यह था कि मुख्यमंत्री सैनी ने ओ.बी.सी. मतदाताओं को एकजुट कर लिया था तथा आर.एस.एस. ने मोदी से कह दिया था कि वे थोड़ा शान्त रहें। अधिकांश भाजपा उम्मीदवारों के पोस्टरों पर मोदी की तस्वीर बहुत कम दिखाई दी। (इसी स्थिति की पुनरावृत्ति महाराष्ट्र में की गई।)

चुनाव से ठीक पहले, गुरमीत राम रहीम को पैरोल पर रिहा किये जाने से भी भाजपा को मदद मिली थी। उसका जेलर अब चरखी दादरी से विधायक है। तथा इसके अलावा, इसे एक संयोग ही कहा जायेगा कि भाजपा उन सभी सीटों पर विजयी रही, जहाँ ई.वी.एम. बैटरियों में 99 प्रतिशत चार्ज था।

कांग्रेस और भाजपा के वोट - शेयर में मामूली सा ही, 1 प्रतिशत से भी कम, अन्तर था। ज्यादातर लोगों, जिनमें भाजपा -समर्थक चुनाव विश्लेषक भी शामिल हैं, ने सोचा था कि कांग्रेस जीतेगी। लेकिन ऐसा सोचना गलत सिद्ध हुआ।

# 12 दिसंबर को सुप्रीम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हिन्दू याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि उक्त याचिकाओं से देश भर की अनगिनत मस्जिदों के विरुद्ध मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी, 1991 के कानून के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का विरोध करते हुए शीर्ष अदालत पहुँचा है।

जानवापी मस्जिद का प्रबंधन देखने वाली, कमेटी ऑफ मैनेजमैंट अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है और 1991 के कानून को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। अधिनियम को चुनौती देने वाली एक याचिका में कहा गया है कि "अधिनियम में भगवान राम के जन्मस्थान को शामिल नहीं किया गया है, लेकिन भगवान कृष्ण के जन्मस्थान को शामिल किया गया है, जबकि, दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार है, जो विश्वभर में पूजे जाते हैं।

याचिकाएं यह कहते हुए, 1991 अधिनियम के सैक्शन 2, 3 और 4 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देती हैं कि ये धर्मनिरपेक्षता तथा कानून के शासन के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं, जो कि संविधान की मूल संरचना तथा प्रस्तावना का अभिन्न अंग है।

याचिका में आगे कहा गया कि यह अधिनियम, सांस्कृतिक विरासत से जुड़े अपने पूजा स्थल तथा तीर्थस्थलों को वापस लेने के, हिन्दुओं, जैनों, बौद्धों तथा सिखों के अधिकारों को खत्म करता है, जबकि, वक्फ बोर्ड एक्ट के सैक्शन 107 के तहत, मुसलमानों को ये अधिकार प्राप्त हैं।

जनहित याचिकाओं में कहा गया है कि केन्द्र सरकार ने मनमाने तरीके से पूर्व प्रभावी कट ऑफ तारीख तय कर दी और घोषित किया कि पूजास्थलों व तीर्थों का वही स्वरुप कायम रखा जाए, जो 15 अगस्त 1947 को था और आक्रमणकारियों के हमले से तीर्थों पर किए गए कब्जे के खिलाफ कोर्ट में कोई केस नहीं दायर होना चाहिए, ऐसे मामलों में कमी आनी चाहिए।

## ग्रामीण विकास...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गत 28 मार्च को 1.70 लाख रुपए का अवार्ड जारी किया था। याचिका में बताया गया कि लोकपाल की ओर से जारी अवार्ड को पंचायती राज विभाग की संशोधित गाइडलाइन, 2023 के तहत गठित तीन सदस्यीय अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी जाती है। राज्य सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी करने के बावजूद, विभाग ने अभी तक अपीलीय अधिकरण का गठन नहीं किया है, जिसके चलते हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी है। इस पर अदालत ने प्रमुख सचिव को तत्काल कमेटी गठित करने और अगले दस दिन में इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है।

## संविदाकर्मी की नियुक्ति...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने आदेश संजू की अपील पर दिए। अपील में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अधिकरण को बताया कि अपीलार्थी हनुमानगढ़ में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अंग्रेजी विषय के द्वितीय श्रेणी शिक्षक पद पर तैनात है। उसका साक्षात्कार के जरिए चयन कर 8 सितंबर, 2022 को नियमित नियुक्ति हुई है। इसके बावजूद, गत 11 सितंबर को एक संविदाकर्मी को एक साल के लिए इस स्कूल में नियुक्त किया गया और अपीलार्थी को सरप्लस घोषित कर दिया। वहीं, बाद में उसका दूसरी स्कूल में तबादला भी किया गया। अपील में कहा गया कि संविदाकर्मी को नियुक्त कर नियमित कर्मचारी को सरप्लस घोषित नहीं किया जा सकता। ऐसे में उसे सरप्लस घोषित करने और तबादला आदेश को रद्द किया जाए।

## महिला...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गया, जिसमें उन अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनके पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में दस साल का अनुभव नहीं था। वहीं, चयन प्रक्रिया में विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को भी तय आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। वहीं, ऐसे कई अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, जिन्होंने लिखित परीक्षा ही पास नहीं की थी।

# 'इण्डिया गठबंधन ठीक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजीव गांधी के उस समर्थन और सहयोग का लाभ उठाया। उसके बाद, उन्होंने कांग्रेस से केवल ऊपरी एवं औपचारिक संबंध रखे तथा सही समय पर उन्होंने बंगाल में पार्टी को तोड़कर, अपनी तृणमूल कांग्रेस बना ली। सोनिया गांधी के प्रति तो उनकी श्रद्धा थी, लेकिन उनके बेटे राहुल गांधी के प्रति तो वे हमेशा आक्रोश और कटुता से भरी रहीं।

उन्होंने विभिन्न अवसरों पर, राहुल को एक "प्रवासी पक्षी" बताया तथा उन्हें एक ऐसा व्यक्ति माना है जिसकी कोई राजनैतिक पहचान एवं अस्मिता नहीं है। प्रियंका गांधी के लिए भी उनके पास कभी अच्छे शब्द नहीं रहे। और उन्होंने अपने अकेले के दम पर, बंगाल से कांग्रेस का पूरी तरह सफाया कर दिया है। आज वहां कांग्रेस की कोई राजनैतिक मौजूदगी नहीं है।

इस परिस्थितियों में, उनके राष्ट्रीय भूमिका में आने को लेकर, कांग्रेस का अस्वीकृति का रुख होना स्वाभाविक ही है। लेकिन कांग्रेस के पास यह दमदार बिन्दु जरूर है कि ममता बनर्जी बंगाल से बाहर अपनी उपस्थिति तक दर्ज कराने में बुरी तरह असफल रही है। चुनावों की सतत श्रृंखला के बावजूद, किसी भी राज्य विधानसभा तथा संसदीय चुनावों में बंगाल के अलावा, कहीं भी वे एक भी सीट नहीं जीत सकी हैं। देश में अन्य किसी भी जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में असफल रहने के कारण ही, चुनाव आयोग ने उनकी तृणमूल कांग्रेस का स्तर घटाकर, उसे एक क्षेत्रीय दल के स्तर पर ला दिया है।

बंगाल से बाहर, किसी भी स्थान पर एक भी सीट नहीं जीत सकने वाली ममता बनर्जी अब भी राष्ट्रीय नेता बनने की आशा संजोये हुए हैं क्योंकि भारत में एक अनोखे प्रधानमंत्रियों के भी उदारण हैं, जिनकी एच. डी. देवेगौड़ा तथा इन्द्रकुमार गुजराल, जिनकी राष्ट्रीय नेता के रूप में कोई पहचान नहीं थी।

लेकिन राजनीति में कुछ भी संभव है। खैर जो भी हो इंसान उम्मीदें तो पाल ही सकता है। उम्मीदें हमेशा मन में बनी रहती हैं।

# समाजवादी पार्टी ने महा विकास अघाड़ी छोडी

- प्रदेश अध्यक्ष अबू आज़मी ने कहा, उद्धव ठाकरे हारने के बाद हिन्दुत्व के एजेन्डा पर चल रहे हैं।

मुंबई, 07 दिसम्बर। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) को तगड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी ने एम.वी.ए. से बाहर होने का फैसला किया है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने इस संबंध में बड़ा ऐलान किया है। अबू आज़मी ने कहा कि हम महा विकास आघाड़ी से बाहर हो गये हैं। एम.वी.ए. में हमारा अपमान हुआ, वह भी हमने सहा। लेकिन उद्धव ठाकरे चुनाव हारने के बाद अब हिंदुत्व का एजेंडा लेकर चल रहे हैं। छह दिसंबर बाबरी डिमोलिशन बरसी का जश्न मनाते हैं। हम यह बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम एम.वी.ए. में नहीं रह सकते। अखिलेश यादव भी मेरी बात से सहमत होंगे।

इससे पहलेत्र शुक्रवार को शिवसेना नेता एवं उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें बाल ठाकरे, उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे के साथ-साथ उनकी खुद की तस्वीरें भी थीं। पोस्ट में बालासाहेब के उस बयान का हवाला दिया गया है जिसमें उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस के लिए कार सेवकों की प्रशंसा की थी, जिसमें कहा गया था, जिन्होंने यह किया, मुझे उन पर गर्व है। इस पोस्ट के परिप्रेक्ष्य में, राजनीति के गलियारों में यह अटकलें लगनी शुरू हो गयीं कि क्या शिवसेना (यू.बी.टी.) सत्तारुढ़ भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है और अपने कट्टर हिंदुत्व रुख पर वापस जा सकती है।

## 5 साल की पोती...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर अभियुक्त के बेटे की पत्नी ने गत 21 मार्च को मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसका ससुर नशा करने का आदी है। वह उसकी पांच साल की बेटी से कई बार दुष्कर्म कर चुका है। बीते दिन भी अभियुक्त ने मौका पाकर पीडिता से दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने अभियुक्त को 26 मार्च को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने भी अपने बयानों में घटना को दोहराया। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसकी गांव में जमीन है, जिसे पीड़िता की मां अपने नाम कराने के लिए दबाव डाल रही थी। जब उसने ऐसा नहीं तो उस पर दुष्कर्म का आरोप लगा दिया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाई है।

# पहली बार विद्याधर नगर में लैपर्ड घुसा, दहशत फैली

## पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग उसे ट्रैंकुलाइज़ कर सका

जयपुर, 7 दिसम्बर। राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में शनिवार दोपहर को एक लैपर्ड जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच गया और गार्डन से निकलकर कभी अपार्टमेंट तो कभी सड़क पर दौड़ता रहा। इस बीच लैपर्ड ने 2 लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। उसके मूवमेंट के कारण करीब 5 घंटे तक पूरे क्षेत्र में दहशत रही, आखिरकार, कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने शाम 5:22 बजे लैपर्ड को ट्रैंकुलाइज कर लिया।

डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (डी.सी.एफ.) जगदीश गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर में लैपर्ड के मूवमेंट की जानकारी मिली थी। लैपर्ड सरकारी गेस्ट हाउस और सी.पी.डब्ल्यु.डी. गार्डन में पौधों के पीछे दिखाई दिया। वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो लैपर्ड सड़क पर दौड़ता हुआ नजर आया। इस दौरान लेपर्ड ने दो लोगों पर भी हमला कर दिया, जिससे वे जख्मी हो गए। लोगों की भीड़ ज्यादा होने की वजह से लैपर्ड इधर से उधर दौड़ लगाता रहा। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। भीड़ को मौके से दूर हटाने का प्रयास किया गया।

वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉक्टर अरविंद माथुर के अनुसार, वन विभाग की टीम ने करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लैपर्ड को ट्रेंकुलाइज करके रेस्क्यू किया।

गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर इलाके से नाहरगढ़ वन क्षेत्र का काफी हिस्सा जुड़ा हुआ है। ऐसे में भोजन या पानी की तलाश में निकले लैपर्ड का मूवमेंट इस क्षेत्र में हो सकता है। ज्ञातव्य है कि जयपुर के झालाना और आमागढ़ में लैपर्ड रिजर्व होने की वजह से बड़ी संख्या में लैपर्ड का मूवमेंट रहता है। इससे पहले वह जयसिंहपुरा खोर में मानबाग और जगतपुरा की आशियाना ग्रीनवुड सोसायटी में नज़र आया था। जमवारामगढ़ इलाके में लैपर्ड ने एक मासूम बच्चे को मौत के घाट उतार दिया था।

जयपुर में पिछले कुछ वक्त से लैपर्ड की संख्या लगातार बढ़ रही है। झालाना, आमागढ़ और नाहरगढ़ सफारी में लगभग 75 लैपर्ड रह रहे हैं। इनमें सबसे अधिक, लगभग 45 लैपर्ड, झालाना में हैं। वहीं, 20 से ज्यादा लैपर्ड आमागढ़ के जंगलों में हैं। जयपुर देश का पहला ऐसा शहर है, जहां 2 लैपर्ड सफारी, एक लायन सफारी, एक टाइगर और एक एलिफेंट सफारी है।



जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में लैपर्ड आने से करीब 5 घंटे दहशत रही। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने शाम 5:22 बजे ट्रैंकुलाइज कर लिया।

- लैपर्ड मकान की छत पर, सी.पी.डब्ल्यु.डी. गार्डन के पीछे तथा सड़क पर दौड़ता हुआ नजर आया।
- नाहरगढ़ वन क्षेत्र विद्याधर नगर से जुड़ा होने के कारण, यह माना जा रहा है कि लैपर्ड भोजन या पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में आया होगा।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908